आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 28 जून 2024
वर्ष 5, अंक 94, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जीत के लिए हर खिलाड़ी के देना होगा योगदान 15

अक्षय की सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज 16

एक जुलाई को दंड की जगह लेगी न्याय संहिता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तारीख-पे-तारीख की बात अब खत्म, तीन वर्ष में मिलेगा न्याय : डीजीपी

अमृत विचार : एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से चलेगी। यह बातें डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में कही।

डीजीपी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के 25 दिसंबर 2023 को कानून बनने के साथ साथ भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है। कानूनों के लागू होने के बाद पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी। भारत आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। यह कानून तारीख-पे-तारीख के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का परिणाम गुरुवार 27 जून को घोषित कर दिया गया।

इस परीक्षा का आयोजन 13 जून से 18 जून तक राज्य के 75 जनपदों में 207 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। यह परीक्षाएं प्रतिदिन तीन पालियों में आयोजित की गईं। इस वर्ष परीक्षा के लिए कुल 4,12,759 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 3,04,382 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 3,04,329 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। परीक्षा का परिणाम प्राविधिक शिक्षा परिषद की अधिशासी समिति के अनुमोदन के बाद घोषित किया गया है।

1510 करोड़ से तैयार होगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी

बोनी कपूर की कंपनी और यीडा के बीच फिल्म सिटी को लेकर हुआ समझौता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नोएडा में फिल्म सिटी को लेकर समझौते के दौरान बोनी कपूर व अन्य। ● एजेंसी

- 8 साल में पूरा होगा प्रोजेक्ट 230 एकड़ में विकसित होगी फिल्म फैसिलिटी, अन्य सुविधा
- फिल्म फैसिलिटीज और इंस्टीट्यूट के लिए 3 साल या 1095 दिन का लक्ष्य

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में 1510 करोड़ की लागत से 230 एकड़ क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी को स्थापित करने का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली कंपनी और सरकार के बीच हुए समझौते के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट आकार लेने लगेगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट (रियायत समझौता) पर हस्ताक्षर किया गया।

यह समझौता प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच किया गया। यीडा ऑफिस नोयडा में इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी मौजूद रहे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 साल में तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपये का खर्च होना है। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ और तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फिल्म निर्माता बोनी कपूर के मुताबिक, फिल्म सिटी को लेकर लेकर हमारी तैयारी समझौता हस्ताक्षर से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही लंदन जाकर स्टूडियोज की नई टेक्नोलॉजी देखी है जिसे उपयोग किया जाएगा।

वर्ल्ड क्लास होगी फिल्म सिटी

उप्र. में बन रही यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह वर्ल्ड क्लास होगी। ऐसे में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए एक्सेस का पूरा ध्यान रखा जाएगा। फिल्म सिटी में बड़े-बड़े सेट लगाने के लिए बड़ी गाड़ियों का आवागमन होगा, इसको देखते हुए यमुना अथॉरिटी ने 75 मीटर इंटरलिंक लेन बनाने का निर्णय लिया है।

एक नजर

आडवाणी को एम्स से मिली छुट्टी



नई दिल्ली। पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार को दिल्ली एम्स से छुट्टी मिल गई। उन्हें बुधवार देर रात तबीयत खराब होने पर एम्स में भर्ती किया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि भाजपा के दिग्गज नेता की हालत स्थिर है। आडवाणी को जांच के बाद अपराह्न एक बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आडवाणी (96) के पेशाब में संक्रमण की शिकायत के बाद उन्हें कल शाम छह बजे जांच के लिए एम्स ले जाया गया और रात करीब 11 बजे उन्हें यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया।

माओवादियों के परिसरों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गुरुवार को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के संदिग्धों और समर्थकों के परिसरों पर छापे मारे। चार स्थानों पर छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, दस्तावेज और पत्र समेत कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गईं। एनआईए ने यह कार्रवाई तीन नक्सल समर्थकों की गिरफ्तारी के बाद की, जो भाकपा (माओवादी) के लिए संदेशवाहक के रूप में काम कर रहे थे। तीनों को पश्चिमी सिंहभूम जिले के बेरा केंदुड़ा में स्थित स्कूल से पकड़ा गया था और उनके पास से एक आपत्तिजनक पत्र मिला था, जिसके बाद एनआईए ने जिले के अन्य नक्सल समर्थकों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन निरस्त

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन गुरुवार को निरस्त कर दिया गया जिसके साथ ही करीब एक वर्ष के बाद उनकी सदस्यता बहाल हो गई। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद बुलाए गए संसद सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संजय सिंह को गत 24 जुलाई को अमर्यादित व्यवहार के लिए उच्च सदन की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था लेकिन सिंह पर्याप्त सजा भुगत चुके हैं इसलिए वह सभापति के नाते अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सिंह के निलंबन को निरस्त कर उनकी सदस्यता को बहाल कर रहे हैं।

लोकतंत्र, समाज को विघटनकारी ताकतों से बड़ा खतरा : द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति का अभिभाषण : भर्ती और परीक्षाओं में शुचिता-पारदर्शिता पर जोर

- आपातकाल को बताया लोकतंत्र पर हमला और संविधान का काला अध्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा चुनाव के नतीजों को मोदी सरकार की दस वर्षों की सेवा एवं सुशासन का परिणाम बताया। उन्होंने देश-विदेश में सक्रिय कुछ विघटनकारी ताकतों द्वारा प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग करके देश में लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज को तोड़ने के प्रयासों को लेकर देशवासियों को सचेत किया है।

राष्ट्रपति ने आगाह किया कि ऐसी ताकतें अफवाह फैला कर जनता को भ्रमित करने के लिए आधुनिक संचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही हैं और इससे निपटने के लिए भारत एक वैश्विक व्यवस्था बनाए का पक्षधर है। मुर्मु ने सरकारी भर्ती और परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उपाय खोजे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हाल में कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को सख्त सजा दिए जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार संविधान को न केवल राजकाज चलाने का माध्यम बल्कि जनचेतना का हिस्सा मानती है और इसीलिए इस सरकार ने हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का भी फैसला किया है। कहा कि संविधान पर कई बार हमले हुए हैं लेकिन 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल इस पर सबसे बड़ा हमला तथा लोकतंत्र का काला अध्याय था। तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाया क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के गठन के बाद बुलाए गए संसद सत्र के चौथे दिन गुरुवार को यहां दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में मोदी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया और सामाजिक , आर्थिक और विदेश नीति तथा रक्षा के क्षेत्र में प्रगति के नए आयामों का खाका खींचा।

उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों को जीत के लिए बधाई दी और उन्हें इस अवसर का इस्तेमाल देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए करने को कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि आज के समय में प्रौद्योगिकी हर दिन और उन्नत हो रही है। ऐसे में मानवता के विरुद्ध इनका गलत उपयोग बहुत घातक है। भारत ने विश्व मंच पर भी इन चिंताओं को प्रकट किया है और एक ग्लोबल फ्रेमवर्क की वकालत की है। हम सभी का दायित्व है कि इस प्रवृत्ति को रोकें।

भविष्योन्मुख होगा आम बजट, सुधारों पर रहेगा जोर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि नवगठित नरेन्द्र मोदी सरकार का पहला आम बजट भविष्योन्मुख और सुधारों को आगे बढ़ाने वाला होगा तथा इसमें कई ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे जो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर ले जाएंगे। मुर्मू ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है।

70 वर्ष से अधिक उम्र वालों को भी मिलेगा मुफ्त इलाज

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है। 55 करोड़ को इस योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं भी सरकार उपलब्ध करवा रही है।

सेंसेक्स पहली बार 79,000 के पार

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा और सेंसेक्स पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं निफ्टी ने भी पहली बार ऐतिहासिक 24,000 अंक का शिखर छुआ। इन्फोसिस, रिलायंस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 568.93 अंक यानी 0.72 प्रतिशत चढ़कर 79,243.18 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 721.78 अंक बढ़कर 79,396.03 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 175.70 अंक यानी 0.74 प्रतिशत बढ़कर 24,044.50 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 218.65 अंक चढ़कर 24,087.45 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स ने 78,000 अंक का आंकड़ा इसी सप्ताह 25 जून को पहली बार पार किया था। वहीं, निफ्टी ने इसी साल 24 मई को पहली बार 23,000 अंक का स्तर छुआ था।

- निफ्टी ने भी लांघा 24,000 अंक का स्तर

महिला के अपहरण की कोशिश परिवार पर बरसाईं गोलियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- माता-पिता व भाई घायल, दबंगों ने 15 मिनट में की तीन राउंड फायरिंग
- मामले में डीआईजी ने लिया संज्ञान, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

अमृत विचार : आधी रात को महिला का अपहरण करने गांव पहुंचे दूसरे समुदाय के युवकों ने घर में घुसकर एक ही परिवार के तीन लोगों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। दबंगों ने करीब 15 मिनट में तीन राउंड फायरिंग की। घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई। महिला के माता-पिता व भाई घायल हो गए। इनमें भाई की हालत गंभीर है। चार घंटे बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस ने दो लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं तीसरे का दिल्ली रोड स्थित टीएमयू अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीआईजी मुनिराज जी ने घायलों का हाल जाना। पुलिस ने महिला के पिता की तहरीर पर चार नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव शमदी शिवपुरी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि, उनकी बेटी की शादी संभल निवासी युवक से हुई थी। करीब एक साल पहले दूसरे समुदाय के युवक ने बहला-फुसलाकर उसका ससुराल से अपहरण कर लिया था। इसके बाद उसके पति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया था। तब से वह मायके में ही रह रही है। बाद में आरोपी भी जेल से जमानत पर छूट गया था। पीड़ित का कहना है कि बुधवार रात परिवार के सभी लोग सो रहे थे। रात के करीब दो बजे चार युवक उनके घर में घुस आए। उनकी बेटी को तमंचे के बल पर उठा लिया।

महिला ने जब शोर मचाया तो उसके मां-बाप, भाई और बहन भी जाग गए। महिला को ले जाने की कोशिश की तो परिवार ने इसका विरोध किया तो युवकों ने गोलीबारी शुरू कर दी। फायरिंग में महिला के माता-पिता और भाई घायल हो गए। महिला के भाई के सीने में गोली लगने से हालत गंभीर बताई जा रही है। गांव के लोगों ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो वह जंगल की ओर भाग गए। पुलिस ने नन्हे उर्फ अब्दुल, मुस्लिम उर्फ माहिर खान, आले हसन और सुलेमान व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पिता के सामने से ही बेटे को उठा ले गया गुलदार

संवाददाता, हल्द्वानी

- काठगोदाम में रेलवे ट्रैक के पास की घटना गौला नदी क्षेत्र में मिला शव

अमृत विचार: काठगोदाम में निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने बुधवार देर रात रेलवे ट्रैक के समीप स्थित झुग्गी में रहने वाले बच्चे को पिता के सामने ही गुलदार उठा ले गया। पूरी रात परिजन और आसपास के लोग जंगल में ढूंढते रहे। गुरुवार सुबह वन विभाग की टीम पहुंची तो गौला नदी के पास जंगल में उसका शव मिला। कमर के ऊपर का हिस्सा गुलदार खा गया था।

उप्र के हरदोई जिला निवासी प्रीतम यहां निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने रेलवे ट्रैक के समीप झुग्गी में परिवार के साथ रहता है। प्रीतम बुधवार की रात करीब 12 बजे अपने सात वर्षीय बेटे शिवा को लेकर लघुशंका के लिए झुग्गी से बाहर निकला। तभी अचानक पास की झाड़ी से एक गुलदार निकला और शिवा पर झपट पड़ा। प्रीतम कुछ समझ पाता कि गुलदार शिवा को दबोच कर गौला नदी की तरफ भाग गया। पिता और परिवार के सदस्यों ने शोर मचाया तब आसपड़ोस में रहने वाले लोगों को घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और पुलिस पहुंची।

नीट-यूजी : सीबीआई ने की पहली गिरफ्तारी, पटना से दो को पकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा पूछताछ को एजेंसी लेगी रिमांड

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में गुरुवार को पहली बार गिरफ्तारियां कीं और पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया।

अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए जहां उन्हें लीक हुए प्रश्नपत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। दोनों को पटना में विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई अब पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगेगी। अधिकारियों ने बताया कि आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर पटना में ''लर्न ब्वॉयज हॉस्टल एंड प्ले स्कूल'' किराए पर लिया था, जहां से बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट-यूजी के आधे जले हुए प्रश्नपत्र बरामद किए थे। सीबीआई ने पाया है कि आशुतोष कुमार को पता था कि परिसर का इस्तेमाल नीट अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। मनीष कुमार ने उन अभ्यर्थियों से सौदा किया था जो प्रश्नपत्र पहले से प्राप्त करने के लिए पैसे देने को तैयार थे। इसके बाद वह इन अभ्यर्थियों को छात्रावास ले गया जहां उन्हें प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा तक छात्रावास में ही रहे और पांच मई को होने वाली परीक्षा की तैयारी की। सीबीआई ने नीट परीक्षा लीक मामले में छह प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

एनटीए के कार्यालय में तालाबंदी करते एनएसयूआई के सदस्य। ● एजेंसी

एनएसयूआई ने एनटीए के दफ्तर में जड़ा ताला

नई दिल्ली। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के सदस्य नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय में घुस गए और दरवाजे बंद कर ताला लगा दिया। बाद में पुलिस ने ताला खुलवाया। एनएसयूआई के सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में ओखला स्थित एजेंसी के कार्यालय में एनटीए बंद करो के नारे लगाए। एनएसयूआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में उसके कई सदस्य एनटीए की इमारत के अंदर नारे लगाते हुए दिखाई दिए। इसमें छात्र एनटीए कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ताला लगाते हुए भी दिखाई दिए।

चार नए लिंक एक्सप्रेस-वे की तैयारी, योगी ने मांगा प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा- बेहतर कनेक्टिविटी को एक्सप्रेस-वे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक, तैयार करें विस्तृत कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे कवरेज को और विस्तार देने जा रही है। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार लिंक एक्सप्रेसवे तैयार करने की दिशा में तेजी लाने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में राज्य में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं और औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेस-वे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। मुख्यमंत्री के मुताबिक, इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे तक वाया फर्रुखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेस-वे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे के साथ यह तीन नए एक्सप्रेस-वे राज्य की तरक्की की तेज करने वाले होंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेस-वे हर दशा में दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालु गंगा एक्सप्रेस-वे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर के लिए शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। निर्माण समय से पूरा करा लिया जाए।बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को भी चित्रकूट से जोड़ने का सुझाव देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि, इसके लिए बजट भी जारी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि, अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस एयरोस्पेस, एरोलॉय टेक्नोलॉजी, झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम, अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और एंकर रिसर्च जैसी कंपनियां इकाई लगा रही हैं।

नए निवेशकों को मिले सिक यूनिट

औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने क्षेत्रों में सिक इंडस्ट्रियल यूनिट्स की भूमि को नए निवेशकों को उपलब्ध करने के लिए बाइलॉज में परिवर्तन नई नीति घोषित करनी चाहिए। नवगठित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही तेज हो। दादरी में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब एवं बोराकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के विकास की प्रक्रिया तेज की जाए।

निजी पार्कों के लिए दें बल्क लैंड

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास की कवायद तेजी से आगे बढ़ाई जाए। लखीमपुर खीरी में बायो प्लास्टिक मैनुफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए भूमि क्रय शीघ्र कर लें। निजी पार्कों के विकास के लिए बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। निवेशकों को बल्क लैंड की पूर्ति के लिए तेजी से व्यवस्था की जाए।

ईडी ने कुर्क कीं उप्र के बाइक टैक्सी एग्रीगेटर की संपत्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- संपत्तियों में प्रयागराज, लखनऊ कानपुर में खेत-भूखंड शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के 'बाइक टैक्सी एग्रीगेटर' और उसके कई 'प्रमोटर'के खिलाफ धनशोधन के मामले की जांच के तहत पांच करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्ति कुर्क की हैं। ईडी ने कहा कि हेलो राइड लिमिटेड कंपनी के निदेशकों, अध्यक्षों, कई एजेंट और अन्य के खिलाफ धन शोधन के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। कहा कि प्रयागराज, कानपुर और लखनऊ से खेत और भूखंड को कुर्क किया गया है। इन संपत्तियों का मूल्य 5.35 करोड़ रुपये है। ईडी ने पहले इस मामले में 2.38 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी और अब कुर्क की गई कुल संपत्ति की कीमत 7.73 करोड़ रुपये हो गई है।

उप्र पुलिस द्वारा कंपनी और इसके प्रमोटर अभय कुमार कुशवाहा, नीलम वर्मा, निखिल कुशवाहा, राजेश पांडे, शकील अहमद, रागिनी गुप्ता और अन्य के खिलाफ लगभग तीन दर्जन प्राथमिकी दर्ज करने के बाद धनशोधन यह का मामला सामने आया था।

शहर में आज

☞ जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में जिगर मंच पर रात 8:00 बजे।

☞ सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा श्री विहारों का मन्दिर कंजरी सराय में शाम 4:00 बजे।

एक नजर

दोपहर तक भरा रहा पानी

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर की पॉश कॉलोनियों में शामिल नवीन नगर में गुरुवार को हुई बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। यहां दोपहर तक सड़कों पर बारिश का पानी भरा रहा।

बारिश के बाद आशियाना कॉलोनी में सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार



मोहल्ला रामतलैया की गली में भरा नाले व बारिश का पानी।

ढाप वाला मंदिर के पास बारिश से सड़क धंसी। ● अमृत विचार

रात से हो रही झमाझम बारिश से गिरा तापमान, गर्मी से मिली राहत

अधिकतम पारा 32.0 डिग्री सेल्सियस, धूप न निकलने से उमस भी कम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुधवार की रात से हो रही बारिश से तापमान में कमी आई। जिससे गर्मी से काफी राहत मिल गई है। गुरुवार सुबह धूप न निकलने से उमस भी कम है। अब मानसून की सक्रियता से बारिश का क्रम जारी रहने का अनुसार मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में कमी आई है।

गुरुवार को अधिकतम तापमान लुढ़क कर 32 डिग्री सेल्सियस हो गया है। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 87 प्रतिशत रही। सुबह से ही मौसम सुहाना हो गया है। अब लोगों को मानसून की बारिश में भीगने का अवसर मिल रहा है। कई लोग बारिश से बचने के लिए रेनकोट पहनकर और छाता लगाकर निकले तो बहुत से लोगों ने खासकर युवाओं ने बारिश में भीगकर आनंद लिया।

बारिश के चलते महानगर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति भी आ गई है। नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने से गंदगी से संक्रामक बीमारियों की आशंका भी बढ़ गई है। कई सड़कों पर नाले का कीचड़ पसर गया है। वहीं रामगंगा विहार कालोनी में सीवरेज पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढों में पानी भरने से काम रुक गया है। सड़क धंसने की आशंका भी लोगों को सता रही है। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि मानसून लगभग सक्रिय हो गया है।

कांठ रोड पर सुबह बारिश में गुजरते वाहन चालक। ● अमृत विचार

मानसूनी बारिश से किसानों की बल्ले-बल्ले

मुरादाबाद, अमृत विचार : क्षेत्र में गुरुवार भोर में हुई झमाझम बारिश से धान समेत सभी फसलों को संजीवनी मिली है। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे। वहीं झमाझम बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली है। बारिश से धान की नर्सरी को सबसे ज्यादा लाभ मिलेंगे। अब किसान जल्द खेतों में धान की रुपाई करते दिखाई देंगे। इस बार समय पर अच्छी बारिश न होने के कारण लोगों को उमस तो किसानों को खासकर अपनी धान की फसल की चिंता सताने लगी। गुरुवार को हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। फतेहपुर विश्नोई निवासी सतीश विश्नोई, महलकपुर निवासी निरंजन पाल का कहना है कि यह बारिश फसलों के लिए संजीवनी का काम करेगी। इस समय सभी फसलों के लिए बारिश की सबसे ज्यादा जरूरत महसूस की जा रही थी। बारिश न होने के कारण धान की नर्सरी पर संकट के बादल मंडरा रहे थे और फसलों की सिंचाई के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा था। लोगों का कहना है कि अब जाकर उमस से कुछ राहत मिली है।

तीन दिनों के अधिकतम तापमान की स्थिति

तारीख	अधिकतम तापमान
27 जून	32.0 डिग्री सेल्सियस
26 जून	32.5 डिग्री सेल्सियस
25 जून	36.0 डिग्री सेल्सियस

ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव से लोग हुए परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में बारिश ने जहां नगर निगम की नाला सफाई की पोल खोल कर रख दी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात खराब हैं। बारिश की वजह से सड़कों पर पानी भर गया। नालियों की गंदगी सड़कों पर देखने को मिली। मऊ निवासी रोहताश ने बताया कि यहां हर बार बारिश में काफी परेशानी होती है। हालात इतने खराब हो जाते हैं कि घर से निकला दूभर हो जाता है। सड़कों पर गंदगी और पानी भर जाता है। निकासी की व्यवस्था यहां लंबे समय से खराब है। वहीं काजीपुरा निवासी शहबाज ने बताया कि कुछ मोहल्लों में स्थिति अच्छी है। मगर हमारे मोहल्ले पर पार्षद की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा हर बारिश में लोगों को भुगतना पड़ता है। महलकपुर निवासी सतीश का कहना है कि पानी की पाइप लाइन डालते समय सड़क टूट गई। जिसके बाद से घर से निकला मुश्किल हो रहा है। ऊपर से बारिश ने परेशानी को और बढ़ा दिया है।

बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी पाने का अवसर

मुरादाबाद, अमृत विचार : 29 जून को बेरोजगार युवाओं के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला लगेगा। यह पूरी तरह निशुल्क है। जिन अभ्यर्थियों ने रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन करा रखा है, केवल वहीं अभ्यर्थी मेले में शामिल हो सकते हैं।

बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत बेरोजगारों के लिए समय समय पर रोजगार मेला लगाया जाता है। कांठ रोड स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में 29 जून को रोजगार मेला लगेगा। मेले में सागर सिक्योरिटी और केआरवीएल लिमिटेड जैसे कम्पनियों के प्रतिनिधि अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेंगे। रोजगार मेले में सागर सिक्योरिटी कम्पनी द्वारा सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइपर के पदों पर भर्ती की जाएगी अभ्यर्थियों के लिए शैक्षिक और शारीरिक दक्षता रखी गई है। हाईस्कूल उत्तीर्ण ,158 सेमी ऊंचाई और 65 किग्रा वजन होना आवश्यक है। वहीं केआरवीएल लिमिटेड कम्पनी द्वारा उन अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे, जिन्होंने आईटीआई फिटर ट्रेड से पास कर रखी हो। क्षेत्रीय सहायक निदेशक सेवायोजन डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि जो अभ्यर्थी रोजगार मेले में नौकरी पाना चाहते हैं, वह अपने दस्तावेजों की दो प्रतियों के साथ रोजगार मेले में बने पंजीयन काउंटर पर उपस्थिति दर्ज कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

आशियाना में पहली बारिश में ही धंस गई सड़क

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पहली बारिश में महानगर में नगर निगम के नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। कहीं जलभराव तो कहीं नाले का कीचड़ व गंदा पानी सड़कों पर धंसा। तो वहीं बुधवार की रात से हो रही बारिश में वार्ड नंबर 18 हरथला के आशियाना कॉलोनी में सड़क धंसने से उसमें वाहनों के फंस कर दुर्घटना होने की आशंका बढ़ गई है। कॉलोनी में नाले का पानी भी सड़क पर बह रहा है।

महानगर में बुधवार की रात से लेकर गुरुवार को हुई बारिश में नाला सफाई की हकीकत सामने आ गई है। आशियाना कॉलोनी, खुशहालपुर सहित कई अन्य कॉलोनियों में नाले का पानी और कीचड़ सड़कों पर बहा। इससे लोगों में नाराजगी है। वहीं आशियाना फेज एक में सद्भावना हास्पिटल के सामने ब्यूटी पार्लर वाली गली में एक महीने पहले बनी सड़क धंस गई है। इससे कॉलोनी के लोगों को आने जाने के दौरान जहां सड़क धंसी है वहां वाहनों के फंसकर दुर्घटना होने की आशंका बन गई है। यह स्थित रामगंगा विहार में भी दिख रही है। सीवरेज पाइप लाइन डालने के कार्य में खोदाई कर छोड़े गए गड्ढों में पानी भरने से काम तो रुका ही है, सड़क की मिट्टी भी जहां तहां धंसने लगी है। इससे लोगों के चोटिल होने का खतरा बढ़ गया है।

वहीं दूसरी ओर लाइनपार मोहल्ले में जलभराव से नागरिकों में नाराजगी है। वरिष्ठ अधिवक्ता और लाइनपार विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष पंडित देशराज शर्मा ने पहली बारिश में ही लाइनपार मोहल्ले में जलभराव पर नाराजगी जताई है। उन्होंने नालियों की सफाई में लापरवाही का निगम प्रशासन पर आरोप लगाया है। उन्होंने नगर आयुक्त से कहा कि जब तक महानगर में ड्रेनेज सिस्टम ठीक नहीं होता है इसे स्मार्ट सिटी कहना उचित नहीं होगा। उन्होंने नगर आयुक्त से अनुरोध किया कि यह भी देखना होगा की किस स्थान पर सीमेंट की सड़क बननी चाहिए और कहां हॉट मिक्स की। क्योंकि सड़क बनाने से वह पानी में टूट जाती है वहां पर सीमेंट की सड़क बननी चाहिए। जब तक नालों पर से अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा महानगर में जलभराव की स्थिति हमेशा बनी रहेगी।

बगैर किसी भेदभाव के नालों पर से अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए। उनका कहना है कि पूरा लाइनपार क्षेत्र जलमग्न है। इसका मुख्य कारण नाली व नालों पर अतिक्रमण और तलीझाड़ सफाई न कराया जाना है। उन्होंने महापौर, नगर विधायक व नगर आयुक्त से अनुरोध किया है कि महानगर को पहले अतिक्रमण मुक्त कराएं तभी वास्तव में महानगर स्मार्ट सिटी बन सकता है।

आशियाना कालोनी फेज एक में सड़क पहली बारिश में ही धंस गई। एक महीने पहले ही इस सड़क का निर्माण किया गया था। ● अमृत विचार

4900 परिवारों ने झेला बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बारिश से महानगर से लेकर देहात क्षेत्र में दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। तेज आंधी की वजह से 11 केवी के फीडरों पर उपकरण अस्तव्यस्त हो गए। इससे रामपुर रोड एकता विहार, नवीन नगर, अवंतिका और आशियाना कालोनी में सुबह से बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं दीनबंधुपुरम, बुद्धि विहार में 4900 उपभोक्ताओं को पांच घंटे बिजली संकट झेलना पड़ा।

गुरुवार की सुबह 9 बजे दीनबंधुपुरम विद्युत केंद्र के लिए जा रही अंडर ग्राउंड 11 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा बिजली कर्मचारी को फोन कर बिजली गुल होने की जानकारी दी गई। जिसके बाद बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे और फाल्ट तलाश किया गया। ऐसे में 4900 उपभोक्ताओं को दोपहर दो बजे तक बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। वहीं कांठ रोड स्थित रानी प्रीतम कुंवर स्कूल के पास सुबह पांच बजे 11 केवी की लाइन पर तेज आंधी से पेड़ गिर गया। जिससे वहां रहने वाले 450 लोगों को सुबह 11 बजे तक बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी। जिससे लोगों को सुबह-सुबह ऑफिस जाने व महिलाओं को बच्चों को स्कूल भेजने परेशानी का सामना करना पड़ा।

रामपुर रोड पर बसी एकता विहार कालोनी में सुबह पांच बजे से बिजली आपूर्ति ठप रही। अधीक्षण अभियंता देहात राजेश तोमर ने बताया कि देहात क्षेत्र में तीनों वितरण खंडों में तेजा हवा के साथ आई बारिश में पेड़ गिरने की वजह से लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। शाम तक सभी स्थानों पर फाल्ट को सही करा दिया गया है।

दीनबंधुपुरम में पोल पर तार ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

● देहात क्षेत्र में भी सुबह से शाम तक गायब रही बिजली आपूर्ति परेशान हुए उपभोक्ता

ट्यूबवेल कॉलोनी में बरसात में टपकती है छत, दीवारों में पड़ी दरारें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सरकारी विभागों के कर्मचारियों के आवासों की दयनीय स्थिति विभाग की लचर कार्यशैली की झलक देती है। जो कर्मचारी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में जुटे रहते हैं उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को जर्जर आवासों में दिन रात बितानी पड़ रही है। सिविल लाइंस में सिंचाई विभाग के ट्यूबवेल कॉलोनी के आवास जर्जर हैं। कहीं बारिश में छत टपक रही है तो कई घरों में छत व दीवार में दरारें पड़ गई हैं। सफाई की व्यवस्था भी काफी लचर है।

सिविल लाइन स्थित सिंचाई विभाग की ट्यूबवेल कालोनी में आठ क्वार्टर जर्जर हो गए हैं। यहां अन्य दिनों में सफाई भी ठीक से न होने से लोगों को गंदगी व बदबू के बीच जीवन बिताना पड़ रहा है। जबकि बरसात में जर्जर क्वार्टर की छत और दीवार से पानी टपक रहा है। अधिकांश क्वार्टर की दीवारों में दरार से उसके गिरने से हादसे की आशंका बनी है। डर के साये में यहां रहने वाले रात गुजार रहे हैं। पहली बारिश में ही यहां के निवासी पानी टपकने से जागकर रात बिता रहे हैं। इस कालोनी के आठ परिवारों के लिए एक भी हैंडपंप नहीं है। नाले भी गंदगी से भरे हैं। बिजली न आने पर पेयजल भी ठप हो जाता है। कॉलोनी में एक भी हैंडपंप न होने से पानी लाने के लिए महिलाओं व परिवार के अन्य सदस्यों को दूर जाना पड़ता है। कालोनी के मुख्य द्वार की स्थिति भी खस्ताहाल है। यहां सड़क टूटी है तो नालियों में कचरा भरा है। खाली भवनों के बरामदे में झाड़ियां उग आई हैं। सफाई न होने से स्थिति नारकीय हो गई है।

खस्ताहाल भवन के लेंटर को दिखाती महिला। ● अमृत विचार

कर्मचारियों के जर्जर भवन की दीवारों में दरारें एवं टूटी सड़क।

> विभाग को कालोनी के रखरखाव के लिए कोई फंड आवंटित न होने से समस्या बनी है। हैंड पंप की जगह कालोनी में बने टैंक से पाइपलाइन के माध्यम से पानी की सप्लाई दी जाती है। कॉलोनी के सिविल संगठन के साथ बैठक जल्द होगी। इसमें चर्चा के बाद प्रस्ताव तैयार कर जर्जर भवनों की मरम्मत कराई जाएगी।
>
> **–नीरज कुमार गुप्ता,** अधिशासी अभियंता नलकूप खंड

छत टपकने से पन्नी लगाकर बचाते हैं सामान

ट्यूबवेल कालोनी की रहने वाली मंजू सिंह बताती हैं कि उनका क्वार्टर काफी जर्जर हालत में है। क्वार्टर के बाहर सड़क टूटी है। नालियां भी चोक हैं। इससे गंदा पानी घर में भर जाता है। कई साल से मरम्मत तक नहीं कराई गई है। बारिश होने पर सामान सुरक्षित रखने के लिए पन्नी लगाते हैं। विभाग के अधिकारी भी इस पर कोई ध्यान नहीं देते।

कई साल से जर्जर है भवन की स्थिति

कालोनी में रहने वाली बुजुर्ग धीरा देवी ने बताया की कई साल से भवन की स्थिति जर्जर है। कालोनी में न सफाई होती है और पेयजल के वैकल्पिक व्यवस्था के लिए हैंडपंप लगा है। कमरों की छत व दीवार में दरारें पड़ गई हैं। अधिकारियों से कहने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ा।

फर्जीवाड़ा | दो खंड शिक्षाधिकारियों ने कर दिया बिलों के सत्यापन व भुगतान पर हस्ताक्षर से इनकार

मध्याह्न भोजन योजना में कर दिया बड़ा गोलमाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा विभाग में मध्याह्न भोजन योजना में फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर बिलों का भुगतान कर धनराशि जारी करने के मामले में एमडीएम से संबंधित लोग व एनजीओ के लोग फंसते दिख रहे हैं। क्योंकि बिना खंड शिक्षाधिकारियों के हस्ताक्षर व बिलों के सत्यापन के भुगतान करने की शिकायत में जांच में शामिल तीन में से नगर क्षेत्र के दो खंड शिक्षाधिकारियों ने अपने द्वारा हस्ताक्षर व बिल का सत्यापन करने से इनकार कर दिया है। ऐसे में गेंद अब बीएसए कार्यालय में पहुंच गई है।

दौलत बाग के बंगला गांव निवासी शिवसेना कार्यकर्ता राजकुमार वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री और निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकरण से शिकायत की थी। इसमें आरोप लगा था कि बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना वितरण में फर्जी बिलों के आधार पर भुगतान कर दिया गया है। शासन के आदेश पर हो रही जांच में खंड शिक्षाधिकारी नगर मनोज कुमार बोस ने बीएसए को 7 जून को भेजी अपने रिपोर्ट में लिखा है कि शिकायत के संदर्भ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अक्टूबर से लेकर अब तक उनके कार्यालय में संबंधित एनजीओ के द्वारा कोई बिल प्रस्तुत नहीं किया गया है। जांच में स्पष्ट है कि न तो उनके कार्यालय के किसी पटल सहायक और न उन्होंने स्वयं एमडीएम के किसी बिल पर हस्ताक्षर व और सत्यापन नहीं किया है।

वहीं दूसरी ओर नगर क्षेत्र के जोन दो की खंड शिक्षाधिकारी वंदना सैनी ने बीएसए को 10 जून को भेजी अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि 21 मई 2024 को शिवसेना कार्यकर्ता राजकुमार वाल्मीकि द्वारा की गई शिकायत के मामले में 14 अगस्त 2023 को उन्होंने नगर क्षेत्र में जोन दो के खंड शिक्षाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। तब से लेकर आज तक उनके कार्यालय में मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित कोई बिल नहीं भेजा गया है और न ही उनके द्वारा कोई बिल सत्यापित या हस्ताक्षरित किया गया है। ऐसे में जांच की सुई खुद एनजीओ और बीएसए कार्यालय के एमडीएम सेल की ओर घूम गई है।

अब नगर क्षेत्र के तीसरे खंड शिक्षाधिकारी तत्कालीन राजेश कुमार की रिपोर्ट से स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी कि बिलों का सत्यापन और उस पर हस्ताक्षर किसके स्तर से किया गया है। जिसके आधार पर भुगतान हो गया है। बीईओ राजेश कुमार का कहना है कि मामले में बिल बाउचर संबंधित एडेड स्कूलों से मंगाया था। ग्रीष्मावकाश के चलते अभी मिला नहीं है।

> जांच के लिए टीम बनाई थी। अभी सभी की रिपोर्ट नहीं मिली है। विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के चलते कर्मचारियों, शिक्षकों के बयान भी लिए जाने थे, जो अभी पूरे नहीं हो पाए हैं। अब स्कूल खुल रहे हैं। जल्द ही इसमें सभी बिंदुओं पर सबका पक्ष लेते हुए जो जांच रिपोर्ट मिलेगी, उसके अनुसार कार्रवाई भी करेंगे।
>
> **–अजीत कुमार,** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

विकास भवन सभागार में अभ्यर्थी का साक्षात्कार लेते जिला स्तरीय अधिकारी।

विकास भवन में विशेषज्ञों का ट्रायल

मुरादाबाद, अमृत विचार: मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत सिविल सर्विसेज नीट, जेईई परीक्षा के लिए निशुल्क प्रशिक्षण के लिए जिलाधिकारी द्वारा गठित आठ सदस्यों की कमेटी ने अभ्यर्थियों का ट्रायल लिया। अभ्यर्थियों से विषय से संबंधित सवाल भी किए। इसमें 68 विशेषज्ञों ने अपना पंजीयन कराया। परीक्षण के लिए मात्र 40 विशेषज्ञ ही विकास भवन सभागार पहुंचे।

सरकार की आरे से अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को सिविल सर्विसेज, नीट व जेईई की परीक्षा की तैयारी कराने के लिए जय प्रकाश राज नारायण आश्रम पद्धति विद्यालय में 11 विषयों के विशेषज्ञ की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें गुरुवार को विशेषज्ञों की ट्रायल प्रक्रिया के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने पैनल में आठ जिलास्तरीय अधिकारियों को शामिल किया था। जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम के साथ सभी सदस्यों ने 40 विशेषज्ञों का ट्रायल लिया।

कांठ रोड पर जाम से लोगों को परेशानी

मुरादाबाद, अमृत विचार : सड़क पर दूर तक मलबा फैला होने के कारण गुरुवार को बारिश के दौरान कांठ रोड जाम की चपेट में रहा। विशाल मेगा मार्ट के सामने बनाई जा रही पुलिया ने जाम की समस्या और बढ़ा दी। सुबह आठ बजे जाम लगना शुरू हुआ। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। आलम यह था कि पीएसी से लेकर हरथला तक सड़क पर वाहनों की कतारें थीं।

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
NEET (UG) Top Rankers
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश होने का अनुमान है।

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:17

एक नजर

डिवाइडर पर चढ़ा अनियंत्रित ट्रक।

डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। बताया जा रहा है कि एक गुरुवार सुबह ट्रक सम्भल की तरफ से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। सुबह चार बजे ट्रक मुरादाबाद-संभल रोड पर डींगरपुर के पास पहुंचा तो चालक को नींद की झपकी आने से ट्रक आनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में ट्रक के चालक को मामूली चोट बताई जा रही है।

नवागत जिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार

सीतापुर में भी तैनात रहे हैं अनुज कुमार सिंह, 2013 बैच के हैं आईएएस अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नवागत जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने गुरुवार को जिला कोषागार में अपने पद का कार्यभार संभाला। वह 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। यहां से पहले वह सीतापुर और हापुड़ में जिलाधिकारी रहे हैं। वह गोरखपुर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन व लोगों को उसका लाभ दिलाना पहली प्राथमिकता है। जनता की समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान कराएंगे। चार्ज लेने के बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। नजारत, राजस्व अभिलेखागार में पत्रावलियों को व्यवस्थित तरीके से रखने का निर्देश पटल सहायक को दिया। रिकॉर्ड रूम, विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय, भूलेख कार्यालय, स्टाम्प एवं निबंधक कार्यालय में पत्रावलियों को चेक करके सही तरीके से रखने के लिए कहा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य कोषाधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कोषागार में कार्यभार ग्रहण करते नवागत जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह, साथ में सीडीओ सुमित यादव व अन्य। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल पहुंच जाना मरीजों का हाल

नवागत जिलाधिकारी अनुज सिंह ने गुरुवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की जानकारी चिकित्साधिकारियों से ली। मुख्य विकास अधिकारी के साथ निरीक्षण में उन्होंने अस्पताल में मिली कमियों को अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता को दूर करने का निर्देश दिया। कहा कि मरीजों के इलाज में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल आदि मौजूद रहे।

स्मार्ट सिटी के कार्य में बाधक बने बिजली के खंभों को हटाने में देरी पर मंडलायुक्त ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय सभागार में स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्मार्ट सिटी के कार्य में बिजली के खंभों को हटाने में देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने महानगर की प्रमुख सड़कों पर संकेतक लगाने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने मेटल हैंडीक्राफ्ट सेंटर को शीघ्र क्रियाशील कराकर हस्तगत करने के लिए कहा। उन्होंने ब्रॉस फर्नीशिंग सेंटर को हर हाल में 1 जुलाई तक संचालित करने का निर्देश कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के अधिकारियों को दिया। सेफ सिटी के अन्तर्गत लगाए गए कैमरों का नक्शा किस-किस स्थान पर लगा है इसे तैयार कराने के लिए नगर आयुक्त से कहा। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत जल निगम द्वारा कराए जा रहे कार्य समय से पूरा न होने पर मंडलायुक्त नाराज हुए।

अधिशासी अभियंता जल निगम से काम जल्द पूरा कराने के लिए कहा। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों में बिजली विभाग के द्वारा खंभों को हटाने में देरी पर मंडलायुक्त ने कार्रवाई की चेतावनी दी।

कहा कि काम में तेजी लाएं जिससे जाम की समस्या का समाधान हो सके। मुसाफिर खाने के पास रेट्रोफीटिंग का कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को दिया। बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार और स्मार्ट सिटी से संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय में स्मार्ट सिटी की समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

बैठक

- एक जुलाई तक संचालित करें ब्रास फर्नीशिंग सेंटर, मंडलायुक्त की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी की बैठक

एक लाख की प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नगर निगम की टीम ने गुरुवार को महानगर के बाजारों में प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाया। बुध बाजार पुलिस चौकी के पास एक दुकान में छापेमारी के दौरान एक लाख रुपये मूल्य की पॉलीथिन मिलने पर उसे जब्त कर लिया और 20,000 रुपये का जुर्माना चालान काटकर वसूला।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में टीम इस दुकान में पहुंची थी। यहां पर बोरियों में रखी पॉलीथिन व अन्य जगहों पर रखे प्लास्टिक निर्मित सामग्री को जब्त किया। यहां से 180 किलोग्राम सामग्री बरामद की गई। टीम के अनुसार इसका बाजार मूल्य एक लाख रुपये से अधिक है। टीम ने दुकानदार का चालान काटकर जुर्माना के रूप में 20,000 रुपये वसूले। इस दौरान राजस्व निरीक्षक दीपक सिंह, उमेश तोमर, केशव विश्नोई व प्रवर्तन दल की टीम मौजूद रही।

वहीं, दूसरी ओर बारिश को देखते हुए नगर निगम की टीम नाला सफाई के लिए निकली। महानगर में कई जगह हुए जलभराव व बड़े नालों के चोक होने की शिकायत पर पहुंचकर टीम सफाई में जुटी।

अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे आदि ने निरीक्षण कर कर्मचारियों को सफाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं, सीवरेज की सफाई के अलावा पेयजल पाइप लाइन की मरम्मत भी कराई गई।

प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री रोकने के लिए दुकान में जांच करती नगर निगम की टीम।

कार्रवाई

- मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने की कार्रवाई
- बारिश के चलते जलनिकासी के लिए नालों की सफाई में जुटी टीम

खराब एलईडी लाइटें ठीक कराईं

पथ प्रकाश अनुभाग में आई जन शिकायतों के आधार पर निगम की टीम ने वार्ड 4, 9, 18, 31, 48 और 56 में रिक्त पथ प्रकाश के खंभों पर नई एलईडी लाइटें लगवाईं। वहीं, 10 खराब लाइटों को भी बदलकर रात्रि पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारु कराया।

मासिक बैठक में ब्लॉक को निपुण बनाने पर दिया जोर

मुरादाबाद, अमृत विचार: मूंढापांडे के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर गुरुवार को शिक्षकों की मासिक बैठक हुई। इसमें विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के लिए जन जागरण व पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन के साथ ही ब्लॉक को निपुण बनाने पर मंथन किया गया। जिसके लिए शिक्षकों को ग्रीष्म अवकाश के बाद नई ऊर्जा के साथ काम करने पर जोर दिया गया।

बीईओ राजेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा जुलाई से संचारी रोगों से निपटने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है, जिसके लिए रैली व प्रार्थना सभा में बच्चों को जागरूक किया जाए। एसआरजी डॉ. सचिन शुक्ला और राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने कहा विद्यालयों के आंगन को प्रिंट रिच बनाने से रोचकता बढ़ेगी तभी ठहराव बढेगा। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रमोद यादव, शिवचरन सैनी, हाकिम अली, वरुण कुमार, पराग यादव, अजय कुमार, ममता यादव, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

चार घंटे बाद पहुंची पुलिस, खौफ में घर में ही रहे घायल

फायरिंग प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव में आधी रात को अचानक गोलियों की आवाज सुनकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। घटना में घायल तीनों को लहूलुहान देख लोगों ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। गोली लगने के बाद घायल मां-बाप व पुत्र घर में बैठकर घंटों पुलिस का इंतजार करते रहे।

सूचना मिलने के बाद भी पुलिस ने घटनास्थल तक पहुंचने में चार घंटे लगा दिए। जबकि लगभग तीन किमी दूरी पर ही मूंढापांडे थाना है। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घटनास्थल से खून में रंगे हुए कुछ कपड़े और करतूस के खोके बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, घटना में शामिल सभी आरोपी दूसरे समुदाय के हैं। डीआईजी मुनिराज जी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने टीमें गठित कर जांच के आदेश दिए है। पुलिस अरोपियों की तलाश जुटी है।

घायल व्यक्ति ने बताया है कि, घटना के समय चार युवक घर के अंदर थे, जबकि दो घर के बाहर दरवाजे पर खड़े थे। जिनमें से चार को पहचान लिया। उन्होंने बताया कि चार युवकों में शामिल एक युवक को वह अच्छी तरह से जानते हैं। जिसने एक साल पहले भी बेटी को अगवा करने में आरोपियों की मदद की थी। उन्होंने बताया है कि घर के अदंर घुसे चारों युवक बेटी को जबरन अपने साथ ले जाने लगे।

उसने इसका विरोध किया, लेकिन वह नहीं माने। इतने में आवाज सुन परिवार के अन्य लोग भी जाग गए। विरोध करने पर गोलियां बरसाने लगे। गोलियों की आवाज सुन आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों को एक साथ इकट्ठा देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। मां-बाप व पुत्र को लहूलुहान देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस ने घटनास्थल तक पहुंचने में चार घंटे लगा दिया। तब तक तीनों घायल आरोपियों के डर की वजह से घर में ही पुलिस का आने का इंतजार करते रहे।

जिला अस्पताल में भर्ती घायल से जानकारी लेते डीआईजी मुनिराज। ● अमृत विचार

- डीआईजी ने टीम गठित कर दिए जांच के आदेश, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

दो नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद समेत छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नामजद चार आरोपी पहले भी महिला को अगवा करने के मामले में शामिल थे। जिनकी पहचान नन्हे उर्फ अब्दुल, मुस्लिम उर्फ माहिर खान, आले हसन और सुलेमान के रूप में हुई है। जिनमें दो अज्ञात हैं। डीआईजी मुनिराज जी ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल सभी फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई। उन्होंने कहा कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

कव्वाली नाइट | जिला कृषि प्रदर्शनी में जिगर मंच पर साबरी ब्रदर्स ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों का जीता दिल

जिंदा रहने के लिए तेरी कसम एक ... पर झूमे दर्शक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सूफी फनकार अमीन साबरी एंड ब्रदर्स ने अपनी कव्वालियों के जादू से लोगों को अपनी जगह से हिलने नहीं दिया। हर कव्वाली के बाद लोगों ने जी भर के दाद दी। अमीन साबरी ने सबसे पहले जिंदा रहने के लिए तेरी कसम, एक मुलाकात जरूरी है सनम कव्वाली गई। जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में कव्वाली नाइट के मुख्य अतिथि रहे एडीएम प्रशासन गुलाब चंद, एसीएम टू संतदास पवार, जिला कृषि अधिकारी-प्रदर्शनी सचिव ऋतुषा तिवारी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का आयोजन किया।

गुरुवार को जिला कृषि प्रदर्शनी के जिगर मंच पर रात नौ बजे मशहूर कव्वाली अमीन साबरी पहुंचे। जिनका लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। अमीन साबरी को सुनने के लिए शहर के बुजुर्ग भी दीर्घा में बैठे दिखाई दिए। उन्होंने हिना फिल्म की मशहूर कव्वाली देर ना हो जाए... सुनाई जिस पर वहां बैठे युवाओं ने अपनी तालियों की बौछार से हौसला अफजाई की। इसके बाद उन्होंने मेरे रश्के कमर तेरी पहली नजर, सहारा चाहिए सरकार जिंदगी के लिये। इसके अलावा उन्होंने कई कव्वालियां सुनाईं, जिसको लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में एडीएम प्रशासन गुलाब चन्द्र, एसीएम टू संतदास पवार व जिला समिति के अन्य सदस्यों ने साबरी ब्रदर्स ग्रुप के सभी कलाकारों का पटका पहनाकर स्वागत किया। साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया गया।

जिगर मंच पर कव्वाली सुनाते अमीन साबरी।

जिला कृषि प्रदर्शनी में कव्वाली सुनते लोग।

126 कलाकारों ने सिंगर स्टार के मंच पर दी प्रस्तुति

मुरादाबाद, अमृत विचार : पंचायत भवन सभागार में सिंगर सुपर स्टार प्रतियोगिता का आयोजन जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज के तत्वावधान कराया गया। प्रतियोगिता में पांच आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयु वर्ग में 5 से 8, 9 से 12, 13 से 19, 20 से 35 और अधिकतम 36 वर्ष के प्रतिभागियों ने फिल्मी गानों पर प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता का हिस्सा बनने के लिए महानगर के 126 युवाओं ने अपनी विडियो निर्णायक मंडल को दिखाई। जिसके परिणाम में मात्र 67 प्रतिभागी ही चयनित किए गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजकुमार गोस्वामी ने सबसे पहले सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

स्विमिंग पूल में नहाने गए बालक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र में स्विमिंग पूल में नहाने के लिए घर से निकले 11 वर्षीय बालक का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। किशोर बुधवार से लापता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। पुलिस ने किशोर के कपड़े स्विमिंग पूल से बरामद किए हैं।

थाना क्षेत्र के अक्का पांडे निवासी संजीत का बेटा आयुष (11) गांव के पास बने स्विमिंग पूल में नहाने के लिए बुधवार को करीब तीन बजे घर से निकला था। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। इस दौरान आयुष की मां ने स्विमिंग पूल से कपड़े बरामद किए। इसके बाद सभी परिजन तलाश में जुट गए, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद संजीत ने देर रात इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। गुरुवार को पुलिस ने तलाश की तो स्विमिंग पूल से थोड़ी दूरी पर गन्ने के खेत से आयुष का शव बरामद किया। सूचना मिलते ही टीम के साथ डीआईजी मुनिराज जी भी मौके पर पहुंचे। मुनिराज जी टीम के साथ गन्ने के खेत में भी गए। शव देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें आयुष की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई।

आयुष का शव मिलने के बाद रोती बिलखतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

> एक दिन पहले लापता किशोर का शव कब्जे में लिया है। वह स्विमिंग पूल में नहाने के लिए घर से निकला था। जिसके कपड़े उसकी मां ने स्विमिंग पूल से बरामद किए हैं। मामले की जांच की जा रही है। परिजनों को आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। –मुनिराज जी, डीआईजी

एक नजर

बिजलीकर्मियों की मनमानी से उपभोक्ता हो रहे परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार : बिजली विभाग के कर्मचारियों की कार्यशैली से उपभोक्ता त्रस्त हैं। विद्युत केंद्र अगवानपुर के कर्मचारी बढ़े हुए बिल का संशोधन करने के लिए निजी स्तर पर एक जगह पर बैठकर खेल कर रहे हैं। गुरुवार को अधीक्षण अभियंता देहात राजेश तोमर के कार्यालय पर ऐसा ही मामला सामने आया। लदावली के दयाशंकर शर्मा 8808406000 का बिल 1600 रुपये का निकाला गया। उपभोक्ता का कहना है कि पिछला कोई बकाया न होने के बाद भी उसका बिजली कनेक्शन काट दिया। उन्होंने अवर अभियंता से फोन पर वार्ता कर समस्या बताई, बावजूद दूसरे महीने फिर उसका बिल 1300 से अधिक का भेज दिया। जिसकी लिखित शिकायत विद्युत केंद्र अगवानपुर में की। शिकायत के 15 दिन बाद भी बिल ठीक कराने के लिए चक्कर काट रहे हैं। विद्युत केंद्र पर तैनात कर्मचारी हिमांशु ने मीटर जंप होने बात बताई थी। अधीक्षण अभियंता देहात राजेश तोमर ने बताया कि यदि ऐसा कोई मामला है तो उपभोक्ता विद्युत केंद्र पर जाकर वहां लिखे अधिकारियों के नंबर पर फोन करें।

गोशालाओं में कराएं आवश्यक प्रबंध, न हो लापरवाही: डीएम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ हुई विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

अमृत विचार: नवागत जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने पीडी डीआरडीए से आवास योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोशालाओं में सभी प्रबंध सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि गोवंश के संरक्षण में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह को कुपोषित बच्चों के देखरेख में कमी न आए इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों के प्रवेश व आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुविधाओं की जानकारी ली। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा को कूड़ा-कचरा प्रबंधन ठीक कराने के लिए कहा। सहायक श्रमायुक्त से निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय की निर्माण में तेजी लाने के लिए नियमित मानीटरिंग करने के लिए कहा। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम को पारिवारिक लाभ की योजनाओं में फस्ट इन फस्ट आउट प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए। डीआईओएस डॉ.अरुण दुबे से कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में अच्छी रैंक लाने के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करें। उन्होंने बीएसए अजीत कुमार और डीआईओएस को छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

रुस्तमपुर बड़मार उर्फ ऊंचा गांव के निवासी राजकुमार सिंह थाना क्षेत्र के पंडित नगला में स्थित फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड थे। उनके बेटे अजय ने बताया है कि वह पिता को खाना देने के लिए फैक्ट्री गया था। बुधवार को जब वह फैक्ट्री पहुंचा तो वहां पता चला कि उसके पिता आज काम पर नहीं पहुंचे। अजय ने इसकी सूचना परिजनों की दी। घर वालों ने उनके फोन पर कॉल की तो अस्पताल के कर्मी ने फोन उठाया। नर्स ने परिजनों को बताया है कि राजकुमार की हालत गंभीर है, वह अस्पताल में भर्ती हैं। परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

दोपहर में खाने को मिलेगी खीर और हलवा, एक जुलाई से होगी नियमित पढ़ाई

आज से आएंगे बच्चे , टीका लगाकर होगा स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के बाद 28 जून से विद्यालयों का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। पहले दिन विद्यालय आने वाले छात्रों का स्वागत रोली व टीका लगाकर किया जाएगा। वहीं उन्हें मध्याह्न भोजन में खीर व हलवा भी दिया जाएगा। 25 जून से स्कूलों में आ रहे अध्यापकों ने स्कूल में साफ सफाई का कार्य पूरा कर लिया है।

परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक संख्या में बच्चों का नामांकन व उन्हें स्कूल लाने के लिए शिक्षा विभाग ने अनूठी पहल की है। छात्रों को विद्यालय के प्रति आकर्षित करने के लिए विद्यालयों का रंग रोगन करके सजाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत विद्यालयों में गुब्बारे, फूल, पत्ती, रंगोली सजाई गई हैं। जिससे छात्रों का नामांकन बढ़ाया जा सके। जिससे उन्हें विद्यालय में सुंदर व स्वच्छ वातावरण का एहसास हो सके। 28 जून को विद्यालय आने वाले छात्रों का स्वागत रोली व टीका लगाकर किया जाएगा। वहीं बच्चों के मध्याह्न भोजन में खीर व हलवा बनाकर खिलाया जाएगा।

मूढांपांडे स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा में सफाई करते शिक्षक। ● अमृत विचार

> ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 28 जून को बच्चों के स्कूल आने पर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। दोपहर के खाने में बच्चों को खीर और हलवा दिया जाएगा। अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **अजीत कुमार**, बेसिक शिक्षा अधिकारी

28 जून से 15 जुलाई तक चलेगा स्कूल चलो अभियान

विभागीय अधिकारियों के आदेश के क्रम में 27 जून तक विद्यालयों की समुचित सफाई कराते हुए इन्हें आकर्षक बनाया जाना था। 28 जून से बच्चे स्कूल आएंगे। 28-29 जून को समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए स्कूल सुबह 7 .30 से 10 बजे तक खुलेंगे। जबकि एक जुलाई से नियमित पढ़ाई के लिए स्कूल सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक चलेंगे। 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा।

साफ-सफाई का कार्य पूरा

अध्यापकों के लिए 25 जून से ही सरकारी स्कूल खुल चुके हैं। वह तीन दिनों से स्कूल में साफ-सफाई में लगे हैं। कक्षाओं से लेकर पेड़ पौधे को पानी देने व उनकी घास निकाली जा रही है। साफ-सफाई का कार्य अब पूरा हो गया है। आज से स्कूलों में बच्चे पहुंचेगे।

बैनामे के फर्जी दस्तावेज दिखाकर 12 लाख ठगे

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र में प्लॉट का फर्जी बैनामा के दस्तावेज दिखाकर दोस्त ने युवक से 12 लाख रुपये ठग लिए। संदेह होने पर पीड़ित ने रकम वापस मांगी तो आरोपी टाल-मटोल करने लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद निवासी भूदेव शर्मा ने तहरीर में बताया है कि बुद्धि विहार निवासी उनके दोस्त पुष्पेंद्र ने उन्हें प्लॉट दिखाने का वादा किया था। इसके लिए भूदेव से उसने 12 लाख रुपये भी ले लिए थे, लेकिन तय समय के बाद भी जब पीड़ित को प्लॉट नहीं मिला तो उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी। इसके बाद आरोपी टाल मटोल करने लगा। कई बार तगादा करने पर आरोपी ने उन्हें झूठे केस में जेल भिजवाने की धमकी दी। भूदेव ने इसका विरोध तो गाली गलौज करने लगे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है।

अवैध कब्जों के चिह्नांकन को पहुंचीं टीमें

रामगंगा नदी के किनारे एमडीए, सिंचाई विभाग की टीम ने शुरू किया कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रामगंगा नदी किनारे अवैध कब्जों का चिह्नाकंन शुरू हो गया है। गुरुवार को बाढ़ खंड, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने चिह्नांकन शुरू कर दिया है।

रामगंगा नदी किनारे हुए अवैध अतिक्रमण को मुख्यमंत्री के आदेश के बाद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक में मंडलायुक्त ने भी सख्त तेवर दिखाते हुए जल्द ही रामगंगा नदी पर हुए अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर हटाने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को तत्कालीन जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने भी संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक के बाद अभियान चलाकर अवैध कब्जों को ध्वस्त किए जाने के निर्देश दिए। गुरुवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग व बाढ़ खंड की टीम ने संयुक्त रूप से अवैध अतिक्रमण को चिह्नित किया। रामगंगा नदी से 100 मीटर की दूरी तक हुए अवैध अतिक्रमण को संबंधित विभाग की टीमों को कब्जा मुक्त कराना है। अवैध कब्जों के चिह्नीकरण की कार्रवाई दो दिन के अंदर की जानी है, इसके बाद रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाएगी। वर्ष 2016 व 2021 में भी रामगंगा नदी पर हुए अवैध अतिक्रमण का चिह्नीकरण हो चुका है।

रामगंगा नदी के किनारे बने मकान। ● अमृत विचार

> रामगंगा नदी के किनारे अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर रिपोर्ट सोमवार तक देने के निर्देश दिए गए हैं। रामगंगा के 100 मीटर या उससे अधिक परिस्थिति के अनुसार अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अतिक्रमण हटाने में किसी के साथ भेदभाव न किया जाए। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**आन्जनेय कुमार सिंह**, मंडलायुक्त

> रामगंगा नदी पर हुए अवैध कब्जों को चिह्नांकन किया जा रहा है। तीन दिन के अंदर रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाएगी। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग व बाढ़ खंड की टीमें संयुक्त रूप से चिह्नांकन का कार्य कर रही हैं।
>
> –**राजेश कुमार गंगवार**, अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड

शादी में केक काटने को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी/मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के लालपुर गंगवरी में शादी में केक काटने को लेकर महिलाओं में कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद समझौते के दौरान पीड़ित पक्ष के आरोपी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मैनाठेर थाना क्षेत्र के लालपुर गंगवरी निवासी सरफराज ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव में शादी समारोह में केक काटने को लेकर कुछ महिलाओं में कहासुनी हो गई थी। सरफराज का आरोप है कि जब समझौते की बात की गई तो अरबाज, अफजाल, शाहनवाज, नक्शे अली निवासी लालपुर गंगवरी ने एक राय होकर सरफराज और उसके परिवार को पीटना शुरू कर दिया। जिसमें पीड़ित को गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश होकर गिर गया। पीड़ित पक्ष घायल अवस्था में थाने पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर नक्शे अली, शाहनवाज, अफजाल, अरबाज पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आईटीआई के अभ्यर्थी को प्रवेश के लिए मिलेगा विकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- राजकीय और निजी आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया में हुआ बड़ा बदलाव

अमृत विचार: राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की छूट दी है। अब निजी आईटीआई के छात्र भी अपनी सीट को फ्रीज या फ्लोट कर सकेंगे। यह बदलाव पिछले साल काफी संख्या में खाली रह गई सीटों के मद्देनजर किया गया है।

नए सत्र 2024-25 के लिए राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन किया है। इसके अनुसार अभ्यर्थी अब स्वेच्छा से ग्रुप ए व बी में राजकीय व निजी आईटीआई के लिए वरीयता क्रम में अधिकतम विकल्प देंगे। कांठ रोड़ स्थित आईटीआई के अनुदेशक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि पहले राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए अधिकतम 3 जिलों, 6 संस्थानों और 10 व्यवसाय का विकल्प दे सकते थे। वहीं निजी आईटीआई के लिए यह सीमा 3 जिलों के अधिकतम 25 संस्थानों तक थी। शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर सभी चार चरणों में ऑनलाइन सीटों के आवंटन की प्रक्रिया में भी संशोधन किया गया है। इसके तहत अब राजकीय व निजी आईटीआई में पहले चरण में किसी भी ग्रुप में सीटों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए उस ग्रुप की वरीयता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी।

प्रवेश प्रक्रिया के दूसरे चरण में राजकीय/निजी आईटीआई में प्रथम चरण में प्रवेश लेने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें अपने उच्च विकल्प नहीं मिले, लेकिन सीटें खाली हैं। अगर ऐसे अभ्यर्थी अपने विकल्प में बदलाव चाहेंगे तो सीट खाली होने पर राजकीय संस्थान में मौका मिलेगा। इसके बाद बाकी बची सीटों के लिए आवंटन की प्रक्रिया पुनः प्रथम चरण के अनुसार की जाएगी। ए विकल्प पर ही उसकी मेरिट के अनुसार उसे प्रथम चरण के अनुसार जनपद/संस्थान/व्यवसाय व पाठ्यक्रम आवंटित कर दिया जाएगा। पंजीकरण के बाद प्रवेश प्रक्रिया चार दिनों में पूरी की जाएगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश लेने के लिए अधिकतम तीन दिनों का समय प्रदान किया जाएगा।

हरपाल नगर व लोधीपुर बसु को कटान से बचाने को परियोजना का काम पूरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पिछले साल कोसी नदी और आबादी के बीच 50 मीटर का रह गया था फासला

अमृत विचार : बीते साल बरसात में कोसी और रामगंगा नदी ने मुंडापांडे के हरपाल नगर व लोधीपुर गांव में रौद्र रूप दिखाया था। मूंढापांडे के हरपाल नगर में कई किसानों की सैंकड़ों बीघा जमीन पर बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। तब खेतों में फसलें तैयार हो चुकी थीं और पानी आबादी तक पहुंच गया था। उस समय गांव की आबादी और कोसी नदी का फासला महज 50 मीटर के आसपास था।

कमोबेश यही हालत मुंडापांडे में रामगंगा नदी के किनारे बसे लोधीपुर बसु की थी। एक साल बीतने के बाद फिर से बारिश शुरू होते ही लोगों को पिछले साल का मंजर याद आ रहा है। हालांकि, इस बार लोगों को राहत देने के लिए पिछले तीन महीनों से बाढ़ खंड पांच करोड़ रुपये की परियोजना पर लगातार काम कर रहा है। जबकि काम अभी भी पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीणों को डर है कि वक्त रहते अगर काम पूरा नहीं हुआ तो उन्हें संकट का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि बाढ़ खंड का दावा है कि बाढ़ से बचाव के लिए लगभग 95 प्रतिशत से अधिक काम पूरा कर लिया गया है।

यदि पांच करोड़ की परियोजना से हो रहे कार्य समय रहते पूरे हो जाते हैं तो मूंढापांडे के दोनों गावों की लगभग 25 हजार की आबादी तो सुरक्षित होगी ही बल्कि मुंडापांडे ब्लॉक से सटे गांव रमियाठेर व गदईखेड़ा की भी बड़ी आबादी सुक्षित होगी। वहीं लोधीपुर बसु के गांव लोधीपुर ऐतमाली व भीकनपुर की बड़ी आबादी बाढ़ के खतरे से सुरक्षित रहेगी।

> मूंढापांडे के गांव लोधीपुर बसु व हरपाल नगर को रामगंगा और कोसी नदी के कटान से बचाने के लिए पांच करोड़ की परियोजना से लगातार काम कराया जा रहा है। लगभग काम पूरा हो चुका है। स्टंट और परक्यूपाइन व बांस बल्ली की पाइलिंग पूरी की जा चुकी है।
>
> –**राजेश कुमार गंगवार**, अधिशासी अभियंता, बाढ़खंड

डीएम के आदेश पर राशन डीलर समेत दो पर रिपोर्ट

कुंदरकी/मैनाठेर, अमृत विचार : जिलाधिकारी के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक विशाखा की तहरीर पर मैनाठेर पुलिस ने राशन की कालाबाजारी करने वाले राशन डीलर राजवीर और पिकअप चालक विनोद सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मैनाठेर क्षेत्र के गांव हुसैनपुर पचतौर में 24 जून की सुबह पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि राशन डीलर राजवीर द्वारा पिकअप से राशन कालाबाजारी को ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने राशन के कट्टों से भरी पिकअप को पकड़ा था। सूचना पर खाद्य विभाग की टीम ने थाने पहुंचकर जांच की थी। जांच के बाद जिलाधिकारी के आदेश और पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर राशन डीलर राजवीर और पिकअप चालक विनोद पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

श्री कृष्ण लीला सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विहारों के मंदिर कंजरी सराय में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में गुरुवार को कथा व्यास आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने यदुकुल में अवतरण करके समस्त राक्षसों का वध किया और गोपियों को परमानन्द प्रदान किया।

उन्होंने बताया कि ब्रजवासियों ने नन्द के घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की व मच गया गोकुल में हल्ला भयो यशोदा के लल्ला आदि भजनों से गोकुल महोत्सव मनाया। जिसमें पूतना भी भगवान की छठीं महोत्सव में आई और बाल कृष्ण ने उसका वध कर दिया। जिनमें मतभेद होता है, वे लोग कभी न्याय के मार्ग पर नहीं चलते। सुख उनसे कोसों दूर होता है। कीर्ति उनकी दुश्मन होती है तथा शांति की बात उन्हें चुभती है। हृदय में अज्ञान, द्वेष, दुख, विषाद, शोक, स्वार्थ, विषमता, अशांति, काम, क्रोध, लोभ, वैर, हिंसा आदि होंगे तो तुम्हारा वैसा ही वातावरण हो जायगा, वैसा ही संग और वैसी ही क्रिया होगी। कहा कि जब संसार में आए थे, तब पास में कुछ नहीं था और जायेंगे तो कुछ भी साथ नहीं जाएगा। सेवा करने से अपना कुछ भी खर्च नहीं होता और अपना कल्याण भी होता है। कथा में गोपेश बंसल, राजीव शर्मा, राजीव पाल, राधा अग्रवाल, मोहित वर्मा, शोभा बंसल, प्रीती बंसल, रानी वर्मा, राम अवतार पाल, कुमकुम वर्मा, सोनाली वर्मा, सुनीता गुप्ता, मनी ठाकुर, लता यादव, लाखन सिंह, विपिन अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

विहारों का मंदिर कंजरी सराय में भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

युवक को पीटने में तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव में मधुपुर में दोस्तों में खानपान के दौरान कहासुनी के बाद मारपीट का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मारपीट में महिला का बेटा राजेन्द्र घायल हो गया।

मैनाठेर थाना क्षेत्र के मधुपुर निवासी नन्हीं ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि उसका बेटा राजेन्द्र अपने दोस्तों रिन्कू और अज्ञात के साथ खाने के लिए कहीं गया था। वहां किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोपियों ने राजेन्द्र से मारपीट की। जिससे मेरा बेटा राजेन्द्र घायल हो गया। घायल अवस्था में पहुंचे युवक को पुलिस ने उपचार के लिए कुंदरकी सीएचसी भेज दिया था। अब महिला की शिकायत पर रिंकू और उसके दो साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सम्मान निवर्तमान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व जिला खाद्य विपणन अधिकारी को दिया प्रतीक चिह्न

प्रदेश में गेहूं खरीद में मुरादाबाद रहा प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शासन की गेहूं खरीद नीति में बेहतर कार्य कर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के प्रथम आने पर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में निवर्तमान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि मुरादाबाद जिले ने 76,000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लक्ष्य के सापेक्ष 34436 मीट्रिक टन खरीद की। यह लक्ष्य के सापेक्ष 45.31 प्रतिशत रही। जिसके आधार पर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया। साथ ही मंडल में भी जिला प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि मंडलायुक्त व तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में गेहूं के अवैध भंडारण व संचरण को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। देर रात तक छापेमारी में बड़ी मात्रा में गेहूं पकड़ा गया। वहीं 4268 पंजीकृत किसानों से गेहूं खरीद कर उनको बिचौलियों के चंगुल से बचाया गया।

मंडलायुक्त ने अधिकारियों को प्रोत्साहित किया कि आगे भी इसी तरह उत्साह के साथ काम कर प्रदेश में जिले को अग्रणी बनाए रखें। इस दौरान जिला खरीद अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, विपणन निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, विपिन श्रीवास्तव, कार्यालय सहायक प्रदीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

निवर्तमान जिलाधिकारी को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित करते मंडलायुक्त।

मात्रा व प्रतिशत खरीद में जिला रहा अव्वल

गेहूं खरीद की मात्रा और प्रतिशत दोनों में मुरादाबाद जिला अव्वल रहा है। मंडल व जिले का स्थान प्रदेश में अग्रणी रखने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ ही विभिन्न खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी सहयोग किया।

आईआईए के उद्यमियों ने वीसी को योजनाएं बताईं

मुरादाबाद, अमृत विचार: इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कार्यालय में वीसी शैलेष कुमार से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमियों के लिए भूखंड विशेष प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराए जाने और डेवलपमेंट चार्ज में छूट दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। वीसी शैलेष कुमार ने उद्यमियों को प्राधिकरण की आगामी कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आईआईए के प्रतिनिधिमंडल में हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन सुरेश गुप्ता, डिविजनल चेयरमैन संजय गुप्ता, चैप्टर चेयरमैन गोपाल मेहता, महेश अग्रवाल, मनमोहन महाजन, अजय कट्टा, चंदर तलवार आदि रहे।

21000 लीटर डीजल के गबन का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के पदाधिकारियों ने अपने विभाग के सीनियर अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव ड्यूटी में गईं मुरादाबाद डिपो की 49 बसों से 21 हजार लीटर डीजल के गबन का आरोप लगाया है। डीजल की कीमत 20 लाख रुपये बताई जा रही है। बसों के मीटर की इलेक्ट्रॉनिक वायर काट कर किलोमीटर बढ़ाकर डीजल चोरी का आरोप लगाया है। यूनियन पदाधिकारियों का आरोप है कि जब वर्कशॉप में तैनात सीनियर फोरमैन ने शिकायत उच्चाधिकारियों से की तो जांच के बजाय उन्हें सस्पेंड कर दिया।

यूनियन के पदाधिकारियों ने मुरादाबाद रोडवेज के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए है। एसएम सुरेंद्र कुमार, एएओ राकेश कुमार और डीजल इंचार्ज किरण पाल सिंह पर लोकसभा चुनाव में गईं रोडवेज बसों में डीजल चोरी का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि लोकसभा 2024 चुनाव में परिवहन निगम की बसों से अधिकारियों को मिलीभगत से डीजल का गबन कर बेचा गया। जब इस प्रकरण का उच्च अधिकारियों के समक्ष खुलासा करने के लिए मुरादाबाद डिपो के सीनियर फोरमैन द्वारा प्रयास किया गया तो उनकी झूठी रिपोर्ट करके सस्पेंड कर दिया गया।

> मुरादाबाद डिपो के एआरएम नरेश गुप्ता के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। डीजल गबन के मामले जांच के लिए कमेटी गठित की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। सभी ऐसे बस चालकों के खिलाफ जिनकी वायर कटी होगी उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**ममता रानी**, क्षेत्रीय प्रबंधक

ऐसे पता चली डीजल की चोरी

अधिकारियों की मिलीभगत से बीएस 6 नई बसों के तार काटकर डायग्नोस्टिक टूल किट व टिल्लू पंप द्वारा किमी बढ़ाकर वाहनों में अधिक डीजल का खर्च दिखाया। बीएस 6 बस का 500 किलोमीटर चलने के 6 लीटर लिक्विड यूरिया डीजल टैंक में डालना जरूरी है। गाड़ियों में जितनी डीजल की खपत दिखाई गई। उसके मुताबिक यूरिया नहीं खरीदा है। जिससे गबन का खुलासा हुआ।

एक नजर

डॉ. सौरभ को गुलदस्ता भेंट करते सीएचसी कर्मचारी। ● अमृत विचार

डॉ. सौरभ ने संभाला सीएचसी का चार्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : गुरुवार को डॉ. सौरभ कुमार बरतौरिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सा अधीक्षक का पदभार संभाल लिया। इससे पहले डॉ. सौरभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर कलां में तैनात थे और कुंदरकी में डॉ. राजेश उपाध्याय चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात थे। इस दौरान स्टाफ के लोगों ने उनको बुके भेंट कर स्वागत किया।

तमंचा व कारतूस बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : थाना पुलिस ने युवक को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने नगर में निर्माणाधीन पानी की टंकी के निकट से एक व्यक्ति को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम गुड्डू पुत्र खैराती निवासी मोहल्ला पृथ्वीगंज थाना कांठ बताया है। पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

महिला को फुसलाकर ले जाने की शिकायत

छजलैट, अमृत विचार : ग्राम मुस्तफापुर खंडसाल निवासी एक व्यक्ति ने गांव के व्यक्ति पर अपनी पत्नी को फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मुस्तफापुर खंडसाल निवासी याकूब ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मैं घर से बाहर मजदूरी करने गया था। तभी गांव का व्यक्ति मेरी पत्नी को घर से फुसलाकर ले गया। उसके साथ 20 हज़ार रुपये नकद व जेवर भी ले गया और तीनों पुत्रियों को घर पर ही अकेला छोड़ दिया। मैंने दोनों की काफी तलाश किया, परंतु कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

किसानों को अधिग्रहीत भूमि का जल्द मिलेगा मुआवजा

मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने किसानों को दी जानकारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनर के तहत प्रीतम सिंह के नेतृत्व में मुरादाबाद-काशीपुर हाईवे के बाईपास के लिए अधिग्रहीत की भूमि के मुआवजे से वंचित किसानों ने रामूवाला गणेश चौराहे के पास अलीगंज रोड पर धरना तहसीलदार के आश्वासन पर खत्म हो गया।

गुरुवार को धरने को संबोधित करते हुए प्रीतम सिंह ने कहा कि भूमि अध्याप्ति अधिकारी किन्शुक श्रीवास्तव मुआवजे की धनराशि भेजने में मनमानी कर रही हैं। किसानों की भूमि जनवरी में खेतों में फसलों को बर्बाद कर अधिग्रहीत कर ली गई थी। लेकिन बार-बार शिकायत करने के बाद भी फरीदनगर, साहबगंज तथा फैजुल्लानगर के किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है। किसानों में अधिकारियों के प्रति नाराजगी है और अब किसानों ने मुआवजा लेने के लिए मोर्चा खोल दिया है। कहा कि जब तक सभी किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाता। तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान तहसीलदार रमेश चंद पांडे धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को बताया कि एसडीएम की भूमि अध्याप्ति अधिकारी से बात हो गई है। एक दो दिन में मुआवजे के रुपये खातों में भेज दिए जाएंगे। इस दौरान कैलाश सिंह, ग्राम प्रधान मदनपाल सिंह, भीम सिंह, कर्मवीर सिंह, चौधरी समर सिंह, मनोहरी सिंह, बलराम सिंह, अर्जुन सिंह, पदम सिंह, नरेश सिंह, रमेश सिंह, उदय सिंह, हामिद हुसैन, जाकिर हुसैन और जाहिद हुसैन, मुन्नी देवी, राखी देवी आदि मौजूद रहे।

धरना स्थल पर तहसीलदार को ज्ञापन देते अखिल भारतीय मजदूर सभा के कार्यकर्ता।

स्कूल चलो अभियान व अन्य योजनाओं की जानकारी दी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र ठाकुरद्वारा पर खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश सिंह गोयल की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक हुई।

समीक्षा बैठक में एआरपी पीयूष कुमार प्रशान्त ने छात्र उपस्थिति और एमडीएम पंजिका का डिजिटलाइजेशन, स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, डीबीटी तथा निपुण विद्यालय कार्ययोजना आदि बिंदुओं पर शिक्षकों के साथ चर्चा की। बैठक में योगराज सिंह ने स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम, दीक्षा मैपिंग, समय सारणी का प्रयोग, कक्षा शिक्षण की उत्कृष्ट विधा के बारे में बताया। सतीश मोहन ने नवीन नामांकन, छात्र उपस्थिति, हाउस होल्ड सर्वे आदि बिंदुओं पर विद्यालयवार समीक्षा की। 28 व 29 जून को विद्यालय स्तर पर समर कैंप का आयोजन कराने तथा 28 तारीख को विद्यालय को सजाकर स्कूल आने वाले बच्चों का तिलक कर उनका स्वागत करने की बात कही। बैठक में एआरपी नवनीत विश्नोई, कृष्ण कुमार गौतम, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह तथा समस्त प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

ब्लॉक संसाधन केंद्र में बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

अस्पताल का उद्घाटन करते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

चेयरमैन ने किया अस्पताल का उद्घाटन

कांठ, अमृत विचार : गुरुवार को ऊमरी चौराहा पुलिस चौकी के निकट नगर पंचायत अध्यक्ष ऊमरी कलां ने अस्पताल का उद्घाटन किया। ऊमरी चौराहा पर डॉ. सलमान अहमद तथा डॉ. शहरोज अहमद के नायक हॉस्पिटल का मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ऊमरी कलां मोहम्मद उस्मान अली ने उद्घाटन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ऊमरी कलां तथा ऊमरी चौराहा समेत आसपास के गावों के लोगों के लिए सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर नगर पंचायत ऊमरी कलां केचेयरमैन मोहम्मद उस्मान अली, मोहम्मद जीशान, डॉ. सलमान अहमद, डॉ. शहरोज अहमद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गोशाला को दिया 40 क्विंटल चारा

छजलैट, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संयोजक गो सेवा गतिविधि ने टीम के साथ सादकपुर खिचड़ी की गोशाला में गोसेवा की। गोशाला को 40 क्विंटल हरा चारा उपलब्ध कराया गया। जिला संयोजक विकास शर्मा ने बताया कि बीमार गोवंशों का उपचार कराया गया। वर्तमान में इस गोशाला में लगभग 390 से ज्यादा गोवंश सुरक्षित एवं संरक्षित है। जो क्षमता से कहीं ज्यादा है। गोशाला में बिजली न होने के कारण कुछ चारा गोवंशों को बगैर काटे ही डालकर खिलाया गया। इस बारे में एसडीओ कांठ से फोन पर वार्ता की गई। उन्होंने बताया कि गोशाला में रात्रि के शेड्यूल में बिजली आ रही है। गो सेवा गतिविधि की टीम द्वारा प्रशासन से मांग की गई कि गोशाला के लिए दो घंटे दिन में बिजली की आपूर्ति होनी चाहिए। ताकि गोवंशों को हरा चारा काट कर खिलाया जा सके। प्रशासन से मांग की गई है कि जल्दी ही रायपुर खुर्द की गोशाला चलवाई जाए। इस मौके पर गो सेवा गतिविधि की टीम के विशाल, विपिन कुमार, प्रकाश यादव, बिट्टू, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य गोयल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि योगी आदि उपस्थित रहे।

दुकान से डेढ़ लाख रुपये के मोबाइल चोरी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अस्पताल रोड पर मोहल्ला अंसारियान निवासी नदीम अहमद की लकी मोबाइल केयर के नाम से दुकान है। गुरुवार सुबह नदीम अहमद ने दुकान खोली तो वहां सामान बिखरा पड़ा था। उसकी दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपये के और रिपेयर के लिए आए मोबाइल फोन भी गायब थे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोर दुकान की छत पर सीढ़ियों की जाली काटते दिखाई दिए। दुकानदार ने पुलिस को चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सार्वजनिक स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त कराने की मांग की है।

उपचार के दौरान पत्रकार का निधन

छजलैट, अमृत विचार : एक सप्ताह पहले हुए हादसे में घायल पत्रकार का निधन हो गया। ग्राम सदुपुरा निवासी चरण सिंह बाइक से 20 जून को मुरादाबाद जा रहे थे। जैसे ही वह 6 बजे करीब थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर के पास पहुंचे। उन्हें बाइक सवार अकरम पुत्र जावेद निवासी ग्राम भीकनपुर ने टक्कर मार दी थी। वह मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती थे। गुरुवार को उन्होंने एम्स ऋषिकेश ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र मनीष कुमार ने पुलिस को अकरम के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था। शव के गांव पहुंचने पर अंतिम संस्कार में शामिल होकर लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

अवैध संबंधों के विरोध पर पत्नी को पीटा, घर से निकाला

डिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव में युवती से अवैध संबंधों के विरोध पर पत्नी को मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। छह वर्ष पहले क्षेत्र के गांव निवासी युवती की शादी अमरोहा के थाना नौगांवा सादात निवासी युवक से हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराल के लोग खुश नहीं थे। वह विवाहिता को आए दिन पीटते थे। इसी दौरान महिला के पति ने एक युवती से संबंध बना लिए और अश्लील वीडियो भी बनाई। एक दिन महिला ने पति के मोबाइल में उस युवती के साथ आपत्तिजनक हालत में लिए गए फोटो देख लिए। जिसका विरोध करने पर पति ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता ने थाना डिलारी में तहरीर दी थी। पुलिस ने जांच कर मामला दर्ज कर लिया है।

युवती से घर में घुसकर दुष्कर्म

डिलारी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव में युवती से घर में घुसकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि गांव निवासी एक युवक उससे कई दिनों से छेड़छाड़ कर रहा था। मामला रात 12 बजे की है। उसके परिजन पड़ोसी गांव में शादी में गए हुए थे, तभी उसे घर में अकेला जानकर आरोपी आ गया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर बेरहमी से पीटा और दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे धमकी दी और भाग गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित महिला ने एसएसपी के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाई है।

संचारी रोगों की रोकथाम को जागरूक किया

डिलारी, अमृत विचार : गुरुवार को ब्लॉक डिलारी के सभागार में कार्यशाला हुई। इसमें संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर जागरूक किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में बताया कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोगों के नियंत्रण को लेकर अभियान चलाया जाएगा। कार्यशाला में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए टिप्स बताए गए। कार्यशाला का संचालन एडीओ पंचायत चंद्रपाल सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सत्यवीर सिंह, जय कुमार सिंह और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। इस मौके पर ग्राम प्रधान धर्मपाल सिंह, उस्मान, विपिन कुमार, हरकेश, महेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, अशरफ अली मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे।

बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत, फसलें लहराईं

कांठ/छजलैट, अमृत विचार : गुरुवार को कांठ, छजलैट, और ऊमरी कलां क्षेत्र में बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। किसानों का कहना है कि बारिश से फसलों में जान पड़ गई है।

गुरुवार को दोपहर तक बारिश होती रही। इसके बाद कभी धूप निकली तो कभी काले बादल दिखाई दिए। बारिश के दौरान लोग घरों से छाता लगाकर जरूरी कार्यों के लिए आते जाते दिखाई दिए। वहीं, किसान जितेंद्र विश्नोई जीतू, राजेंद्र विश्रोई, नितिन विश्नोई, वीरेंद्र सिंह, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, राजपाल सिंह, वीर सिंह, संदीप कुमार, अजय कुमार, जयवीर सिंह, रामवीर सिंह, पिंटू विश्नोई, राजीव कुमार, कुलबीर सिंह, बृजपाल सिंह का कहना है कि बारिश फसलों के लिए लाभकारी है। हल्की बारिश से गन्ने की फसल में रौनक दिखाई दे रही है। अभी मूसलाधार बारिश की आवश्यकता है। जिससे किसान अपने खेतों में धान की रोपाई कर सकें।

दूसरे दिन भी सभासदों का धरना जारी

संवाददाता कांठ

अमृत विचार : नगर पंचायत के सभासदों ने उनके प्रस्तावों की अनदेखी करने और उन्हें रजिस्टर में अंकित न करने पर दूसरे दिन भी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की और धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

बुधवार को 16 वार्डों के सभासद करीब 12 बजे नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे थे और अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी के खिलाफ नारेबाजी कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए थे। सभासदों ने अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बोर्ड की बैठक में जो प्रस्ताव वह अपने वार्डों के लिखवाते हैं, उन्हें रजिस्टर में अंकित नहीं किया जाता है। सभासदों का कहना है कि वार्डों में न तो सफाई हो रही है, और न ही इन वार्डों के विकास पर ही नगर पंचायत अध्यक्ष ध्यान नहीं दे रहे हैं। महज वार्ड संख्या 13 में ही समस्त विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जबकि लोगों को उनके वार्डों की जवाबदेही उन्हें खुद देनी पड़ रही है।

गुरुवार को सभासदों ने अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया। बुधवार शाम प्रशासनिक अधिकारी धरने में वार्ता के लिए पहुंचे थे, लेकिन कोई बात नहीं बनी। जिससे गुरुवार को भी सभासदों का धरना जारी रहा। सभासदों का कहना है कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। दूसरे दिन धरने में सोनम कौर, चमन सिंह, मंजू, पिंकी, मनोज कुमार, नसीम अहमद, रिहाना, प्रियंका सैनी, मौहम्मद इल्यास, दिलशाद, मोहम्मद उस्मान, धर्मवीर सिंह, वसीम, रईस अहमद, रुकसाना, जमीला खातून उपस्थित रहीं।

धरना स्थल पर मौजूद सभासद। ● अमृत विचार

ग्राम प्रधान के पुत्र को पीटने वालों पर रिपोर्ट

कुंदरकी, अमृत विचार : ग्राम प्रधान के पुत्र को पीटने के आरोपियों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पंचायत पंडिया थाना कुंदरकी की ग्राम प्रधान नाजमा पत्नी फकीरा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि 25 जून की दोपहर को उसका बेटा दानिश कुंदरकी को जा रहा था। वह जैसे ही डींगरपुर रोड स्थित एचएएम स्कूल के पास पहुंचा तो गांव के ही ताहिर और दो अज्ञात लोगों ने बेटे की बाइक को रोककर गाली-गलौज की और दानिश ने विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने मारपीट की। ताहिर ने उसके बेटे के सिर पर कोई चीज मारी, जिससे सिर पर गहरी चोट लगी। वहां पर लोगों को आता देख सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। ग्राम प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर किया दुष्कर्म

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

शर्मनाक

- पति, सास-ससुर से शिकायत की तो महिला को पीटा
- देवर ने अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की दी धमकी

अमृत विचार : महिला को नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर देवर व ननदोई ने दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। दोनों आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शोषण करते रहे। इसकी शिकायत करने पर पति, सास-ससुर ने भी महिला से मारपीट की। महिला ने पति पर भी नशीली दवा देने और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है।

थाना डिलारी क्षेत्र के गांव की महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 10 नवंबर 2021 को उसकी शादी मुरादाबाद जनपद के थाना मझोला के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के 15 दिन तक सब ठीक रहा। उसके बाद पति रोज रात को गायब रहने लगा। आसपास की महिलाओं ने बताया कि उसके पति के कई महिलाओं व लड़कियों से अवैध संबंध हैं। जब उसने सास-ससुर से इसकी शिकायत की तो उसे ही डांटा गया और घर आकर पति ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद पति खाने में मिलाकर उसे नशे की गोलियां भी देने लगा। जब उसने मायके वालों से शिकायत की तो पंचायत भी हुई, जिसमें पति ने भविष्य में इस तरह की हरकत न करने की बात कही। लेकिन पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

आरोप है कि वह एक दिन अपने घर पर अकेली थी। इस दौरान उसका देवर कोल्ड ड्रिंक लेकर आया और कहा कि भाभी कोल्ड ड्रिंक पी लो। कोल्ड ड्रिंक पीते ही उसे चक्कर आने लगे और वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में देवर ने उससे दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। महिला ने बताया कि उसके ननदोई ने उससे कमरे में सोते हुए दुष्कर्म किया। देवर और ननदोई के बारे में उसने सास-ससुर और पति को बताया तो उन्होंने उसे पीटा और उसके ऊपर पेट्रोल डाल दिया। लेकिन, शोर मचाने पर वह बच गई। इस घटना का पता चलने पर उसके परिजन उसे अपने साथ ले आए। बाद में फिर पंचायत बैठी। ससुराल वालों ने इस तरह की हरकत न करने आश्वासन दिया, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। बाद में जब वह गर्भवती हुई तो पति ने जबरन गर्भपात की दवा खिलाई, जिससे उसकी हालत खराब हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वाले उसे अपने साथ ले आए। अब उसका उपचार ठाकुरद्वारा स्थित निजी चिकित्सालय में चल रहा है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

बाइक फिसलने से दो निजी बैंककर्मी घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : बाइक असंतुलित होकर सड़क पर फिसल गई। जिससे निजी बैंक के दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

संभल के गांव शाहपुर चमरान निवासी रवि शास्त्री पुत्र राम सिंह व नगीना निवासी राहुल चौहान निजी बैंक में काम करते हैं। गुरुवार को दोनों बाइक से काशीपुर की ब्रांच में किसी काम से जा रहे थे। ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर सुरजननगर के निकट सड़क पर कीचड़ होने के कारण बाइक असंतुलित हो सड़क पर फिसल गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

आम के बाग में तेंदुआ और दो शावकों को देख किसान बेहोश

संवाददाता, भोजपुर

अमृत विचार : गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर में आम के बाग में तेंदुआ और दो शावकों को देखकर किसान बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और वन विभाग की टीम को बताया।

महेशपुर खेम निवासी मोहम्मद इरशाद ने बताया कि वह गुरुवार सुबह 10 बजे मजदूरों के साथ आम के बाग में घूम रहा था। जब वह बाग में मजार की तरफ पहुंचा तो सामने से तेंदुआ आता दिखाई दिया। तेंदुआ देखकर वह बेहोश हो गया। मजदूर किसान को उठाकर डेरे पर ले गए। जहां कुछ देर बाद किसान को होश आया। आसपास के किसानों ने भी तेंदुए को देखने की बात कही है। कुछ किसानों का कहना है कि बुधवार रात पड़ोस के आम के बाग में किसानों ने तेंदुआ देखा था। तेंदुए के साथ दो शावक भी बताए जा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आम के बाग का निरीक्षण किया। बाग में वन्य पशु के पैरों के निशान देखे गए। थाना पुलिस का कहना है वन विभाग को बता दिया गया है। जल्द ही वह मौके पर पहुंचकर तेंदुए को पकड़ने की व्यवस्था करेंगे।

चाकू सहित युवक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

कुंदरकी, अमृत विचार : गुरुवार को पुलिस ने एक युवक को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस को आरोपी के पास से चाकू मिला। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि हाईवे पर कब्रिस्तान के निकट इमरान पुत्र मोहम्मद निवासी ग्राम चकफाजलपुर थाना कुन्दरकी को चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को रिपोर्ट दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है।

आयोजन नोडल अध्यापकों को डायट में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की दी जानकारी

कार्यशाला में संक्रामक रोगों से बचाव के तरीके बताए

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए समस्त नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के अभिभावकों का दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोग तथा जल जनित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार के लिए संवेदीकरण किया जाए। विशेष रूप से शुद्ध पीने का पानी, शौचालय के प्रयोग और खुले में शौच के नुकसान की जानकारी दें। बताया कि हर बुखार खतरनाक हो सकता है। बुखार के कारण क्या हैं, बुखार होने पर क्या करें, क्या न करें के विषय में जागरूक करें। पेयजल को उबालने, साबुन से हाथ धोने, शौचालय का प्रयोग इत्यादि के विषय में छात्रों एवं अभिभावकों को जागरूक किया जाए। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों का उनकी मासिक बैठक में दिमागी बुखार एवं अन्य व्यक्ति जनित रोग तथा जल जनित रोगों पर संवेदीकरण करें। शिक्षा विभाग द्वारा पुस्तकों के वितरण के समय अभिभावकों का संवेदीकरण किया जाए। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा निबंध, लेखन इत्यादि के माध्यमों से छात्रों को रोगों से बचाव, पर्यावरणीय स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में सक्रिय सहभागिता के साथ जागरूक करने, शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराने, गतिविधि कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का संचालन कराने, दिमागी बुखार एवं जल जनित रोगों से बचाव संबंधी प्रचार प्रसार सामग्री को स्कूल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने, छात्रों की गतिविधियों में उनके अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने, छात्रों को दिए असाइनमेंट पर अभिभावक से टिप्पणी लिखने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बीईओ, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सिंह और यूनिसेफ से रेखा पटेल उपस्थित रहे।

कार्यशाला में बोलतीं वक्ता। ● अमृत विचार

कब्रिस्तान की जमीन बेचने की शिकायत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव से मुस्लिम समाज के लोग चले गए तो कुछ लोगों ने कब्रिस्तान की भूमि को बेच दिया। जहां कई पक्के मकान भी बन गए हैं।

ग्राम पंचायत गंझेड़ा आलम के ग्राम घोटों की मंडैया निवासी महेंद्र सिंह चौहान ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। इसमें कहा कि वर्तमान में गांव में मुस्लिम समुदाय का कोई परिवार नहीं रहता है। 40 वर्ष पहले मुस्लिम समुदाय के सभी परिवार आसपास के गांवों में जाकर बस गए। इसके बाद यहां के कब्रिस्तान की भूमि को ग्राम लौंगीकलां के लोगों ने अपनी बताकर बेचना शुरू कर दिया। अब कब्रिस्तान की भूमि पर खड़े पेड़ों को भी अवैध रूप से बेच रहे हैं। महेंद्र सिंह चौहान ने एसडीएम से कब्रिस्तान की भूमि बेचने एवं कब्जा कर मकान बनाने वालों की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

एसडीएम के तबादले को लेकर नारेबाजी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : अधिवक्ताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने वाले लेखपालों के निलंबन और उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण सहित कई मांगों को लेकर गुरुवार को भी अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर नारेबाजी कर धरना दिया। इसी के साथ अधिवक्ताओं ने राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार जारी रखा।

कोतवाली क्षेत्र के लेखपाल मुनेश कुमार ने अधिवक्ताओं योगेंद्र यादव और कुलदीप सिंह के खिलाफ दलित उत्पीड़न और सरकारी काम में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में अधिवक्ताओं ने भी लेखपाल मुनेश कुमार और विनय अरोरा आदि के खिलाफ मारपीट और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा के स्थानांतरण और तीन लेखपालों मुनेश कुमार, विनय अरोरा और त्रिलोकी नाथ के निलंबन तथा लेखपालों के निजी मुंशियों को हटाने और लेखपालों की संपत्ति की जांच कराने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर धरना देकर नारेबाजी की। धरने के दौरान प्रमोद कुमार ने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में शमीम कुरैशी, कुलदीप सिंह, योगेंद्र यादव, हीरालाल, राजीव विश्नोई, आबिद अली, विवेक शर्मा, उमेश गुप्ता, राजीव विश्नोई, सफदर, अनुज सक्सेना, अली खान, जसवंत सिंह, सतीश कुमार, जयपाल सिंह, धर्म दत्त शर्मा, मनोज चौहान आदि मौजूद रहे।

एसडीएम कार्यालय पर धरना देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

एक नजर

फुंका ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया, लोग परेशान

बुरावली, अमृत विचार : क्षेत्र में तीन दिन से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। इस कारण बिजली नहीं मिलने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने बिजली आपूर्ति सुचारू कराने के लिए बुरावली बिजली घर पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा। है। 24 घंटे के भीतर फुंका और खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने का आदेश हवाई साबित हो रहा है। न्याय पंचायत बुरावली में प्रथमा बैंक के पास रखा ट्रांसफार्मर तीन दिन पहले फुंक गया था। इसके चलते लोग बिजली और पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है। मांग करने वालों में सुरेन्द्र सिंह आर्य, सरोज गुर्जर, देवराज सिंह, लाखन सिंह, संजय सिंह, सोनू सिंह, विजय सिंह, औतर सिंह, वसंत सिह, कैलास सिं, शेर सिंह, अरविंद कुमार, सगीर अहमद ,बिट्टन , बन्ने खां , मकसूद, विपिन कुमार, जबर सिंह आदि शामिल रहे।

बैठक में अतिक्रमण नहीं करने पर की गई चर्चा

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस कार्यालय सभागार में व्यापारी सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बैठक में उनकी समस्याएं सुनीं। सुरक्षा व्यवस्था और अतिक्रमण को लेकर चर्चा की। बैठक में व्यापारी संगठन के पदाधिकारी ने अपनी समस्याएं उठाईं। पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक के साथ व्यापारी संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक की। व्यापारी संगठन के पदाधिकारी से कहा कि वह अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे और प्रकाश की व्यवस्था आपसी सहयोग से बाजार में सुरक्षा गार्ड रखें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात को सुचारू रूप से संचालन करने और जाम के निस्तारण में सहयोग कर सड़क पर अतिक्रमण न करें। अपने सामान को दुकान के अंदर ही रखें। बैठक के दौरान उपस्थित सभी व्यापारियों को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के संबंध में भी जागरुक किया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

गजरौला, अमृत विचार : दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी नसीम निवासी ग्राम पपसरा खादर थाना को गिरफ्तार किया है। वह काफी दिन से फरार चल रहा था। वह दुष्कर्म व पॉक्सो में नामजद था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

गजरौला में बारिश के बाद सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

बारिश के दौरान मकान गिरने के बाद पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

कच्चा मकान ढहने के बाद पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

पथरा गांव में बारिश से मकान गिरा मलबे में दबे तीन भाई-बहन घायल

राजस्व टीम ने किया मौका मुआयना, तीनों घायल सीएचसी में भर्ती

संवाददाता, ढबारसी (अमरोहा)

अमृत विचार : गांव पथरा में गुरुवार सुबह बारिश से किसान का मकान भरभराकर गिर गया। इससे मलबे में दबने से घर में सो रहे तीन भाई-बहन घायल हो गए। लोगों ने तीनों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस और राजस्व टीम ने मौका मुआयना किया।

यह घटना गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव पथरा की है। यहां विजय सिंह का परिवार रहता है। परिवार में उनकी पत्नी , दो बेटी व एक बेटा है। बुधवार रात घर में विजय सिहं अपने परिवार सहित सोए थे। रात दो बजे तेज बारिश शुरू हो गई। गुरुवार सुबह विजय का मकान बारिश के बीच गिर गया। इसके मलबे में विजय सिंह की पुत्री रेखा (10), अनीता (13) व पुत्र रेशू (10) दब गए। मकान गिरने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने तीनों घायल को बाहर निकाला। एंबुलेंस से तीनों को रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार किया गया।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच राजस्व विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया। स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारी डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि बच्चों की हालत खतरे से बाहर है और प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

बारिश से गिरा निर्माणाधीन मकान का हिस्सा दिखाते लोग। ● अमृत विचार

भरभराकर गिरा मकान, कई लोग जख्मी

मुबारिजपुर, अमृत विचार : गांव बहादुरपुर मिश्र में बारिश के दौरान निर्माणाधीन मकान गिर गया। इसमें परिवार के कई लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव बहादुरपुर मिश्र की है। गुरुवार तड़के हुई बारिश से नौरंग का निर्माणधीन मकान ढह गया। इसकी चपेट में आने से कई लोग जख्मी हो गए। संभल के एक अस्पताल में घायलों का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना के बाद हलका लेखपाल सरवन कुमार मौके पर पहुंचे।

बारिश से सड़कों पर जलभराव, राहगीर हुए परेशान

बुरावली, अमृत विचार : क्षेत्र में गुरुवार सुबह बारिश से सड़कों पर जलभराव होने से समस्या उत्पन्न हो गई। बारिश के बाद क्षेत्र की सड़कों पर आवागमन में परेशानी हुई है। शिव मंदिर के पास से इकराम के घर तक जलभराव हुआ। उझारी अड्डे पर भी जलभराव हो गया। उझारी अड्डे पर सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। हल्की बारिश से भी यहां पानी जमा हो जाता है। हालांकि उझारी बुरावली सड़क बनाने के लिए टेंडर पास हो चुका है। लेकिन सड़क बनाने का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ। 10 किलोमीटर का यह मार्ग बनने के बाद लोगों को सहूलियत मिलेगी।

मकान ढहने से मलबे में दबकर महिला चोटिल

ढबारसी, अमृत विचार : सैदनगली क्षेत्र के गांव चकूनी में बारिश से मकान गिर गया। घर में सो रही महिला मलबे में दबकर घायल हो गई। चार बच्चे बाल बाल बच गए। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव चकूनी निवासी गजराज मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार की गुजर बसर करता है। गजराज दो दिन पहले मजदूरी करने बुलन्दशहर गया था। बुधवार रात्रि पत्नी अंजलि व विपिन, प्रियंका, अंशु और पंकज कच्चे मकान में सो रहे थे। गुरुवार तड़के चार बजे मकान की दीवारें बारिश से ढह गईं। मकान की दीवार गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे अंजलि व बच्चों को बाहर निकाला। अंजलि घायल हो गई। जबकि बच्चों को सकुशल निकाल लिया गया। अंजलि का गांव के निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है। मकान गिरने से घर में रखे चारपाई, अनाज, कपड़े आदि नष्ट हो गए। परिजनों ने सूचना दी। लेकिन राजस्व विभाग का कोई कर्मचारी देर शाम तक मौके पर नहीं पहुंचा। गृहस्वामी गजराज पर बुलन्दशहर से घर पहुंचे। गजराज का कहना है कि एक वर्ष पहले ग्राम प्रधान ने पक्का मकान बनवाने के लिए 10 हजार रुपये लिए थे, जो उसने ब्याज पर लेकर दिए थे। लेकिन अभी तक मकान नहीं बन पाया।

बारिश के बाद शहर के आजाद मार्ग पर जलभराव के बीच गुजरते वाहन सवार। ● अमृत विचार

जिले में आज भी बारिश होने के आसार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में गुरुवार तड़के शुरू हुई झमाझम बारिश दोपहर तक होती रही। मौसम सुहाना हो गया। तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 24 घंटों में जिले के कई हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं।

दो दिन पहले हुई बारिश के बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही थी। उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे। बारिश न होने से फसलों की सिंचाई का संकट गहरा रहा था। आसमान में रोजाना बादल छाने के बावजूद भी बारिश नहीं हुई। लेकिन गुरुवार तड़के मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में घटा छा गई। सुबह चार बजे से झमाझम बारिश शुरू हुई। बिना छाते के बाहर निकलने वाले लोगों को बारिश ने खूब भिगोया। बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। दोपहर बाद तक झमाझम बारिश हुई। कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश होने का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा।

बारिश थमने के बाद भी आसमान में बादल छाए रहे। ठंडी हवा चलती रही। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। गुरुवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बारिश के बाद कुछ स्थानों पर जलभराव के चलते जरूर आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला कृषि अधिकारी बब्लू कुमार ने बताया कि मानसून की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। किसानों की फसलों को बारिश से लाभ हुआ है। अभी और बारिश के आसार हैं।

झमाझम बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न

अमरोहा, अमृत विचार : झमाझम बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया। राहगीरों को परेशानी हुई। शहर के बिजनौर मार्ग, आजाद रोड समेत पॉश कॉलोनी तक में पानी जमा हो गया। नाला सफाई न होने के कारण जलभराव हुआ। शहर में जलभराव की समस्या बरसों पुरानी है। हालांकि शहर में जलभराव से निपटने के लिए कवायद चल रही है। गुरुवार को हुई बारिश ने पालिका के नाले सफाई की पोल खोल कर रख दी। थोड़ी देर में ही शहर में जलभराव हो गया। कोट चौराहा, सर्राफा बाजार, बसावन गंज, आजाद रोड, बड़ा बाजार, टीपी नगर चौराहा, बिजनौर मार्ग पर जलभराव रहा। नागरिकों का कहना है कि जलभराव की समस्या से शहर को छुटकारा नहीं मिल रहा है। हल्की बारिश में ही शहर के नाले उफना जाते हैं। पानी सड़कों पर आ जाता है। नालों में पसरी गंदगी की वजह से जलनिकासी नहीं हो पाती। जलभराव से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पानी में ई-रिक्शा पलटने से सवारियां गिरीं

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर के बस स्टैंड चौराहे पर बारिश का पानी जमा होने के कारण सवारियों से भरी ई रिक्शा पलट गा। गनीमत रही कि किसी की चोट नहीं आई। राहगीरों ने ई-रिक्शा को सीधा कराया।

गुरुवार सुबह बारिश से अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर पानी जमा हो गया था। ई रिक्शा मंडी समिति को जाते पानी में पलट गया। ई-रिक्शा में बैठी सवारियां पानी में गिर गईं। लोगों ने ई-रिक्शा को सीधा कराकर पानी से सवारियों को बाहर निकाला।

हवा के साथ हुई बारिश के बीच टूटा खंभा : क्षेत्र में हवा के साथ हुई बारिश के बीच नगर के बाईपास पर हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

गुरुवार तड़के से ही हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई, जो दोपहर 12 बजे तक होती रही। इससे मौसम सुहाना हो गया।

हवा के कारण नगर के बाईपास मार्ग स्थित हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया। बारिश रुकने के बाद विद्युत कर्मचारियों ने खंभा ठीक किया। उधर, बारिश से नगर के कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई।

सड़क पर पानी में पलटे ई-रिक्शा को उठाते लोग। ● अमृत विचार

गिरा पड़ा बिजली का खंभा।

बारिश से फसलों को लाभ, गर्मी से भी राहत

गजरौला, अमृत विचार : गुरुवार तड़के मौसम का मिजाज बदल गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश से तापमान में गिरावट आई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश से धान, गन्ने व अन्य फसलों को लाभ हुआ। धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए। शहर के कई क्षेत्रों में धान की रोपाई किसानों ने प्रारंभ कर दी।

तड़के से तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। तीन घंटे रुक-रुककर बारिश होती रही। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी एके मिश्र ने बताया कि बारिश से सबसे ज्यादा फायदा धान की फसल और आम को हुआ है। कई जगह किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई भी शुरू कर दी है। किसानों ने बताया कि उमस भरी गर्मी ने परेशान कर दिया था। बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है। धान की फसल को भी लाभ मिला है।

बारिश होते की धान रोपाई की तैयारी में जुटे किसान

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तेज बारिश से तहसील क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे। किसान धान की रोपाई की तैयारी में जुट गए हैं।

किसान फसलों की सिंचाई करने के लिए बिजली का इंतजार करते थे। बारिश नहीं होने से धान की रोपाई नहीं हो पा रही थी। अब बारिश होने से किसान धान की फसल की रोपाई की तैयारी में जुट गए हैं। बारिश किसान की गन्ने की फसल समेत अन्य फसलों के लिए संजीवनी साबित हुई है। हालांकि कुछ मेंथा किसानों के चेहरे पर बारिश के चलते चिंता की लकीरें हैं। गुरुवार सुबह से हुई मूसलाधार बारिश से किसानों के खेतों में पानी भर गया। इससे किसान खुश नजर आए। किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। गन्ने की फसल को पानी मिलने से किसानों को सिंचाई करने से छुटकारा मिला है। इससे पहले वे नलकूपों से सिंचाई के लिए परेशान हो रहे थे। बिजली उनकी दिक्कत बढ़ा रही थी।

बारिश के पानी से खेत लबालबा : मुबारिजपुर : गंगेश्वरी क्षेत्र में बुधवार रात हुई बारिश के पानी से खेत लबालब हो गए। मुख्य सड़कों व मार्गों पर आवागमन बधित हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में जलनिकासी न होने से लोगों को दिक्कतें हुईं।

जून में इस साल की पहली बारिश ने पांच साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया है। खेतों में धान, उड़द, मूंग व अन्य फसलों में नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

हसनपुर में मेंथा की फसल में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

बारिश के पानी से जलमग्न हुए खेत। ● अमृत विचार

लापता सिपाही की तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : युवती द्वारा दुष्कर्म के मामले में फंसाने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की बात कहकर वीडियो वायरल करने वाले पीएसी के सिपाही का कोई पता नहीं चल पा रहा है। उसने वीडियो में गंगा में डूबकर आत्महत्या करने की बात कही थी। इसलिए गुरुवार को एसडीआरएफ की टीम ने बृजघाट स्थित गंगा में तलाश की, लेकिन सिपाही का कुछ पता नहीं लग सका।

मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव पपसरी का रहने वाला सुरेश पीएसी में सिपाही है और वर्तमान में उसकी तैनाती मुरादाबाद में चल रही है। चार दिन पहले उसने बृजघाट में गंगा किनारे बैठकर एक वीडियो बनाया था, इसमें उसने एक युवती पर दुष्कर्म में फंसाने सहित कुछ अन्य युवकों पर भी परेशान करने का आरोप लगाया था। सिपाही ने रोते रोते कहा था कि वह दो साल से लगातार हो रहे उत्पीड़न से परेशान होकर गंगा में कूदकर अपनी जान दे देगा। इसके बाद वह लापता हो गया और उसका फोन भी बंद आ रहा है। गजरौला पुलिस ने सिपाही की गुमशुदगी करते हुए उसकी तलाश तेज कर दी थी, लेकिन अब तक सिपाही का कुछ पता नहीं चल सका है। गुरुवार को एसडीआरएफ की टीम ने प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन, एसएसआई ब्रजेश कुमार व ब्रजघाट चौकी प्रभारी नितेन्द्र वशिष्ठ के साथ ब्रजघाट स्थित गंगा में तलाश की।

गंगा में सिपाही की तलाश करती टीम।

बारिश के पानी से लहलहाईं फसलें

मंडी धनौरा, अमृत विचार: बारिश से धान समेत सभी फसलों को संजीवनी मिली है। इससे किसानों के चेहरे खिल गए। झमाझम बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली है।

क्षेत्र में गुरुवार को हुई बारिश के बाद अधिकतम तापमान कम होकर 35 और न्यूनतम 26 डिग्री पर पहुंच गया है। इस बार समय पर अच्छी बारिश न होने के कारण लोगों को उमस तो किसानों को अपनी धान की फसल की चिंता सताने लगी। बादल छाने पर आसमान निहार रहे किसानों को आस थी कि बारिश होगी और जब गुरुवार को बारिश शुरू हुई, तो उनके चेहरे खिल गए। किसानों का कहना है कि यह बारिश फसलों के लिए संजीवनी का काम करेगी। सभी फसलों के लिए बारिश की सबसे ज्यादा जरूरत महसूस की जा रही थी। बारिश न होने के कारण धान की फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे थे और फसलों की सिंचाई के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा था।

मौसम धान, गन्ना, बाजरा, चरी, मक्का समेत अन्य फसलों को मिला पानी, किसानों में खुशी का माहौल

झमाझम बारिश फसलों के लिए बनी संजीवनी, किसान खुश

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : लंबे इंतजार के बाद गुरुवार तड़के 3:30 बजे हुई झमाझम बारिश से खेत लबालब हो गए। पानी मिलने से फसलें लहलहाने लगीं। इससे किसान खुश नजर आए।

बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई थी। फसलें भी सूखने के कगार पर पहुंच गई थीं। धान की रोपाई के लिए भी ज्यादातर किसान बारिश का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार तड़के झमाझम बारिश फसलों के लिए वरदान साबित हुई। नौ घंटे की बारिश से सूखती फसलों को जीवन दान मिल गया। इंद्र देव जमकर बरसे। इससे किसानों के चेहरे पर खुशी नजर आई। किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए पंपिंग सेट से सिंचाई करनी पड़ रही थी। इस बारिश से फसलों को संजीवनी मिल गई और फसलों पर रौनक आ गई। इस बारिश से धान, गन्ना, बाजरा, चरी, मक्का, आम आदि फसलों को लाभ हुआ है। खेतों में पानी भरने से मूंग, उड़द की फसलों को नुकसान बताया जा रहा है। किसान खेतों में धान की रोपाई करने के साथ-साथ अन्य कार्य में जुटे हैं। बारिश से जहां मौसम खुशनुमा हो गया।

बुरावली क्षेत्र के गांव गंगवार में धान की रोपाई करते किसान। ● अमृत विचार

- **खेतों की मेड़ों तक भरा पानी, धान की रोपाई हुई तेज**
- **खेतों में पानी भरने से मूंग और उड़द की फसल को नुकसान की आशंका जताई**

बारिश फसलों के लिए काफी बेहतर है। ज्येष्ठ में गर्मी ने लोगों का बुरा हाल कर दिया। बारिश से फसलें बेहतर हो जाएंगी। सूखे के दौर से गुजर रहे किसानों के लिए बारिश ने संजीवनी का काम किया है।
-डॉ. महराज अली

यह बारिश अधिकतम फसलों के लिए मुफीद है, लेकिन जिन किसानों की मेंथा की फसल खेतों में कटी पड़ी है, वह गल जाएगी। कम तेल निकलने से नुकसान हो रहा है।
-गुड्डू उर्फ परवेज आलम, किसान

बारिश किसानों की फसलों के लिए संजीवनी साबित हुई है। लंबे इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब धान की रोपाई आसानी से की जा सकेगी।
-हाजी तकी, किसान

धान की रोपाई के लिए ज्यादातर किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल से पानी नहीं भरना पड़ेगा। यह बारिश फसलों के लिए बेहद फायदेमंद रहेगी। इससे किसानों को लाभ हुआ है।
-राम निवास, किसान

फसलों को पानी मिल जाने से पैसे की बचत हो गई। धान के लिए अधिक पानी की जरूरत होती है। जिन किसानों की पौध लगने से रह गई है, उन्हें बारिश होने से आसानी होगी।
-इशाक अली किसान

एक नजर

कारों से स्टंट करने वालों का वीडियो हुआ वायरल

गजरौला, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर स्टंटबाजी करने का सिलसिला थमने का नहीं ले रहा। कार सवार युवकों की स्टंटबाजी से जुड़ा एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें तीन अलग-अलग कारों की छत पर सवार युवा स्टंटबाजी करते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कार व बाइकों से स्टंटबाजी का खतरनाक क्रेज स्थानीय युवाओं के बीच तेजी से बढ़ रहा है। बीते दिनों बाइक सवार युवकों का नेशनल हाईवे पर स्टंटबाजी से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने दोनों बाइकों को सीज कर दिया था। वहीं बुधवार देर रात सोशल मीडिया पर ऐसा ही एक और वीडियो वायरल हो गया। इसमें तीन अलग-अलग कारों की छत पर सवार युवक स्टंटबाजी करते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं युवकों ने कारों को सड़क किनारे खड़ा कर फिल्मी गानों पर डांस भी किया।

जुआ खेलते लोगों का वीडियो वायरल

हसनपुर, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर जुआ खेल रहे लोगों का एक वीडियो वायरल हो गया। इसमें जंगल में कुछ लोग जुआ खेलते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो कोतवाली क्षेत्र के किसी गांव का है। वायरल वीडियो दो माह पुराना बताया जा रहा है। गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कुछ लोग जुआ खेलते नजर आ रहे हैं। वहां लोगों की भीड़ जमा है और एक व्यक्ति पत्ते फेंक रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह वीडियो कोतवाली क्षेत्र के किसी गांव स्थित जंगल का है।

प्रेम जाल में फंसाकर किशोरी को भगा ले गया युवक

अमरोहा, अमृत विचार : नगर की एक कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय किशोरी को युवक अपने प्रेम जाल में फंसा कर भगा ले गया। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। नगर कोतवाली क्षेत्र में बाईपास स्थित एक कॉलोनी में मजदूर का परिवार रहता है। किशोरी के परिवार का आरोप है कि पड़ोसी कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने उनकी 16 वर्षीय पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। 19 जून को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकरकर भगा ले गया। पुत्री की तलाश में जब युवक के घर पहुंचे तो वहां उसकी बहन और भाइयों ने किशोरी के माता-पिता के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ अपहरण और धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नबी जितने तुम्हारे हैं, नबी उतने हमारे हैं : आचार्य प्रमोद कृष्णम

उर्स-ए-दाऊदिया में हुए ऑल इंडिया मुशायरे में शायरों ने पेश किए कलाम

संवाददाता, सैदनगली/उझारी

अमृत विचार : उर्स-ए-दाऊदिया के ऑल इंडिया मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम पेश कर खूब वाह वाह लूटी। मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम और विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष के पति चौधरी बुद्धन ने मुशायरे में नातिया दौर की शमा रोशन कर आगाज किया।

कस्बा उझारी में उर्स-ए-दाऊदिया में ऑल इंडिया मुशायरा की रिवायत के अनुसार, पहला दौर नातिया दौर होता है। इसमें माजिद देवबंदी ने कलाम पेश करते हुए कहा कि किस तरह हम जाएंगे, अपने खुदा के सामने, जब वफादारी न होगी मुस्तफा के सामने। अल्ताफ जिया, हाशिम फिरोजाबादी, अज्म शाकरी आदि ने भी नात-ए-पाक पढ़ी। इसके बाद गजल के दौर की शमा रोशन शबाहत अली उर्फ मास्टर शब्बू ने की। शरफ नानपारवी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा कि हजार आफतों से बचे रहते हैं वो, जो सुनते ज्यादा हैं कम बोलते हैं। ताहिर फराज ने कहा कि सभी ने माना के बेहतर नहीं है, उनसे कोई, हर एक सदी के हम आला मुफक्किरों से मिले। अल्ताफ जिया ने कुछ यूं पढ़ा- हम लोग नमाजों के भी पाबंद नहीं हैं और अपनी दुआओं में असर ढूंढ रहे हैं। अज्म शाकरी ने कहा- लाखों सदमे, ढेरों गम, फिर भी नहीं हैं आंखें नम, एक मुद्दत से रोए नहीं, क्या पत्थर के हो गए हम। राज कौशिक 'राज' गाजियाबाद ने पढ़ा, अगर नाचू नहीं तो पांव मेरे रूठ जाते हैं, अगर नांचू जरा खुलकर तो घुंघरू टूट जाते हैं। शाइस्ता सना ने पढ़ा- खिलौने की तरह हमारे दिल से खेलने वाले, हमारी बद्दुआ है जा तुझे भी इश्क हो जाए। नदीम फर्रुक ने कहा कि मेरी किस्मत की यह दुनिया मुझे पहचानती है, लोग मर जाते हैं, पहचान बनाने के लिए। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि समझ कर तुम उन्हें अपना फकत तक्सीम मत करना, नबी जितने तुम्हारे हैं, नबी उतने हमारे हैं। खुर्शीद हैदर मुजफ्फरनगरी ने कहा कि गैर परों के उड़ सकते हैं हद से हद दीवारों तक, अम्बर तक तो वही उड़ेंगे जिनके अपने पर होंगे। इस दौरान हकीम चमन, शबाहत अली, नासिर अली एडवोकेट, अलाउद्दीन सैफी, चमन हैदर बाकरी, अब्दुल्ला, अदनान महल, डॉ. शहरोज मुख्तार, इफ्तिखार उल हसन, भूरे मिस्त्री, मुस्तकीम अल्वी, हाजी बब्बन, फहीम महल आदि मौजूद रहे। मुशायरे की सदारत चौधरी मुजाहिद हुसैन एडवोकेट ने तथा संचालन नदीम फर्रुख ने किया।

उझारी में आयोजित मुशायरे में कलाम पेश करते आचार्य प्रमोद कृष्णम।

ईद-उल-अजहा पर अमरोहा डिपो को हुई 33 लाख रुपये की आय

अमरोहा, अमृत विचार : ईद उल अजहा पर रोडवेज की स्पेशल बसों से अमरोहा डिपो को 33 लाख रुपये की आय हुई है। बस चालक, परिचालकों को दिया गया लक्ष्य अब पूरा होने लगा है।

अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि इस बार ईद उल अजहा पर शासन के निर्देश पर अमरोहा डिपो से स्पेशल बसों को चलाया गया और बसों के फेर बढ़ा दिए गए थे। उन्होंने बताया कि इस बार रोडवेज की बसों ने डिपो को अच्छी आय करके दी है। ईद उल अजहा पर रोडवेज के चालक और परिचालकों ने काफी मेहनत की, जिसका परिणाम अच्छा मिला। उन्होंने कहा कि इस बार अमरोहा डिपो को त्योहार पर 33 लाख रुपये की आय हुई है। अब प्रतिदिन रोडवेज के चालक परिचालकों को दिए जाने वाला टारगेट पूरा होने लगा है। अमरोहा डिपो को प्रतिदिन 10 लाख रुपये का टारगेट दिया जाता है जो कि अब चालक परिचालक आसानी से कर रहे हैं। त्योहार के बाद सवारिया घरों से निकलने लगी है। इस कारण अब टारगेट भी पूरा होने लगा है।

सार-संक्षेप

एडीओ का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग

अमरोहा, अमृत विचार : धनौरा ब्लॉक के एडीओ का स्थानांतरण अमरोहा ब्लाक में करने के विरोध में समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को संबंधित ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग की है। मंडी धनौरा ब्लॉक की समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर गुरुवार को विकासखंड धनौरा के एडीओ का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि अगर निस्तारण को रद नहीं किया गया तो समूह को बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान संतोष, शशि, निशि, रजनी, सुनीता, अर्चना, रूपरानी, दीपा, मीना, रानी, सीमा, राकेश, देवी, पूनम देवी आदि शामिल रहीं

उधार के रुपये वापस मांगने पर युवक को पीटा

गजरौला, अमृत विचार : उधार के रुपये वापस मांगने पर युवक को पीटकर घायल कर दिया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के मोहल्ला कवि नगर निवासी अमृत सिंह से हापुड़ जनपद के कुचेसर रोड स्थित गांव रसूलपुर निवासी एक व्यक्ति ने छह साल पहले 650000 रुपये उधार लिए थे। तय समय के बाद भी अमृत सिंह को रुपये वापस नहीं दिए। आरोप है कि तकादा करने पर आरोपी पक्ष ने अमृत सिंह के साथ गाली-गलौज के बाद पीट की। रुपये वापस देने से मना कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी भूमि पर खड़े हरे पेड़ काटे

बुरावली, अमृत विचार : जिम्मेदारों की लापरवाही से लकड़ी के धंधेबाजों के हौसले बुलंद हैं। रात में पेड़ों को काटकर लकड़ी चोरी की जा रही है। सरकारी पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार बेखबर हैं। गांव गंगवार में खलिहान के नाम से ग्राम समाज की भूमि है। इस भूमि पर शीशम, सागवान, कीकर, बकायन और नीम आदि पेड़ लगाए गए थे। गांव के ही कुछ लोग बुधवार रात पेड़ों को काटकर चोरी कर ले गए। लेकिन जिम्मेदारों को खबर तक नहीं लगी।

भूमि से काटा गया पेड़। ● अमृत विचार

दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा, रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी चंद्रकला की शादी गजरौला थाना क्षेत्र के निवासी संजय के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल वालों ने महिला से दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर प्रताड़ित किया। 21 जून को चाकू से जानलेवा हमला कर घर से निकाल दिया। पीड़ित ने तहरीर पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में आरोपी पति संजय, ससुर काले, सास शीला, ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

देवीपुरा गांव में सांड़ के हमले से बुजुर्ग घायल

मंडी धनौरा, अमृत विचार : घर में चारपाई पर बैठे बुजुर्ग पर सांड़ ने हमला कर दिया। इससे वह घायल कर हो गए। परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर आए और जहां उनका उपचार चल रहा है। गांव देवीपुरा निवासी सुरेंद्र सिंह (55) घर में चारपाई पर बैठे थे। बुधवार शाम सात बजे वहां एक आवारा सांड़ आ गया। सांड़ ने पहले तो उन्हें सींग से चारपाई सहित उठाकर फेंक दिया। जब उन्होंने बचने की कोशिश की तो सांड़ ने उन्हें रौंदकर घायल कर दिया। उनके चिल्लाने पर परिजन और आसपास के लोग दौड़े और सांड़ को भगाकर उन्हें बचाया। हमले में सुरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में घूम रहे ऐसे आवारा सांड़ों को तत्काल पकड़वाया जाए, ताकि ऐसी घटना दोबारा ना हो

बासमती धान की खुश्बू से महकेंगे जिले के खेत

अमरोहा, अमृत विचार : धान की खेती की ओर जिले के किसानों का रुझान बढ़ रहा है। इस बार धान की पैदावार अच्छी होने की संभावना है। जिला कृषि अधिकारी बब्लू कुमार ने बताया कि इस बार अमरोहा जिले में धान की फसल का रकवा बढ़ने की संभावना है। किसान धान की रोपाई में जुट गए हैं। खाद, बीज का इंतजाम किया जा रहा है। जिले के किसानों को धान का बीज उपलब्ध कराने के लिए राजकीय बीज भंडार केंद्रों पर पहुंचा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के किसान कम बारिश के बावजूद धान की बेहतर पैदावार लेते रहे हैं। इस बार भी किसानों का धान की खेती की तरफ रुझान बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि 20 मई के बाद किसानों ने धान की नर्सरी डालने का काम शुरू कर दिया था, जो अब पूरा हो चुका है। मानसून भी आ रहा है। सिंचाई के साधन बढ़ने के चलते धान की खेती को प्रमुखता दी जा रही है। इस बार जिले में करीब 28 हजार क्षेत्रफल पर धान की खेती का लक्ष्य किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी के अनुसार किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।

ड्रीम 11 पर जीत का झांसा देकर ग्रामीण से 69 हजार ठगे

हसनपुर, अमृत विचार : हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी देवराज सिंह ने गुरुवार को थाने में तहरीर दी। बताया कि 24 जून को उसके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। इसमें उससे कहा गया कि ड्रीम 11 पर 10 लाख की टीम लगी है। आप 10 लख रुपये जीत चुके हैं। यदि आप अपने खाते में रुपये डलवाना चाहते हो तो उसका 10 परसेंट हमारे खाते में डालना होगा। इस पर पीड़ित ने उसके खाते में 69 हजार रुपये डाल दिए। इसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। अब वह आरोपी फोन भी रिसीव नहीं कर रहा है। पीड़ित ने ड्रीम 11 पर कोई टीम नहीं लगाई थी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर रुपये वापस कराने की मांग की है।

छुट्टा पशु से टकराई बाइक, चालक घायल

हसनपुर, अमृत विचार : अलीगढ़ मार्ग पर तीसरा मील के पास छुट्टा पशु की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। निजी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया। बुलंदशहर जिले के अनूपशहर निवासी जगाधरी सिंह गजरौला से बाइक पर सवार होकर बुधवार रात अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे जैसे ही उनकी बाइक हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग स्थित तीसरे मिल पर पहुंची कि तभी बाइक की लाइट थीमी होने की वजह से सड़क पर बैठा छुट्टा पशु उन्हें दिखाई नहीं दिया। इस बीच तेज गति बाइक पशु से टकरा गई। जगाधरी बाइक से उछलकर काफी दूर जा गिरे। सिर में चोट लगने से वह गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने नगर में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। मामले की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंचे। परिजन घायल को हायर सेंटर लेकर रवाना हो गए। वहीं पुलिस ने मामले की जानकारी से इनकार किया है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही छुट्टा पशु सड़क पर आ जाते हैं।

जहर खुरानी का शिकार हुए पालिका ठेका कर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता,अमरोहा

- बंबूगढ़ चौराहे पर दो युवकों ने कोल्ड ड्रिंक में पिलाया था नशीला पदार्थ, खाते से उड़ाए थे रुपये

अमृत विचार : जहर खुरानी का शिकार हुए नगर पालिका अमरोहा के ठेकाकर्मी की 17 दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। दिल्ली के सरकारी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बसवानगंज गुजारी सारी में नसीम अहमद का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी मुस्कान, एक बेटा सलीम है। नसीम नगर पालिका अमरोहा में ठेका कर्मी थे। 10 जून को वह किसी काम से जोया गए थे। घर लौटते समय सवारी का इंतजार करते समय बंबूगढ़ चौराहे पर दो युवकों ने उन्हें कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया था। बेहोश होने से पहले आरोपियों ने उनकी जेब से एटीएम निकालकर पासवर्ड भी पूछ लिया और बाद में उनके खाते से रुपये निकाल लिए थे।

बताया कि होश में आने पर नसीम ने मोबाइल फोन से अपने साथ घटी घटना की जानकारी अपने भाई नईम अहमद को दी थी। मौके पहुंचे परिजनों ने नसीम अहमद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। नसीम का दिल्ली के सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां बुधवार रात नसीम की मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है और उनको जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पिता-पुत्र पर किया हमला जान से मारने की धमकी

अमरोहा, अमृत विचार : घर के बाहर खड़े किसान पर लाठी डंडों से हमला कर दिया गाय। बीच बचाव करने आए किसान के पिता को भी जान से मारने की धमकी दी।

यह मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव जीरखी का है। यहां के निवासी किसान सर्वेश कुमार का पास के ही रहने वाले हरि सिंह से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि 25 जून की रात वह अपने घर खड़े थे। तभी हरि सिंह व बेटे पुष्पेंद्र ने रिश्तेदारों के साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। साथ ही बचाव में आए उनके पिता रामपाल सिंह के साथ भी मारपीट की। हमले में पिता पुत्र घायल हो गए। मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

भूमि विवाद में भाई ने की थी किसान की हत्या, गिरफ्तार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर में 65 वर्षीय कन्हैया उर्फ कालिया की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। भूमि विवाद के चलते उसके भाई ने ही उसकी गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

गांव सिरसा गुर्जर निवासी 65 वर्षीय किसान कन्हैया उर्फ कालिया का शव 17 जून की सुबह उसके ही घर में आंगन में चारपाई पर मिला था। कालिया पर कोई संतान नहीं थी। वह अकेले अलग घर रहकर पशुपालन व खेती करते थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। पुष्टि के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। गुरुवार को खुलासा करते हुए कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के नाम करीब 20 बीघा जमीन है। इसमें से कुछ जमीन हाईवे में आई हुई थी। मृतक उस जमीन को अपनी भाभी के बेटे के बच्चों को देना चाहता था। जबकि उसका भाई सल्लू उस जमीन को लेना चाहता था। इसे लेकर उसने अपने भाई की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी सल्लू को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

शाहीन को कार, मेहराज को बाइक व महताब को मिला खजूर का पेड़

संवाददाता, हसनपुर

- नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 में होगा उपचुनाव
- आठ जुलाई को सुरक्षा व्यवस्था के बीच डाले जाएंगे वोट

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद हसनपुर के वार्ड नंबर 17 के उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत तीनों प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। चुनाव चिह्न मिलते ही तीनों प्रत्याशियों ने मतदाताओं के बीच जाकर प्रचार शुरू कर दिया है।

हसनपुर नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 17 की प्रत्याशी की मौत के बाद वार्ड में उपचुनाव कराया जा रहा है। बुधवार को मिथलेश देवी ने अपना पर्चा वापस ले लिया था। अब चुनाव मैदान में शाहीन कुरैशी, मेहराज बेगम व महताब जहां रह गई थीं। गुरुवार को ब्लॉक सभागार में तीनों प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। शाहीन कुरैशी, मेहाराज बेगम एवं मेहताब जहां तीनों ने ही प्रथम वरीयता पर कार चुनाव चिह्न मांगा। आरओ नीरज गर्ग ने तीनों प्रत्याशियों की पर्ची बनाकर पुलिसकर्मी से एक पर्ची उठवाई। इसमें शाहीन कुरैशी की पर्ची निकलने के कारण उन्हें कार का चुनाव चिह्न दे दिया गया।

महराज बेगम को बाइक औप महताब जहां को खजूर का पेड़ चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। आरओ नीरज गर्ग ने बताया गया कि तीनों प्रत्याशियों को चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं। आठ जुलाई को सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा।

गड्ढे में पलटी बुग्गी के नीचे दबने से किसान की मौत

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार: गांव जामुनोवाली में सड़क पर गड्ढे में भैंसा-बुग्गी पलटने से किसान की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव जामुनोवाली मढ़ैया गांव निवासी सोमपाल (45) गुरुवार को अपने खेत से चारा बुग्गी लेकर जा रहे थे। बारिश के पानी भरे गहरे गड्ढे में बुग्गी पलट गई। इसके नीचे दबकर उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया है कि बुधवार रात तेज बारिश होने से रास्ते कट गए। गहरे गड्ढे में पानी का आंकन नहीं होने पर किसान की बुग्गी पलट गई थी। जहां उसकी दबकर जान चली गई। बताया जा रहा है कि 12 जुलाई को बेटे की शादी है। इसकी तैयारियां चल रही हैं। घटना से परिवार की सारी खुशियां मातम में बदल गई। मृतक ने अपने पीछे दो बेटी व एक बेटा को छोड़ा है।

शराब की दुकान हटाने को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर स्थित देसी शराब की सरकारी दुकान हटाने की मांग करते हुए महिलाओं ने चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक देसी शराब की दुकान नहीं हटेगी, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना स्थल से कुछ दूरी पर ही देसी शराब की दुकान अधिकारियों के निर्देश पर शिफ्ट कर दी गई और शराब की बिक्री शुरू हो गई।

नगर के मोहल्ला काला शहीद स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान हटाने की मांग करते हुए गुरुवार को चौथे दिन भी महिलाओं का धरना जारी रहा। दुकान के बाद नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि पूर्व में भी कई बार दुकान हटाने को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था, लेकिन हर बार अधिकारी वादा करके धरना खत्म देते थे, लेकिन दुकान नहीं हटती थी। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि जब से यह दुकान खुली है, शराब पीकर लोग सड़कों पर गाली गलौज करते हैं। आबकारी प्रभारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने बताया कि दुकान हटवाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिलाधिकारी के पास फाइल भेज दी गई है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर देसी शराब की दुकान कुछ दिनों के लिए आगे शिफ्ट कर दी गई है। जिससे राजस्व की हानि न हो। धरना देने वालों में लता सागर, हसीना बानो, चंद्रावती, हमीदा, गीता, हुस्न बानो, बंदना, कुसुम, कोमल, राजकली, प्रकृति, सविता देवी, जगवती, अनीता देवी, हरप्यारी, तीरथ प्रकाश, डॉ. दीपक कुमार, मोहनलाल,राजपाल, शेर अली, अनीस, अंसार, मतलूब, चरन सिंह आदि मौजूद रहे।

देसी शराब की दुकान हटाने को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफेक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

प्रतियोगिता | दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में राज्य स्तरीय महिला सब जूनियर योगासन खेल प्रतियोगिता शुरू

स्वावलंबी बनना और अनुशासन में रहना सिखाता है योग : डॉ. सुमेधा

संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पंचम राज्य स्तरीय महिला सब जूनियर, जूनियर, सीनियर व मास्टर्स योगासन खेल प्रतियोगिता का आरंभ समारोह श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता 29 जून तक चलेगी। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के योगासन खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे।

गुरुवार को राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आचार्या सुमेधा उपस्थित रहीं। विशिष्ठ अतिथि राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. शिक्षा सरदाना, प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, राज्यस्तरीय वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष प्रणदीप सिंह उपस्थित रहे। आचार्या डॉ. सुमेधा ने प्रदेश के समस्त जनपदों से आए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि योग एक संस्कृत शब्द है जो युज से आया है, इसका अर्थ है इकठ्ठा होना, बांधना। योग न केवल हमारी मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत करने में भी मदद करता है। योग अनुशासन में रहना सिखाता है और स्वाबलंबी बनाता है। सभी मनोयोग के साथ इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। डॉ. शिक्षा सरदाना ने प्रतिभागियों से कहा कि इस मुश्किल प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग करें, इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक प्रतिभागी असाधारण प्रतिभा का धनी है। अतः आप सभी विजेता हो। इस मौके पर जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन अमरोहा के पदाधिकारियों अध्यक्ष डॉ. जोगेन्द्र सिंह, सचिव नौबहार सिंह, उपाध्यक्ष पुरूजीत सिंह, कोषाध्यक्ष कोमल चौधरी, संयुक्त सचिव सचिन चौधरी, पूनम शर्मा, आदित्य कुमार, नवनीत ग्रेवाल, प्रिंस चौधरी, कपिल शर्मा, पियुष्कांत मिश्रा, डॉ. नेहा चौधरी, धर्म प्रकाश आर्य, मंजू, मीनाक्षी, अंकित, प्रिय जैसवाल, सूर्य सिंह, दीपिका, सलोनी आदि मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन आशीष टंडन एवं रोहित कौशिक ने किया।

मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

प्रतियोगिता में योग करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

गोशाला में 4000 पशुओं पर प्रति दिन खर्च हो रहे दो लाख

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले की गोशालाओं में 4000 पशु संरक्षित हैं। इन पर प्रशासन की ओर से प्रतिदिन दो लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी पशुओं की हालत ठीक नहीं है। शासन से प्रति एक पशु के हिसाब से 50 रुपये उपलब्ध कराए जाते हैं।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. खुशीराम सिंह ने बताया कि जिले की गोशालाओं में 4000 पशु है। पशु की देखभाल के लिए रखे गए कर्मचारी प्रतिदिन पशुओं को सुबह शाम चारा डालते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन पशुपालन विभाग से चिकित्सक उनको देखने भी जाता है। जो पशु बीमार होते हैं, उनका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में गोशालाएं हैं, वहीं की ग्राम पंचायत के कर्मचारी उनमें नियुक्त किए गए हैं। अमरोहा नगर की गोशाला में नगर पालिका द्वारा कर्मचारी रखे गए हैं। प्रतिदिन गोशालाओं की 4000 पशुओं पर दो लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। शासन की तरफ से 50 रुपये प्रति पशु के हिसाब से बजट प्रशासन को उपलब्ध कराया जाता है। इसके बाद भी पशुओं की हालत ठीक नहीं है। दानदाता भी गोशालाओं में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गोशालाओं के लिए पिछले 4 साल में 20 लाख रुपये दानदाताओं द्वारा दिए गए थे। इससे गोशालाओं की व्यवस्था में सुधार लाया गया। गोशाला में पशु के लिए गर्मी से राहत देने के लिए पंखे कूलर भी लगाए गए हैं। हरा चारा हर रोज पशु खिलाया जाता है।

एक नजर

दंपति ने भाभी के साथ की मारपीट

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी अनीस की पत्नी गुलिस्ता ने गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि दोपहर में देवर एहसान के बच्चों के साथ मेरे बच्चों का खेल खेल में विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर इमरान ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मारपीट करते हुए गुलिस्ता को घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने गुलिस्ता का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

युवक पर बाइक सवारों ने किया हमला

बहजोई, अमृत विचार : घर वापस लौट रहे युवक को बाइक सवार युवकों ने घेर कर उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बहजोई के मोहल्ला ऊपरकोट निवासी आकाश कुमार मंडी समिति से अपने घर वापस जा रहा था। मंडी तिराहे पर दो बाइक पर सवार चार युवक मौके पर आ गए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। युवक ने विरोध किया तो से उसके सिर पर तमंचे की बट से हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक ने मारपीट के दौरान उसकी सोने की चैन कहीं खो जाने का भी आरोप लगाया है। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि युवक की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दुष्कर्म के मामले में युवक के खिलाफ रिपोर्ट

जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि रविवार को 16 वर्षीय पुत्री घर बताकर खेत पर फसल की रखवाली करने गई थी। आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र के गांव अहरोला नवाजी निवासी अंशु कुमार बाइक लेकर खेत पर पहुंचा। अंशु कुमार बहला-फुसलाकर किशोरी को बाइक पर बैठाकर दूर बाजरे की फसल में ले गया। यहां अंशु कुमार ने जबरदस्ती किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अंशु कुमार के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

मंडी किशनदास सराय की ओर जाने वाले रास्ते पर जलभराव से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

संभल सदर तहसील परिसर में बरसात के बाद जलभराव के हालात। ● अमृत विचार

गौहत गांव में जलभराव के बाद घर का जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित जगह पर जाते ग्रामीण।

झमाझम बारिश से हर तरफ जलभराव, दिक्कतों से जूझे लोग

सरकारी कार्यालयों के अलावा जिला अस्पताल परिसर में भी भर गया बारिश का पानी, शहर से लेकर देहात तक खूब बरसे बदरा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जिले में हुई झमाझम बारिश से जहां एक ओर राहत मिली वहीं जलभराव से आफत का माहौल भी बन गया। मुहल्लों के साथ-साथ सरकारी कार्यालय परिसर भी जलमग्न हो गए। जिस कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते शहर से लेकर देहात तक की बिजली भी गुल हुई। बरसात से मैंथा की फसल को नुकसान और धान समेत कई फसलों को फायदा होने की बात कही जा रही है।

भीषण गर्मी के बीच बुधवार को देर रात मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा चलने के साथ बारिश शुरू हुई जो गुरुवार को सुबह करीब ग्यारह बजे तक होती रही। बारिश से जहां लोगों को राहत मिली, वहीं दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। संभल में नगर पालिका के तमाम दावों की पोल उस वक्त खुल गई जबकि कई मुहल्लों के साथ-साथ मुख्य मार्गों और सरकारी कार्यालयों के परिसरों में भी जलभराव हो गया।

हयातनगर में उम्मेदराय इंटर कॉलेज के पीछे, शाहजीपुरा मार्ग के अलावा संभल में मुहल्ला नाला पर जलभराव हुआ। जिला अस्पताल परिसर, एडीएम कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, नई तहसील कार्यालय के परिसर भी जलमग्न हो गए। मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा, बेगम सराय में भी सड़कों पर बारिश का पानी भर गया। तमाम घरों में बारिश का पानी घुसने की वजह से लोगों को बड़ी परेशानी हुई। आलम यह रहा कि कई क्षेत्रों में बारिश रुकने काफी देर बाद तक जलभराव के नजारे दिखे। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी झमाझम बारिश हुई। जिससे एक ओर लोगों ने राहत महसूस की तो वहीं घरों में पानी घुसने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खेतों में भी जलभराव के नजारे दिखे।

मेंथा को नुकसान तो धान समेत कई को फायदा

संभल, अमृत विचार : जिलेभर में हुई बारिश के बाद किसानों में कहीं खुशी तो कहीं मायूसी रही। बारिश से मेंथा की फसल को नुकसान हुआ और धान समेत दूसरी कई फसलों को फायदा होने की बात सामने आई। भीषण गर्मी के कारण फसलें सूख रही थीं तो किसान भी ईश्वर से बारिश के लिए प्रार्थना कर रहे थे। जिलेभर में हुई बारिश से खेतों में जलभराव हो गया। जिन खेतों में मेंथा की फसल कटी पड़ी थी, उसे नुकसान होना बताया गया। जबकि धान, मक्का और बाजरा की फसल के लिए बारिश फायदेमंद बताई जा रही है। किसानों का कहना रहा कि मैंथा की फसल को बारिश से नुकसान हुआ है। हालांकि बारिश धान की फसल के लिए अच्छी रही। अब धान की फसल बेहतर हो जाएगी। तमाम किसानों ने खेतों में धान की रोपाई भी शुरू कर दी।

मूंग और धान में बीमारी लगने की आशंका समाप्त

जुनावई, अमृत विचार : जुनावई क्षेत्र में बारिश होने से धान की फसल के लिए बारिश फायदेमंद बताई गई। मूंग और धान की फसल में बीमारी लगने की आशंका समाप्त हो गई। वहीं जिन किसानों की मैंथा और मक्का की फसल की कटाई चल रही है, उनमें मायूसी छाई है। कटी पड़ी मैंथा की फसल पर बारिश होने से नुकसान है। खेतों में मक्का की कटी फसल और निकली हुई मक्का पड़ी है, जो कि तेज धूप न मिलने के कारण खराब होगी। तमाम किसानों का कहना है कि अब बारिश से खेतों की जुताई करने में भी राहत मिली। नमी होने के कारण खेतों की जुताई आसानी से होगी।

गौहत के घरों में घुसा पानी, सौंधन में बुरा हाल

सौंधन/कैला देवी, अमृत विचार : करीब पांच घंटे की बारिश से गौहत गांव तालाब में तब्दील हो गया। घरों में पानी घुसा तो ग्रामीणों ने खाने पीने का सामान निकालकर दूसरी जगह शरण ली। वहीं सौंधन मोहम्मदपुर गांव में गली मुहल्लों ने नदी का रूप ले लिया। गुरुवार को रात के समय बरसात शुरु हुई तो सुबह आठ बजे तक जमकर बरसात हुई। सड़कें, खेत पानी से लबालब हो गए। सौंधन में स्कूल, बैंक, दुकानों में पानी घुस गया। बारिश के चलते घंटों तक बिजली गुल रही। गौहत गांव में जलभराव से हालात नरकीय हो गये। गांव की आबादी पानी में डूब गई तो ग्रामीण घर से जरूरी सामान निकालकर दूसरी जगह शरण लेने को मजबूर हुए। गौहत में मुख्य मार्ग पर भी तीन फिट से ज्यादा पानी भरा था।

कुढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में खेतों में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

बरसे बदरा, गर्मी से मिली राहत, खिले चेहरे

चन्दौसी, अमृत विचार : गुरुवार को भोर से ही बदरा मेहरबान रहे और जम कर बरसे। सुबह 10 बजे के बाद तक बूंदाबांदी और बारिश का सिलसिला चलता रहा। जिससे मौसम खुशगवार हो गया। जनमानस ने गर्मी से राहत महसूस की। वहीं बारिश से जगह-जगह जलभराव भी हुआ। हालांकि कुछ देर में ही सड़क पर जमा पानी उतर गया। वहीं खेतों में पानी भरने से धान की रोपाई करने को किसान खेतों पर पहुंच गए। खेतों में कटी पड़ी मेंथा की फसल पानी में डूबने से नुकसान होने अंदेशा है। गुरुवार की सुबह जब लोग नींद से उठे तो आसमान में घने बादल छाए हुए थे और बारिश भी हो रही थी। कभी बूंदाबांदी तो कभी तेज बारिश का सिलसिला सुबह 10 बजे तक चलता रहा। वहीं ग्रामीण अंचलों में झमाझम बारिश हुई। जिससे खेतों में पानी भर गया। किसान परिवार के साथ खेतों में पहुंचे और धान की रोपाई के कार्य में जुट गए।

बारिश से गहराया बिजली संकट, पानी को भी तरसे लोग

संभल, अमृत विचार : झमाझम बारिश के कारण जिलेभर में बिजली संकट गहराया। कहीं लाइनें टूटी तो कहीं पेड़ टूटने की घटनाएं सामने आईं। फाल्ट होने के कारण बिजली ठप हो गई। विभाग भी कड़ी मशक्कत कर बिजली आपूर्ति को सुचारू कराने में जुट गया। बुधवार देर रात शुरू हुई बारिश गुरुवार को सुबह तक होती रही तो बारिश के दौरान संभल शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बिजलीघर ब्रेकडाउन हो गए। बिजलीघरों के परिसर में भी जलभराव हो गया। जिस वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तेज हवा के कारण बहजोई मार्ग पर यशोदा चौराहा से कुछ आगे पाखड़ का पेड़ टूटकर गिर गया। सुबह के वक्त बिजली नहीं आने के कारण लोगों को पानी भी नसीब नहीं हो सका। टैंक खाली होने पर लोग नहाने के लिए बैठे रहे। तमाम लोगों ने पड़ोसियों के घरों से पानी लेकर किसी तरह काम चलाया। बारिश रुकने पर विभाग ने पेट्रोलिंग कराई तो समस्या सामने आई। धीरे-धीरे बिजलीघरों से बिजली आपूर्ति सुचारू कराई जा सकी। तब कहीं जाकर लोगों को राहत महसूस हुई।

चंद घंटे की बारिश से पंचशील कॉलोनी में जलभराव

चन्दौसी, अमृत विचार : विकास खण्ड बनियाठेर की ग्राम पंचायत मौलागढ़ क्षेत्र में पंचशील कॉलोनी के बाहर बह रहे नाले की सफाई नहीं कराई गई। जिसके परिणाम स्वरूप बुधवार व गुरुवार को हुई बारिश से मुख्य सड़क पर जलभराव हो गया। बारिश बंद होने के बाद चार घंटे तक पानी भरा रहा है। जिससे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। पंचशील कॉलोनी के बाहर नाला गुजर रहा है। जिसकी कई वर्षों से सफाई नहीं कराई गई है। कुछ स्थानों पर नाले पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिससे नाले की सफाई का कार्य नहीं हो पाता है। बुधवार व गुरुवार को बारिश होने से पंचशील कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। बारिश रुकने के चार घंटे तक जलभराव की स्थिति बनी रही।

पंचशील कालोनी में भरा नाले का पानी।

रोडवेज बस अड्डा परिसर में पानी-पानी

संभल, अमृत विचार : बुधवार को देर रात से शुरू हुई बारिश की वजह से बस अड्डा परिसर में भी पानी जमा होने लगा। जलभराव बढ़ने लगा तो परिसर के अलावा प्रभारी के कक्ष तक भी पानी पहुंच गया। हालांकि करीब 11 बजे बारिश रुक गई लेकिन बस अड्डा परिसर में घंटों तक जलभराव रहा। जिस कारण यात्रियों का दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोग बसों में जलभराव से होकर सवार हुए तो बाद में व्यवस्था बदली गई। बसों को बस अड्डा परिसर से पहले ही रोक लिया गया। दिक्कतों से जूझते हुए यात्री बसों में सवार हुए और सफर किया। बताते चलें कि मुरादाबाद मार्ग पर रोडवेज बस अड्डा के लिए जमीन चिन्हित है लेकिन अभी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ऐसे हालात में बिना सुविधाओं के किराये के भवन में ही रोडवेज बस अड्डा संचालित हो रहा है।

संभल के रोडवेज बस अड्डा परिसर में भरा पानी।

मार्ग समतल न होने से गिरकर चोटिल हो रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : पीडब्ल्यूडी ने असमोली क्षेत्र में मनोटा और शहबाजपुर कला के अलावा कई गांवों में सड़कों का निर्माण तो कराया लेकिन समतलीकरण नहीं किया। जिस कारण आये दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। बुधवार को रात भी मनोटा में बाइक सवार मौलाना गिरकर घायल हो गए। मौलाना को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं स्थानीय लोगों में सड़क समतलीकरण नहीं कराए जाने को लेकर रोष है।

संभल क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी हाफिज मेहरबान रब्बानी रायसत्ती के पास मदरसे में पढ़ाई तथा मुहल्ले की एक मस्जिद में इमामत करते हैं। बुधवार को हाफिज मेहरबान अमरोहा जिले के थाना डिडौली के गांव अशरफपुर फैजगंज में एक शादी के कार्यक्रम में तकरीर करने के बाद रात में ही संभल में निकाह पढ़ाने के लिए आ रहे थे। देर रात करीब 12 बजे मनोटा में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई नवनिर्मित सड़क की ठोकर पर बाइक उछलकर सड़क किनारे दूर जा गिरी। हादसे में हाफिज मेहरबान घायल हो गए। रिश्तेदार उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। बताते चलें कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने मनोटा-चौधरपुर मार्ग पर गांव मनोटा, शहबाजपुर कला में आबादी के बीच सड़क और नालों का निर्माण कार्य कराया है लेकिन समतलीकरण नहीं हुआ है। वहीं गांव ओबरी, खासपुर, मुबारकपुर बंद, राजा गालवपुर में भी सड़क की साइड में मिट्टी नहीं डाली गई है। जिस कारण आये दिन हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोग काम का पूरा कराने की मांग उठा रहे हैं।

मार्ग का समतलीकरण न होने से परेशान हो रहे वाहन चालक। ● अमृत विचार

सड़क की ठोकर पर हादसे होने की वजह से कई लोग चोटिल हो चुके हैं। पीडब्ल्यूडी को काम पूरा कराकर लोगों को आवागमन में सहूलियत देनी चाहिए।

-धर्मेन्द्र कुमार, मनोटा

नवनिर्मित सड़क के पास बाइक और ई रिक्शा चालकों के साथ कई हादसे हुए हैं। लोग घायल भी हुए हैं। विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे हैं।

-मोहम्मद अनस, शहबाजपुर कला

सड़क निर्माण कराया है तो फिर समतलीकरण भी होना चाहिए। समतलीकरण होने के बाद भी हादसे रुक सकते हैं। जिसके बाद ही लोगों को सहूलियत होगी।

-मोहम्मद अदीब

घर को बना दिया था जुआ घर, परोसी जाती थी शराब

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में मकान को जुआ घर बनाकर दूर दराज से लोगों को जुआ खेलने के लिए बुलाया जाता था। जुआ खेलने वालों को शराब परोसने से लेकर तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जाती थीं। पुलिस ने मकान स्वामी सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर मौके से हजारों रुपये की नकदी व शराब आदि सामान बरामद किया है।

सीओ सदर अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला कछुवायान निवासी हामिद ने आर्थिक लाभ पाने के लिए अपने मकान को जुए का अड्डा बना रखा था। बाहर के लोगों को जुआ खिलाने के साथ ही हामिद खुद भी अपने सगे भाई जैद और फाहद के साथ जुआ खेलता था। पुलिस ने छापा मारा तब हामिद, जैद, फाहद व मुहल्ला बरखेरियान निवासी इमरान, मुहल्ला नवादा निवासी आजम व सलाउद्दीन तख्त के ऊपर बैठकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। पांच-पांच सौ व सौ-सौ के नोट चादर के ऊपर रखे हुए थे। पुलिस ने हामिद, जैद, फाहद, आजम, सलाउद्दीन और इमरान को गिरफ्तार कर लिया। सीओ ने बताया कि मौके से 96070 रुपये की नकदी, ताश के पत्ते, तीन मोबाइल फोन, दो केलकुलेटर, शराब की बोतलें आदि सामान बरामद हुआ है।

पुलिस गिरफ्त में अवैध जुआ घर संचालन के आरोपी व बरामद सामान।

सार संक्षेप

बाइक की टक्कर से ऑटो में सवार पांच लोग घायल

संभल, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में संभल मनोटा मार्ग पर बुधवार की देर रात बाइक की टक्कर से सड़क पर ऑटो पलटने से ऑटो में सवार तीन महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला डेरा सराय निवासी अरमान बुधवार की रात साढ़े नौ बजे अपनी पत्नी शमां को साथ लेकर असमोली थाना क्षेत्र के गांव राया बुजुर्ग में स्थित अपनी ससुराल से घर आ रहा था। अरमान के साथ ऑटो में उसके रिश्तेदार नखासा थाना क्षेत्र के गांव नाहठेर निवासी जाकिर की पुत्री मुस्के महक, ताहिर की पत्नी फरहत व दो बेटे मुस्करान व अदनान भी सवार थे। अरमान ऑटो लेकर संभल मनोटा मार्ग पर गांव सदीरनपुर बस स्टेंड के पास सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही ऑटो सड़क पर पलट गया। आसपास के लोगों ने ऑटो सीधाकर घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर चालक एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचा और अरमान, मुस्केमहक, फरहत, मुस्करान ल अदनान को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बालक झुलसा

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में घर के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार छूने से छत पर खेल रहा बालक गंभीर रुप से झुलस गया। परिजनों ने बालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी मोहम्मद उमर के बेटे मोहम्मद अयान पिछले एक माह से अपने मामा हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर कढ़ेरा निवासी सद्दाम के घर रहा था। गुरुवार की शाम चार बजे छत पर खेलते समय मोहम्मद अयान ने मकान के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार छू लिया जिससे करंट लगने से मोहम्मद अयान गंभीर रूप से झुलस गया। साथ में खेल रहे बच्चों ने के शोर मचाने पर परिजन छत पर पहुंचे। किसी तरह से हाईटेंशन से अलग कर बालक को लेकर जिला अस्पताल आ गए। सद्दाम ने बताया कि एक माह पहले बिजली कर्मचारियों ने गांव में गुजर रही हाईटेंशन लाइन के नए तार पोल पर लगाए थे। बिजली कर्मचारियों से पोल पर लोहे की एंगल लगाकर तार मकान से दूर लगाने के लिए कहा था, लेकिन बिजली कर्मचारियों ने हमारी बात नहीं सुनी।

दिन में भी लाइटें जल रहीं, हो रही बिजली की बर्बादी

बबराला, अमृत विचार : ऊर्जा की बर्बादी रोकने के लिए बिजली विभाग उपभोक्ताओं को जागरूक करता रहता है लेकिन खुद जागरूक नहीं है। बबराला से राजघाट गंगा घाट तक सड़क किनारे लगे पोलों पर लगी स्ट्रीट लाइटें दिन में सूर्य की रोशनी में भी जलती हैं। लाइट आन-आफ करने की जिम्मेदारी न तो नगर पंचायत उठा रही है और न ही बिजली विभाग। इस तरह रोजाना सैकड़ों यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है। दूसरी तरफ इन दिनों अघोषित बिजली कटौती लेकर लोग परेशान हैं। ऐसे में बिजली के दुरुपयोग को लेकर लोग चर्चा कर रहे हैं। मां गंगा जनकल्याण समिति के उमेश वार्ष्णेय और अनिल गुप्ता ने नवागत जिलाधिकारी से लाइटें जलाने और बंद करने की जिम्मेदारी किसी विभाग को सौंपने की मांग की है।

बच्चों को पिलाई जाए विटामिन ए की खुराक: सीएमओ

बहजोई, अमृत विचार : जनपद में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य पोषण माह के तहत 9 महीने से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाने को लेकर सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पर कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। सीएमओ ने बताया कि विटामिन ए की कमी से रतौंधी, डायरिया, मजलिस का खतरा बना रहता है। डीपीएम संजीव राठौर ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद में तीन लाख 19 हजार बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर कुलदीप आदिम ने बताया कि विटामिन ए पिलाने के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बच्चों का वजन करेंगे। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ संतोष कुमार, डीपीपीएम संजीव राठौर, एआरओ महेश गौतम, वीपीसीएम अरशद रसूल, कपिल कुमार आदि रहे।

बच्चे को खुराक पिलातीं सीएमओ।

डग्गामार बस का चालान काटते टीएसआई। ● अमृत विचार

पुलिस व परिवहन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

संवाददाता, चन्दौसी/संभल

अमृत विचार : यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग की ओर से गुरुवार को संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत चन्दौसी तथा संभल होकर चलने वाली बिना परमिट सवारी वाहनों को चेक किया गया तथा चालान काटे गए।

5 बसों के चालान परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने में किए गए। अभियान के अंतर्गत अन्य यातायात नियम उल्लंघन करने वाले 105 वाहनों के चालान एमवी एक्ट में किए गए। प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर अनावश्यक रूप से खड़े टेंपो एवं बस को हटवाया गया।

सभी टेंपो चालकों एवं बस चालकों को निर्देशित किया गया कि अपने वाहन निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा करें। इस दौरान टीएसआई अनुज मलिक आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम भारत विकास परिषद शाखा मंगलम की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

समाज सेवा में भागीदारी करने का लिया संकल्प

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : भारत विकास परिषद शाखा मंगलम के तत्वाधान में अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का संकल्प लिया।

डीआर रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे एआरटीओ संभल डॉ. पीके सरोज, प्रांतीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, जिला समन्वयक दिवाकर गुप्ता, प्रांतीय महासचिव गौरव अग्रवाल ने भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अधिष्ठापन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने अध्यक्ष योगेश चंद्र एडवोकेट, उपाध्यक्ष सोम प्रकाश वार्ष्णेय, सचिव कपिल दीवाना व वित्त सचिव लव कुमार आर्य सहित नवीन सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एआरटीओ संभल डॉ. पीके सरोज ने कहा कि भारत विकास परिषद संस्था सामाजिक सेवा के लिए जानी जाती है। वहीं देश की संस्कृति का प्रचार प्रसार करने के लिए भी यह काम करती है। सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। प्रांतीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने कहा कि नई कार्यकारिणी अपने कार्य से परिषद को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का काम करेगी। सभी पदाधिकारी आपस में सामंजस्य बनाकर समाज में ऐसा कार्य करें जिससे उनकी शाखा का नाम हो। इस दौरान नकुल प्रताप सिंह, राजीव सिंह, विनीत सर्राफ, संजय वार्ष्णेय, पंकज आर्य, सुनील रस्तोगी, यशवर्धन, विपिन कुमार, डॉ. श्री गोपाल, उमेश चंद्र, विनोद कुमार सहित आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता योगेश चंद्र एडवोकेट ने जबकि संचालन लव कुमार आर्य ने किया।

अतिथियों को चित्र भेंट करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

एक नजर

डॉ. डीके अग्निहोत्री विभाग प्रमुख मनोनीत

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय विधार्थी परिषद मेरठ प्रांत का चार दिवसीय अभ्यास वर्ग खुर्जा जनपद बुलंदशहर में 25 जून को हुआ। जिसमें अभाविप संभल विभाग और जिला संभल के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसी क्रम में सहायक प्रोफेसर डॉ. डीके अग्निहोत्री को संभल विभाग का विभाग प्रमुख मनोनीत किया गया है। अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड मनोज निखरा, मेरठ प्रांत के तरुण कुमार ने बधाई देते हुए उनसे अपने दायित्व का निर्वहन करने का आह्वान किया है।

अवैध शस्त्र के दोषी को ढाई माह की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : जूडिशियल मजिस्ट्रेट गुन्नौर की अदालत ने अवैध शस्त्र के रखने के मामले में दोषी को दो माह 18 दिन के कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला 2016 का है। जनपद संभल के थाना धनारी पुलिस ने भोला पुत्र रतनलाल निवासी गांव टिकटा थाना बहजोई जनपद संभल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। साक्ष्यों को जुटाकर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। तब से मुकदमा न्यायालय जूडिशियल मजिस्ट्रेट गुन्नौर की अदालत में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से एपीओ रामविलास ने अदालत में दलीलें पेश कीं। गुरुवार को मुकदमे में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने भोला को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि दो माह 18 दिवस के कारावास व 2000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

दहेज हत्या के आरोपी पति और ससुर गिरफ्तार

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या के मामले में नामजद पति और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गुन्नौर के मुहल्ला सराय निवासी अवध बिहारी ने बुधवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा था कि उसने बेटी रेखा की शादी 25 अप्रैल 2024 को रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव करकौरी निवासी देवेंद्र पुत्र कुंवरपाल के साथ की थी। शादी के बाद से ही दहेज को लेकर ससुराल वाले रेखा को प्रताड़ित कर रहे थे।

संभल की खबरें पेज 12 पर भी

डीसीएम की टक्कर से जनसेवा केंद्र संचालक की जान गई

बाइक पर बैठाकर पत्नी को उसके मायके छोड़ने गया था युवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर सरथल चौराहे पर डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जनसेवा केंद्र संचालक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक पांच बहनों का इकलौता भाई था। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

अवनीश।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर उगिया निवासी अवनीश कुमार सागर 30 वर्ष पुत्र स्व. सतपाल सिंह परिवार के साथ रहता है। जबकि उसके पिता की कई वर्ष पहले मौत हो गई। अवनीश परिवार के पालन पोषण के लिए गांव में जनसेवा केंद्र चलाता है। पांच बहनों में अवनीश इकलौता भाई था। युवक की एक वर्ष पहले शादी हुई थी। गुरुवार की सुबह अवनीश बाइक पर सवार होकर अपनी गर्भवती पत्नी आरती को उसके मायके गांव खेड़ा थाना बनियाठेर छोड़ने गया था। दोपहर डेढ़ बजे लौटते समय जब वह सरथल चौराहा पर पहुंचा तो सामने से आ रही डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मां सुषमा देवी विलाप करने लगी। कुछ ही देर में अन्य परिजन सीएचसी पहुंच गए।

सड़क हादसे में बेटे की मौत के बाद सीएचसी में बिलखती मां। ● अमृत विचार

बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबकर बच्चे की मौत

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान प्लाट में भरे पानी में खेलते वक्त गड्ढे में डूबने से सात महीने के बच्चे की मौत हो गई।

मूलरूप से गवां निवासी राहुल का घुमंतू परिवार है। राहुल जगह-जगह डेरा लगाकर सामान बेचता है। अभी कैला देवी थाना क्षेत्र में गांव खिरनी में गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे डेरा लगा था।

बुधवार को देररात झमाझम बारिश हुई तो डेरा के आसपास प्लाट में पानी भर गया। गुरुवार को सुबह राहुल का सात महीने का बेटा सम्राट किसी तरह प्लाट में पहुंच गया और खेलने लगा। इस बीच सम्राट पानी भरे गड्ढे में डूब गया और उसकी मौत हो गई।

पोल में उतरा करंट गोवंश की मौत

चन्दौसी, अमृत विचार : मंडी समिति स्थित सब्जी मंडी के समीप परिसर में बारिश के चलते विद्युत पोल में करंट उतरने से गोवंश की मौत हो गई। घटना के बाद बिजली बंद करके पशु के शव को हटाया गया। मंडी समिति स्थित सब्जी मंडी में सुबह पांच बजे से 11 बजे तक काफी भीड़भाड़ रहती है। सब्जी मंडी में काफी संख्या में गोवंशीय पशु भी घूमते रहते हैं। गुरुवार की सुबह छह बजे बारिश शुरू हो गई। सुबह आठ बजे एक गाय घूमती हुई विद्युत पोल के पास पहुंची और करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली बंद कराई। इसके बाद गाय के शव को हटाया गया।

कार की टक्कर से हाईटेंशन बिजली के दो पोल टूटे

संभल, अमृत विचार : संभल मुरादाबाद मार्ग पर चालक कार लेकर मुरादाबाद की ओर से आ रहा था। गांव फिरोजपुर पुल के पास पहुंचते ही कार ने अनियंत्रित होकर संभल मुरादाबाद मार्ग के किनारे खड़े हाईटेंशन बिजली के पोल में टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही दो हाईटेंशन बिजली के पोल टूट गए और कार क्षतिग्रस्त हो गई।

सार संक्षेप

भागवत कथा से पूर्व पूजन करते यजमान। ● अमृत विचार

रुक्मिणी विवाह प्रसंग का किया मनोहारी वर्णन

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के रामबाग धाम स्थित श्री बारहसैनी सेवा सदन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस पर कंस वध, रुक्मिणी विवाह, राधाकृष्ण का निधि वन में महारास प्रसंग का वर्णन सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। राधाकृष्ण स्वरुप में सजे कलाकारों ने नृत्य की प्रतिभा से मनमोह लिया। सर्वप्रथम यजमान महेंद्र पाल वार्ष्णेय, ऊषा रानी, प्रियंका वार्ष्णेय अंशु एवं अग्रज कुमार वार्ष्णेय ने विधि विधान से पूजन किया। सरस्वती पीठ वृंदावन से आए आचार्य नंद नंदन ठाकुरजी महाराज ने राधाकृष्ण के निधिवन में महारास, श्री कृष्ण रुक्मिणी के विवाह और प्रभु के द्वारिका गमन की लीलाओं से जुड़े प्रसंगों व कंस वध का विस्तार से वर्णन किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, राजन वार्ष्णेय, राजकुमार राजू, अरुण कुमार सोनू, अमित केएस, डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, मंगेश वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, एडवोकेट पीयूष वार्ष्णेय आदि।

एसडीएम से की ठियाबंदी उखाड़ने की शिकायत

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कुछ कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तहसील पहुंच कर एसडीएम नीतू रानी को शिकायती पत्र सौंप कर मदद की गुहार लगाई है। जिसमें पीड़ित कार्यकर्ता रामरक्षपाल पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव ऐचोली का कहना है कि उसके पास कृषि भूमि है। जमीन की पक्की ठियाबंदी के लिए उसने एक प्रार्थना पत्र तहसील में दिया था। चार अप्रैल 2024 को आदेश होने के बाद 19 जून को संबन्धित अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर पक्की ठियाबंदी करा दी। इसके बावजूद गांव के ही कुछ दबंग भूमाफियाओं ने आदेश की अवहेलना करते हुए उक्त ठियाबंदी उखाड़ दी है। ठियाबंदी पुन: स्थापित कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

योग शिविर के समापन पर उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

शिविर के समापन पर लोगों ने किया योगाभ्यास

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की ओर से जायंट्स के संस्थापक पदमश्री नाना चुडास्मा के जन्मदिन एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लाठी बाजार स्थित योग पीठ में 18 जून से आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों को अनेक प्रकार के योगासन सिखाए गए। समापन अवसर पर सर्वप्रथम फेडरेशन स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, भूतपूर्व फेडरेशन अध्यक्ष कृष्ण अवतार गुप्ता, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुभाष रुस्तगी, फेडरेशन पीपी पदमा भार्गव ने दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग प्रशिक्षिका अनीता राज एवं ऐश्वर्य राज को सम्मानित किया। दोनों योग प्रशिक्षिका ने योगाभ्यास व प्राणायाम से अनेक बीमारियों जैसे मोटापे को दूर करना, मधुमेह, थायराइड, अर्थराइटिस, डिस्क स्लिप, आंखों की रोशनी बढ़ाने तथा घुटनों के दर्द से छुटकारा पाने के अनेक आसान सिखाए। अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में योग करना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, अनुराधा, मृदुल अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, मीरा गोयल, नीलिमा, कविता, रेनू, उषा, गार्गी, निशा, सुनीता, रागिनी, चंचल, रानी, आरजू, ममता मिश्रा आदि उपस्थित रहीं।

ओवरब्रिज निर्माण के दौरान बदायूं चुंगी पर लगा जाम। ● अमृत विचार

मालगोदाम रोड से बदायूं चुंगी तक लग रहा जाम

चन्दौसी, अमृत विचार : मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का कार्य आरंभ हो गया है। जिससे बड़े वाहनों का यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। अब केवल बाइक सवार व पैदल लोगों की आवाजाही बनी हुई है। जिससे अब रोजाना पूरे दिन मालगोदाम रोड से बदायूं चुंगी तक जाम की स्थिति बनी रहती है। रोजाना सुबह से शाम तक मालगोदाम रोड से लेकर बदायूं चुंगी, बदायूं रोड तक जाम के हालात बने रहते हैं। जिससे जाम लगने पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती है। जाम में फंस कर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बार बालाओं ने लगाए ठुमके, वीडियो वायरल

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में डीजे लगाकर स्टेज पर बार बालाओं के नाचने का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में लोग ठुमके लगाती बार बालाओं पर नोट भी उड़ाते दिखाई दे रहे हैं।

हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का। जिसमें बेटी की शादी में होने मंगलवार की रात मंढे की दावत में ग्रामीण ने बार बालाओं को बुलाया था। जिसका वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वायरल वीडियो में बार बालाएं डीजे के आगे बनी स्टेज पर ठुमके पर ठुमके लगाती दिखाई दे रही हैं और आसपास में खड़े लोग नाचती हुई बार बालाओं पर खबू नोट उड़ा रहे हैं। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर पुलिस मौके पर गई थी, लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला।

सीएम तक पहुंचा कुएं को धार्मिक नाम देने का विवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार : नगर पंचायत सिरसी में सुंदरीकरण के नाम पर सार्वजनिक प्राचीन कुएं का धार्मिक नाम रखे जाने से लोगों में आक्रोश है। सभासद और लोगों ने मामले को लेकर मुख्यमंत्री को शिकायत भेजते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पर आरोप लगाए। हालांकि मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों से जानकारी की। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष का कहना रहा कि बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने पर कुएं का सुंदरीकरण कराया किया। लोगों की सहमति पर ही कुएं का नाम रखा गया।

नगर पंचायत सिरसी के सभासद आदित्यवीर के अलावा हर्षित कुमार रस्तोगी, विमल सैनी निवासी मुहल्ला चौधरियान और सुरेंद्र सिंह वर्मा, मोहित कुमार निवासी मुहल्ला सादक सराय ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। कहा कि मुहल्ला सादक सराय में सार्वजनिक कुएं का उपयोग पहले से हो रहा है। दीपावली पर दीये जलाने, शादी के मौके पर महिलाओं और दूल्हे द्वारा कुआं पूजन, बड़ी अमावस्या एवं संतान होने पर पूजन कार्य होते आए हैं। आरोप लगाया कि नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास ने नगर पंचायत के जरिये सुंदरीकरण का बहाना बनाया। सुंदरीकरण करके स्थल का नाम हुसैनी चौक रख दिया। जिससे वहां रहने वाले एक समुदाय के लोगों की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। धार्मिक रीति रिवाज को करने से भी रोक दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष से मिलकर आपत्ति की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। वहां से एक वर्ग के लोग पलायन करने को तैयार हैं। सार्वजनिक कुएं का नाम बदलने को लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत पहुंचने के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की।

कुंआ विवाद को लेकर मौके पर जानकारी लेते हजरतनगर गढ़ी थाना प्रभारी।

- **चेयरमैन पर लगाया बहाना बनाकर कुएं का नाम हुसैनी चौक रखने का आरोप**

> बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने पर कुएं का सुंदरीकरण कराया था। मोहल्ले वालों की सहमति से कुएं का नाम हुसैनी चौक रखा गया। आपत्ति होने पर बोर्ड की बैठक बुलाई, जिसमें हमने और सभासदों ने फैसला किया। दूसरे पक्ष ने हुसैनी चौक की जिस प्लेट को लेकर आपत्ति की थी उसे कुएं से हटाकर सामने वाले मकान पर लगा दिया गया। अब दूसरे पक्ष की ओर से कोई शिकायत नहीं है। विवाद समाप्त हो गया है।
>
> **-कौसर अब्बास, नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसी**

क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उठाया सफाई का मुद्दा

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: पंवासा ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख प्रेम कुमारी की अध्यक्षता में तीन वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

ब्लाक प्रमुख प्रेम कुमारी ने कहा कि क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष के तीन वर्ष पूरे होने पर ब्लॉक क्षेत्र में बिना भेदभाव के 101 कार्य पूर्ण कराए गए हैं। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने गांवों में फैली कीचड़ और गंदगी की साफ सफाई व जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क व रास्ते ठीक नहीं कराने का मुद्दा उठाया। कहा कि सफाई कर्मचारी गांव में समय पर पहुंचकर साफ सफाई नहीं कर रहे हैं। एडीओ पंचायत अशोक कुमार त्यागी ने कहा कि जल्द ही सफाई कर्मचारियों का समूह बनाकर सभी ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। ब्लाक प्रमुख पति हृदेश यादव ने आवास और शौचालय व जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप राघव ने केंद्र व राज्य सरकार की स्वच्छ भारत मिशन, कन्या सुमंगला योजना, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में बताया। इस दौरान भाजपा नेता कपिल सिंघल, किशनपाल यादव, कैलाश यादव, रामसरन यादव, ओमवीर यादव, अरविंद यादव, ओमेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुश ठाकुर, विष्णु चौधरी, रामप्रकाश सैनी, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

बीडीसी बैठक में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- **पंवासा क्षेत्र पंचायत समिति की हुई बैठक**

सिद्धू बने सीओ असमोली गणेश को गुन्नौर की कमान

संभल, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कई मामलों को लेकर विवादों में रहे सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह को हटा दिया है। सीओ गुन्नौर आलोक सिद्धू को असमोली में तैनाती दी गई है जबकि गणेश कुमार को सीओ गुन्नौर बनाया गया है।

गुरुवार शाम सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव का आदेश जारी किया गया। असमोली सर्किल के सीओ संतोष कुमार हटाकर सीओ लाइन बना दिया गया। वे पुलिस लाइन के कार्यों का पर्यवेक्षण करने के साथ ही यूपी-112 जनपदीय यातायात पुलिस के कार्य और अपराध शाखा की सभी इकाइयों के कार्यों का पर्यवेक्षण करने के साथ ही मीडिया, सोशल मीडिया सेल के कार्य देखेंगे। अब तक सीओ गुन्नौर की जिम्मेदारी निभा रहे आलोक कुमार सिद्धू को असमोली सर्किल का सीओ बनाया गया है। सीओ लाइन गणेश कुमार को गुन्नौर सर्किल का सीओ बनाया गया है।

बाइक सवार बदमाशों ने लूटा दंपति से एक लाख का माल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार : बनियाठेर थाना से कुछ कदमों की दूरी पर गांव बनियाखेड़ा के पास दो बाइक सवारों ने बाइक सवार दंपती से नकदी, जेवर सहित एक लाख रुपये का माल लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश आराम से निकल गए। घटना की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा निवासी तौकीर पुत्र नवी अहमद अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ बाइक से बुधवार की सुबह सिरसी अपनी रिश्तेदारी में गए थे। रात 9.45 बजे सिरसी से परिवार के साथ लौटे रहे थे। जैसे ही तौकीर ने थाने के कुछ आगे मुरादाबाद रोड से अपने गांव की ओर बाइक मोड़ी। तभी पीछे से दो बाइक पर सवार बदमाश आए और तौकीर की बाइक में डंडा मार कर बाइक गिरा दी। इसके बाद बदमाशों ने तौकीर की जेब में रखे 12 हजार रुपये, उसकी पत्नी के कानों से सोने के कुंडल, बैग में रखे पांच हजार रुपये व एक सोने का हार छीन लिया। इसके बाद बदमाश दोनों बाइकों पर सवार होकर बिलारी की ओर फरार हो गए। घटना के कुछ देर बाद पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा और पुलिस को घटना से अवगत कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- **बनियाठेर थाने से चंद कदमों की दूरी पर हुई लूट से सनसनी**
- **पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध दर्ज की रिपोर्ट**

बैठक | नवागत डीएम ने विकास कार्यों की जिला स्तरीय अधिकारियों से की समीक्षा

जिलाधिकारी बोले, अवैध खनन पर हो सख्त कार्रवाई

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : नवागत डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया ने अवैध खनन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने व सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की बात भी कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया जिला स्तरीय अधिकारियों से विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अवैध खनन जनपद में नहीं होने देने के निर्देश दिए। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की हिदायत दी। डीएम ने भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। अवैध परिवहन को लेकर गंभीरता दिखाए जाने के निर्देश दिए। कहा किसी भी दशा में अवैध परिवहन नहीं होने दिया जाये। डीएम ने कहा कि पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप को लगाने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए। पशुपालन विभाग निराश्रित गोवंश को गौशालाओं में भेजे जाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि गोवंशों को संरक्षित करने के लिए गोशालाओं के लिए भूमि को चिन्हित करें। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग से मरीजों को अच्छा उपचार देने की बात कही। इस दौरान प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह, एडीएम प्रदीप वर्मा, सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी, डीआईओएस बेदराम, बीएसए चंद्रशेखर, डीआईओ बृजेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया। ● अमृत विचार

डीएम ने परियोजना अधिकारी डूडा को किया सम्मानित

बहजोई, अमृत विचार : राज्य नगरीय विकास अभिकरण के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 9 साल बेमिसाल नाम से कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपदों को लखनऊ में सम्मानित किया। जिसमें जनपद संभल को मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त कराने के लिए डिप्टी कलेक्टर परियोजना अधिकारी डूडा दीपक चौधरी को सम्मानित किया गया। डीएम ने उनके कार्यों की सराहना की।

गोशाला में गंदगी देख भड़के डीएम

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई विकासखंड की गांव पाठकपुर गौशाला का जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। गोशाला में गंदगी पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। साफ सफाई किए जाने के निर्देश दिए। बीमार पशुओं को अलग शिफ्ट किए जाने की बात कही। डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया बहजोई विकासखंड की ग्राम पंचायत पाठकपुर की गोशाला पहुंचे। निरीक्षण के दौरान गोशाला में गंदगी पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। डीएम कहा कि गोशाला में गंदगी बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। तुरंत ही साफ सफाई की जाए। पशुओं की देखभाल को लेकर उन्होंने केयरटेकर से पूछताछ की। दो पशु बीमार पाए गए। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से निर्देश दिए कि दोनों बीमार पशुओं को अलग शिफ्ट किया जाए। उन्हें ठीक से उपचार दिया जाए। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र मौजूद रहे।

53 मरीजों की आंखों का किया परीक्षण

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : भारत विकास परिषद शाखा चन्दौसी की ओर से गुरुवार को परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में नेत्र परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

फव्वारा चौक पर नेत्र चिकित्सक डॉ. तनुज गोयल ने चश्मे का नंबर, आंखों में चिपचिपापन, मोतियाबिंद, आई साइट, आंखों में एलर्जी, खुजली, आदि आंखों की बीमारियों की जांच की। डॉ. तनुज गोयल ने कहा कि मौसम के हिसाब से इस समय आई इंफेक्शन बढ़ जाता है। धूप में निकलने से पहले हमेशा सनग्लासेस का प्रयोग करना चाहिए। ठंडे पानी के छींटें आंखों पर मारने चाहिए। खुजली, लालिमा, दर्द होने पर चिकित्सक की सलाह पर ही आई ड्रॉप डालना चाहिए। आंखों की समस्या होने पर कभी भी दवाई स्वयं से नहीं डालनी चाहिए। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि कार्यक्रम में 53 मरीजों की आंखों की जांच की गई और आवश्यकता के अनुसार दवाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएन शर्मा ने की। कार्यक्रम में वित्त सचिव डीसी गुप्ता, भावना गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशा गोस्वामी, कल्पना वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, मनोज गुप्ता, महेश कठेरिया, आभा रानी, अलका अग्रवाल, रंजना गुप्ता आदि परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

नेत्र परीक्षण शिविर में मरीजों के आंखों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

- **भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती मनाई**

गोभि : पशुभिरश्वैश्च कृष्या च सुसमृद्धया।
कुलानि न प्रोहन्ति यानि हिनानि वृत्तत :॥

जिस कुल में सदाचार नहीं है, वहां गायों, घोड़ों, भेड़ तथा अन्य लाख पशु- धन मौजूद हों, उस कुल की उन्नति नहीं हो सकती।

संपादकीय

विकसित भारत का संकल्प

अठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश की प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया है। यानी सरकार के विजन के प्रभावी दस्तावेज में प्रगति और भविष्य की संभावनाओं को शामिल किया। सीएए का जिक्र किया और कहा कि मोदी सरकार ने इस अधिनियम के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा इसने विभाजन के कारण पीड़ित कई परिवारों के लिए एक सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, किसी भी कारण से इनमें रुकावट आए, ये उचित नहीं है। इनमें शुचिता और पारदर्शिता बहुत ज़रूरी है। सरकार परीक्षा प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। इस पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी ठोस उपाय करने की ज़रूरत है। वास्तव में देश में पिछले 10 वर्षों में जो सुधार हुए हैं, भारत को विकसित बनाने के लिए उनसे नई गति मिली।

भारत को देखने का विश्व का नज़रिया बदला है। पड़ोसी प्रथम की नीति पर चलते हुए, भारत ने पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्तों को मज़बूत किया है। सात पड़ोसी देशों के नेताओं का 9 जून को केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेना, सरकार की इस प्राथमिकता को दर्शाता है। पूर्वी एशिया हो या फिर मिडिल-ईस्ट और यूरोप, सरकार कनेक्टिविटी पर बहुत बल दे रही है। भारत के विजन ने ही इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को आकार देना शुरू किया है। अफ्रीका महाद्वीप के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ का भरोसा मज़बूत हुआ है। कहा जा रहा है कि ये सदी भारत की है, और आने वाला दौर भारत का दौर है। सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है। सकारात्मक संदेश दिया कि जब भारत तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनेगा तो देश की इस सफलता में सभी की सहभागिता होगी। राष्ट्रपति ने सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाईं, उनमें सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां तथा पूर्वोत्तर में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। इस दृष्टि से अभिभाषण व्यापक था। उन्होंने विश्वास जताया कि स्पष्ट दृष्टिकोण और स्पष्ट रास्ता तय करते हुए लोकसभा में जन कल्याण के फैसलों का नवीन अध्याय लिखा जाएगा।

राहुल सांकृत्यायन का नालंदा स्वप्न

पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भिक्षु भदंत आनंद कौसल्यायन ने भी अपने संस्मरण में इस विषय पर लिखा है-"हां, वह राहुलजी के "आर्य-विहार, नालंदा" के स्वप्न का क्या हुआ? उसका उद्धार हो सकता था, यदि राहुलजी में किसी एक स्थान पर बहुत समय तक जमकर बैठने का धैर्य होता, धन-कुबेरों के आगे हाथ फैला सकने का सामर्थ्य होता।

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण की संकल्पना का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति अबुल कलाम को दिया जाता है। 28 मार्च 2006 को बिहार विधानमंडल के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि भारत के सांस्कृतिक गरिमा और बौद्धिक गौरव के प्रतीक नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार की आवश्यकता है।

भारत के लोग भूल गए हैं कि आधुनिक काल में नालंदा के आचार्यों के लुप्त ज्ञान वैभव की महत्वपूर्ण खोज सबसे पहले महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने की थी और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष पर नए नालंदा विश्वविद्यालय के निर्माण का स्वप्न भी सबसे पहले उन्होंने ही देखा था। भिक्षु जगदीश कश्यप जिन्हें राहुलजी ने पाली और बौद्ध दर्शन का अध्ययन करने श्रीलंका भेजा और जो कालांतर में नव नालंदा महाविहार के प्रथम निदेशक नियुक्त हुए,ने अपने संस्मरण मे लिखा हैः 'राहुल जी का सबसे बड़ा स्वप्न था-नालंदा का उद्धार करना। उनकी जितनी किताबें थीं,सभी पर लिखा रहता नालंदाएं। मुझसे कितनी ही बार इसकी संभावनाओं पर बातें कीं। बहुत पहले एक हल्की योजना भी बनाई थी कि सर्दी के तीन-चार महीने नालंदा में फूस की झोपड़ी बना कर रहा जाए और कुछ लिखने-पढ़ने का काम हो, किंतु इसे कार्यान्वित करने का कभी अवसर नहीं हुआ। जब नव नालंदा महाविहार की मैंने स्थापना की,तो राहुल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें उसकी साधारण समिति का मान्य सदस्य रखा। दो-एक बैठकों में राहुल जी ने भाग भी लिया और अपने अमूल्य परामर्श दिए।

भिक्षु भदंत आनंद कौसल्यायन ने भी अपने संस्मरण में इस विषय पर लिखा है-"हां, वह राहुलजी के "आर्य-विहार, नालंदा" के स्वप्न का क्या हुआ? उसका उद्धार हो सकता था, यदि राहुलजी में किसी एक स्थान पर बहुत समय तक जमकर बैठने का धैर्य होता, धन-कुबेरों के आगे हाथ फैला सकने का सामर्थ्य होता। पहली बात यदि संभव भी हो जाती, तो दूसरी कभी भी नहीं। इसीलिए आर्य विहार नालंदा नहीं ही बन सका।" एक बार राहुल जी के मन में यह विचार आया कि खच्चरों पर लादकर तिब्बत के दुर्गम महाविहारों से

> मैं जिस समय नालंदा विद्यालय के उत्कर्ष को सुन रहा था,मेरे आनंद की सीमा न थी,हृदय में आनंद की सिंधु तरंगें मार रही थी। श्रोतागण भी इस परिचय से बहुत प्रभावित दिख पड़े। सबके सब मेरी ओर एक ऐसी दृष्टि से देख रहे थे,जिसमें प्रेम और सम्मान का भाव था।

जो कलाकृतियां या चित्रपट उन्होंने लाईं थीं और जिनके लिए यूरोप और अमेरिका के संग्रहालय एक लाख पाउंड तक देने के लिए तैयार थे,को बेचकर नालंदा आर्य विहार की स्थापना की जाए, लेकिन अंत में उन्होने उस अमूल्य धरोहर को पटना म्यूजियम को दान दे दिया। पटना म्यूजियम के तत्कालीन अध्यक्ष काशीप्रसाद जायसवाल के हस्ताक्षर से तैयार किए गए करारनामे में शर्त यही रखी गई कि यदि किसी समय नालंदा में संग्रहालय बने,तो इन्हें वहां भेज देना होगा।

1918 में राहुल जी ने एक पुस्तक लिखी,जिसमें नालंदा की ज्ञान संपदा के उद्धार का विशद वर्णन था। वह पांडुलिपि खो गई और जब उसके मिलने की आशा बिल्कुल न रही,तब उन्होंने स्मृति से उस पुस्तक में व्यक्त भाव तथा विचार को 1924 में हजारीबाग जेल में लिपिबद्ध किया। "बाइसवीं सदी" नामक यह पुस्तक कल्पित पात्र आचार्य विश्वबंधु का भ्रमण वृतांत है। विश्वबंधु साठ वर्ष की अवस्था में नेपाल का भ्रमण करते हैं,लेकिन किसी कारण से गिरि-गह्वर में प्रवेश करने पर उन्हें मूर्छा आ जाती है और दो सौ वर्ष वे सुप्तावस्था में व्यतीत करते हैं। जब उनकी नींद खुलती है,वे वल्कल वस्त्र पहनकर समीपवर्ती नगर में प्रवेश करते हैं,जहां उनकी मुलाकात सुमेध नामक व्यक्ति से होती है। विश्वबंधु अपना परिचय देते हुए कहते हैं,"उक्त गुफा में आने से पूर्व मैं नालंदा में रहता था। उस समय वहां एक विद्यालय था,जिसमें मैं पहले पढ़ता पढ़ाता था।" सुमेधः ओहो, आप नालंदा विद्यालय के अध्यापक विश्वबंधु हैं! सचमुच हम कितने भाग्यशाली हैं कि आपके दर्शन कर सके। मैं भी तीन वर्ष से बीस की अवस्था तक आपके ही विद्यालय की गोद में पला हूं। वहां के ''वसुबंधु- भवन में' मैंने आपकी प्रस्तर मूत्ति भी देखी है।" "तो हमारा प्यारा विद्यालय अब भी जीवित है ?" "जीवित ही नहीं, बल्कि आज उस विद्यालय के मुकाबले में संसार में शायद ही कोई दूसरा विद्यालय हो। दर्शन, ज्योतिष, भाषा-विज्ञान, इतिहास और राजनीति के लिए नालंदा अद्वितीय है।"

मैं जिस समय नालंदा विद्यालय के उत्कर्ष को सुन रहा था,मेरे आनंद की सीमा न थी,हृदय में आनंद की सिंधु तरंगें मार रही थी। श्रोतागण भी इस परिचय से बहुत प्रभावित दिख पड़े। सबके सब मेरी ओर एक ऐसी दृष्टि से देख रहे थे,जिसमें प्रेम और सम्मान का भाव था। वसुबंधु सुमेध से पूछते हैं,अच्छा यह तो बताओ, इस समय नेपाल का राजा कौन है? "नेपाल का राजा। 'राजा' शब्द तो अब 'पुस्तकों की ही शोभा बढ़ाता है। अब राजा कहां !" अब तो सभी चीजें राष्ट्रीय हैं, सिर्फ बाग क्या, यह घर, कुर्सी, पलग, लड़के, स्त्री-पुरुष सब राष्ट्र के हैं। राष्ट्र का संचालन हम लोगों द्वारा चुने गए पंचों की पचायतों से होता है।" फिर आचार्य श्री पास की एक कुर्सी पर बैठकर मेज से एक किताब उठाकर देखते हैं। वह नालंदा विश्वविद्यालय के इतिहास के प्रोफेसर विश्वामित्र की पुस्तक थी जिसे नालंदा प्रेस ने 2024 में प्रकाशित किया था। एक इंच में प्रायः तीन हजार पृष्ठ रहे होंगे (संभवतः लेखक-कल्पित ई-बुक की फाइल)। आगे वे नालंदा विश्वविद्यालय के बारे में जिज्ञासा व्यक्त करते हैं -वे पूछते हैं, "अच्छा, यह तो बताओ, नालंदा विद्यालय की इस समय क्या स्थिति है?"

'अब नालंदा चहु विशाल विद्यालय हैं। पुराने, बड़गांव से राजगृह तक विद्यालय के ही भवन और छात्रालय चले गए हैं। सारे भूमंडल में दर्शन और इतिहास के लिए ऐसा दूसरा विद्यालय नहीं। वहां अध्ययन के लिए यूरोप,अमेरिका,जापान,अफ्रिका, आस्ट्रेलिया सभी जगहों से विद्यार्थी आते हैं। प्राचीन वस्तुओं का संसार में सबसे बड़ा संग्रहालय यहीं पर है। प्राचीन लिपियों और भाषाओं के पढ़ने-पढ़ाने का यहां सर्वोत्तम प्रबंध है। सिर्फ भारत की इतिहास-विषयक सामग्री ही नहीं, बल्कि रोम, यवन, मिश्र, असुर कल्दान,मेक्सिको आदि के विषय की कितनी ही सामग्रियों वहां संगृहीत हैं। नालंदा को अभिमान है कि उसने अंतर्राष्ट्रीय इतिहास के प्रस्तुत करने में बड़ी सहायता की है। दर्शन का अध्ययन नालंदा में उत्तम रीति से होता है। नव्य, प्राचीन, पौरस्त्य, पाश्चात्य सभी दर्शनों के अध्ययन का प्रबंध है। हमारे आचार्य दर्शन के महान विद्वान हैं। संस्कृत, पाली, जन्द, प्राकृत, यवनानी, लातीनी (रोमक) इत्यादि बहुत सी भाषाओं के वहां अध्यापक हैं। भाषाओं के अध्ययन में अब सचमुच बड़ी क्रांति हो गई है। प्रत्येक भाषा के अध्ययन के उपयुक्त वातावरण बना हुआ है। विशेष-विशेष भाषाओं के जिज्ञासुओं को यहां रखकर एक प्रकार से दूसरी भाषा से उनका नाता ही तुड़वा दिया जाता है। उनका सभी समालाप उसी भाषा में होता है। वस्तुओं का नाम आदि अध्यापकगण आकृति-प्रदर्शन पूर्वक उसी भाषा में बतलाते हैं। इस प्रकार तीन वर्ष में छात्रों का उस भाषा पर अधिकार हो जाता है। नालंदा विद्यालय में पृथक-पृथक विषयों के 15 विद्यालय हैं,जो भाषा पुरातत्व, ज्योतिष, दर्शन, विज्ञान, साहित्य, सगीत, आलेख्य, वास्तु (सिविल इजीनियरिंग), आयुवेद, वनस्पति, प्राणि, कृषि, यांत्रिक एवं शिक्षण विद्यालयों के नाम से प्रसिद्ध हैं। अध्यापक अपने-अपने विषय के पूर्ण ज्ञाता हैं।

भाषा-पुरातत्व विद्यालय में इतिहास की मौलिक सामग्री से परिचय एवं उसके एकत्रित करने का ढंग बतलाया जाता है। यह बीसवीं शताब्दी नहीं, बाईसवीं शताब्दी है। भूमि, बालू अथवा समुद्रों के नीचे पड़ी हुई सामग्रियां बहुतायत से इधर मिली हैं। अनेक पुरानी जातियों के धर्म,आचार-विचार तथा इतिहास पर इधर बहुत प्रकाश पड़ा है। भारत, मिश्र, असुर, कल्दान, ईरान, मेक्सिको, ब्राजील आदि अनेक देशों की प्राचीन सभ्यता की परिचायक अनेक सामग्रियों हाथ लगी है। राष्ट्र ने इन सामग्रियों के प्राप्त करने और रक्षित रखने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। जहां प्राचीन खंडहरों को खोदने, चीजों की रक्षा के लिए सुरक्षित स्थान बनाने में लाखों आदमी काम कर रहे हैं,वहां हजारों विद्वान दिन-रात उनके रहस्य को खोलने के लिए भी परिश्रम कर रहे है।

प्रसंगवश

फिर चर्चा में सेंगोल

राजदंड के प्रतीक सेंगोल को लोकसभा से हटाने की मांग करके समाजवादी पार्टी ने न्याय और राजदंड के बीच गाढ़ी लकीर खींचने की कोशिश की। हालांकि सेंगोल को राजदंड और न्यायदंड दोनों ही कहे जाने का उल्लेख मिलता है,पर लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में लोकसभा में इसका रखा जाना सपा को शायद इसलिए नहीं भाया होगा,क्योंकि विरोध करने वाले उसके सांसद आरके चौधरी इसे राजतंत्र का प्रतीक मानते हुए राजा का डंडा कहते हैं। फिर जनता के प्रतिनिधियों द्वारा संचालित शासन व्यवस्था भला सिंगोल क्यों? पूर्ण बहुमत वाली पूर्व की भाजपा सरकार में भाषण, योजनाएं, वादे सबकुछ मोदी के ही नाम से चलने के कारण यह ध्वनित होता था कि जैसे देश राजतंत्र की तरफ बढ़ रहा हो। भले ही प्राकट्य में ऐसा नहीं था। पर विपक्ष को चिकोटी काटने का अच्छा अवसर मिल गया और सेंगोल को उसके पूर्व के स्थान (तमिलनाडु) में रखने को लेकर संसद में बहस शुरू करने का प्रयास किया गया। अब देखना है कि क्या संपूर्ण विपक्ष उनकी इस मांग का समर्थन करता है या नहीं।

महेश शर्मा
कानपुर

जिस सेंगोल की स्थापना नई संसद में की गई है,उसका आधुनिक इतिहास भारत की आजादी के साथ जुड़ा हुआ सामने आया है। 14 अगस्त 1947 में जब भारत की सत्ता का हस्तांतरण हुआ,तो वो इसी सेंगोल द्वारा हुआ था। आजादी के समय जब लॉर्ड माउंटबेटन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू से पूछा कि सत्ता हस्तांतरण के दौरान क्या आयोजन होना चाहिए? नेहरूजी ने अपने सहयोगियों से चर्चा की। सी. गोपालाचारी ने सेंगोल प्रक्रिया के बारे में बताया। इसके बाद इसे तमिलनाडु से मंगाया गया और आधी रात को पंडित नेहरू ने स्वीकार किया। इसका तात्पर्य था पारंपरिक तरीके से ये सत्ता हमारे पास आई है। आज लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के निकट रखा सेंगोल समाजवादियों को खटकने लगा है। प्राचीन इतिहास पर नजर डालें तो सेंगोल के सूत्र चोल राज शासन से जुड़ते हैं, जहां सत्ता का उत्तराधिकार सौंपते हुए पूर्व राजा,नए बने राजा को सौंपता था। यह सेंगोल राज्य का उत्तराधिकार सौंपे जाने का प्रमाण होता था और राज्य को न्यायोचित तरीके से चलाने का निर्देश भी हुआ करता था।

आर्थिक चमत्कार के तकनीकी पहलू

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> आम लोगों के दिमाग में यह रहस्य खुल ही नहीं पा रहा कि आखिर किसी खास बिजनेसमैन के बिजनेस में ऐसे कौन से सुरखाब के पर लगे हैं कि उसका साम्राज्य इतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है।

उद्योगपति या कहें बिजनेसमैन,गौतम अडानी की संपत्ति पिछले एक साल में लगभग दोगुनी हो गई है। एक साल पहले अडानी की नेटवर्थ जहां 58.2 अरब डॉलर थी,अब यह बढ़कर 106 अरब डॉलर हो गई है। वे आजकल एक घंटा में 45 करोड़ रुपए कमा रहे हैं। गौतम अडानी की इस बेमिसाल आर्थिक सफलता और आमदनी का आलम तब है जब पिछले साल आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने उनके बिजनेस को चौतरफा झटका दिया था और उनके शेयरों के भाव बहुत नीचे आ गए थे। उस रिपोर्ट के बाद वे जितनी तेजी से गिरे थे। उससे बहुत अधिक तेजी के साथ फिर खड़े हो गए और पहले से अधिक, खूब अधिक ऊंचे भी हो गए। ऊंचाई मतलब आर्थिक साम्राज्य की ऊंचाई।

आम लोगों के दिमाग में यह रहस्य खुल ही नहीं पा रहा कि आखिर किसी खास बिजनेसमैन के बिजनेस में ऐसे कौन से सुरखाब के पर लगे हैं कि उसका साम्राज्य इतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है। यह पहली बार नहीं है कि महज एक साल में उनके आर्थिक साम्राज्य में लगभग 82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्मरण होगा कि दो साल पहले भी ऐसी सुर्खियां थीं कि अडानी की पूंजी में एक साल में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। आम आदमी भले ही इस बेमिसाल,बेहिसाब आर्थिक सफलता का तकनीकी पहलू नहीं समझ सके,लेकिन मैनेजमेंट कॉलेजों के प्रोफेसर्स और शोधार्थियों के लिए तो यह दिलचस्प केस स्टडी है। उन्हें इस पर शोध करना चाहिए कि इस आर्थिक चमत्कार के पीछे के तकनीकी पहलू आखिर क्या हैं? दिलजले तो झट से आरोप लगा देंगे मोदी जी पर कि यह सब उनके राज के सुराखों का परिणाम है कि अडानी जी उनके मित्र हैं,इसलिए सत्ता के समर्थन से दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की किए जा रहे हैं,लेकिन यही तो रिसर्च का टॉपिक होगा। आखिर कैसे किसी बिजनेसमैन की समृद्धि में इतनी तीव्रता से बढ़ोतरी हो सकती है? हुई है,यह तो स्पष्ट है, लेकिन कैसे? कहा जाता है कि नवउदारवादी राजनीतिक और आर्थिक संस्कृति में 'क्रोनी कैपिटलिज्म' व्यवस्था की स्वाभाविक परिणति है,लेकिन यहां तो मामला उससे भी बहुत आगे का लगता है।

कनाडा के एक पत्रकार ने इसके लिए एक नायाब शब्द दिया था,'गैंगस्टर कैपिटलिज्म', लेकिन जब हम गैंगस्टर पूंजीवाद की बात करते हैं तो मामला 'यारी' से बहुत आगे निकलता महसूस होता है। गैंगस्टर का सामान्य अर्थ तो सुधीजन समझते ही होंगे। अगर अडानी ब्रांड पूंजीवाद को गैंगस्टर पूंजीवाद कहा गया तो क्यों कहा गया होगा? हमारी कंपनी को तमाम बड़े बंदरगाह चाहिए तो चाहिए। हमें तमाम हवाई अड्डे चाहिए तो चाहिए। हमें फलां क्षेत्र के खनन का स्वामित्व चाहिए तो चाहिए। हमें रेलवे स्टेशनों के स्वामित्व के पट्टे हमारी इन शर्तों पर चाहिए तो चाहिए। हमें कारपोरेट टैक्सेशन में ऐसी पॉलिसी चाहिए तो चाहिए। हमें आर्थिक नीतियों में ऐसे प्रावधान चाहिए तो चाहिए। हमें श्रम कानूनों में ऐसे बदलाव चाहिए तो चाहिए। 'चाहिए तो चाहिए' की मुद्रा में खड़े पूंजीवाद को ही तो गैंगस्टर पूंजीवाद कहेंगे न? फिर साल भर में पूंजी दोहरे आकार में क्यों न बढ़े? यहां सवाल प्रासंगिक है कि इस एक वर्ष में मिडिल क्लास,खास कर लोअर मिडिल क्लास की आमदनी में कितनी बढ़ोतरी हुई? उससे भी अधिक प्रासंगिक सवाल यह कि बरसों से पांच किलो फ्री अनाज पाने की लाइन में खड़े 80-85 करोड़ निर्धनों की आमदनी में कितनी बढ़ोतरी हुई?

सटीक रिसर्च तो होने से रही कि आखिर कैसे पूंजीपतियों का एक छोटा सा समूह महज कुछ वर्षों में अपने आर्थिक साम्राज्य को इतनी ऊंचाइयों पर ले गया,क्योंकि अगर रिसर्च के फाइंडिंग्स सामने आए तो न जाने कितने चेहरों पर कालिख पुत जाएगी। गहराई से विचार करें तो गैंगस्टर कैपिटलिज्म और कारपोरेट नेशनलिज्म एक ही नाव पर सवार नजर आएंगे। यहां आकर महसूस होता है कि नेशन फर्स्ट, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्र के लिए बलिदान आदि शब्द कितने घिस दिए गए कि उन पर फिसलते हुए भारतीय राजनीति आज पतन के इस मुहाने पर आ खड़ी हुई है। देश के विकास दर की चंद लोगों द्वारा ऐसी लूट क्या किसी सक्षम और सजग लोकतंत्र में संभव है?

सोशल फोरम

आस्थावानों की सोच का दायरा

मेरे एक मित्र हैं। उनकी कार का एक बार एक्सीडेंट हो गया। उन्हें भी अच्छी खासी चोटें आईं। हाल चाल पूछने गया तो बोले ये एक्सीडेंट मेरी वजह से हुआ। मित्र बोला, दरअसल मैं स्टेयरिंग पर बैठ पहले भगवान का नाम ले उसे प्रणाम करता हूं। काम की जल्दबाजी में उस दिन प्रणाम करना भूल गया था।

जीवन मे घटित कुछ संयोगों के आधार पर हम एक धारणा विकसित कर लेते हैं और फिर सारा जीवन उसे पकड़े रहते हैं। ये बेचारे संयोगों के मारे हैं। आपने कई क्रिकेटरों को भी मैदान में कदम रखते वक्त कुछ खास करते देखा होगा। ये भी बेचारे संयोगों के मारे हैं। लंबी चौड़ी भूमिका की जरूरत मुझे इसलिए पड़ी की आजकल एक खास नरेटिव बहुत तेजी से चल रहा है कि बीजेपी या कहिए मोदी साहब ने राम जी का सम्मान नहीं किया, गलत मुहूर्त पर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की, किसी शंकराचार्य की बात नहीं मानी इसलिए पार्टी की ये गति हुई। खास कर पार्टी अयोध्या की सीट भी इसी वजह से हारी। आस्थावानों के लिए ऐसा सोचना बहुत आसान है, क्योंकि इससे उनके विश्वास को बल मिलता है। उनको लगता है कि कोई शक्ति जरूर है,जो गलत करने पर दंड देती है।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मुझको लगता है कि अगर कोई सर्वशक्तिमान है तो हम उसे भी साधारण इंसान की तरह ईर्ष्या, द्वेष वाला बना दे रहे हैं। ऐसे टुच्चे काम उसके माथे डाल उसे भी छोटा कर दे रहे हैं,लेकिन क्या कोई प्रभु केवल इसलिए कार का एक्सीडेंट करवा देगा कि व्यक्ति ने स्टेयरिंग पर बैठ उसे याद नहीं किया और इसीलिए चुनाव भी हरवा सकता है कि उसका निरादर हुआ।

तब सवाल है कि आखिर ये नरेटिव चलाया क्यों जा रहा है? दरअसल एक तो आस्थावानों की सोच का दायरा बड़ा तंग होता है। ऊपर से इस देश में इसी आस्था वालों के भरोसे कमाने खाने वाला भी एक जीव है। उस जीव की दुकानदारी बढ़िया से चलती रहे,इसलिए ऐसे नरेटिव गढ़े जाते हैं। **-फेसबुक वॉल से**

निजी बैंकों से छंटनी पर मंथन की जरूरत

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी की उम्र 70 के दशक के बीच में है। यह उम्र संन्यास लेकर अध्यात्म की ओर बढ़ने की है न कि मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोप में जेल जाने की।

ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवार के चार सदस्यों, प्रकाश हिंदुजा, उनकी पत्नी कमल हिंदुजा, उनके बेटे अजय हिंदुजा और उनकी पत्नी नम्रता हिंदुजा को स्विस अदालत ने भारतीय प्रवासी नौकरों का शोषण करने के लिए जेल की सजा सुनाई है,जिनसे वे 18 घंटे तक काम कराते थे। प्रति दिन 700 रुपये से कम में। स्विट्जरलैंड में प्रति घंटा दर 32 सीएचफ है,जो 2800 रुपये हैं। उन्होंने उन्हें स्थानीय मुद्रा के बजाय भारतीय रुपये में भुगतान किया। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए और उन्हें बाहर नहीं जाने दिया। वहीं अपने नौकरों को अच्छा वेतन देने की तुलना में अपने कुत्तों की देखभाल में अधिक पैसा खर्च किया।

प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी की उम्र 70 के दशक के बीच में है। यह उम्र संन्यास लेकर अध्यात्म की ओर बढ़ने की है न कि मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोप में जेल जाने की। दोनों को 4.5 साल की सजा हुई है,जबकि बेटे अजय और उसकी पत्नी नम्रता को 4-4 साल की सजा हुई है। विकसित देशों में न्याय प्रणाली इसी तरह काम करती है,भले ही परिवार ने नौकरों के साथ अदालत के बाहर समझौता कर लिया हो। क्या हमारे देश के कानून भी इससे सबक लेंगे? अभी कुछ दिन पहले ही राष्ट्रीयकृत बैंक के लाभ के नतीजे आने से उत्साहित बैंक कर्मचारियों की यूनियन ने निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण की मांग की थी,किंतु हाल में प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक को लेकर बड़ी खबर आई है। इस बैंक में बड़ी छंटनी की गई है और एक साथ 500 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। यही नहीं आने वाले दिनों में बैंक में और लोगों की भी छंटनी की संभावना है। बैंक की ओर से इस बड़ी छंटनी के पीछे कॉस्ट कटिंग के साथ ही तमाम अन्य कारण भी बताए गए हैं। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि आने वाले महीनों में और छंटनी का अगला दौर देखने को मिल सकता है और बैंक की लिस्ट में कई नाम शामिल हैं। कथित तौर पर यस बैंक लेऑफ से कई सेक्शन प्रभावित हुए हैं और इनमें होलसेल से लेकर रिटेन यूनिट तक शामिल है। बैंक ने बताया कि रिपोर्ट्स के मुताबिक, यस बैंक में की गई ये छंटनी दरअसल, यस बैंक के रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस के तहत की गई है और इसके पीछे कॉस्ट कटिंग का हवाला दिया गया है।

इसके इतर पीडब्ल्यूसी के 'ग्लोबल वर्कफोर्स होप्स एंड फियर्स' सर्वेक्षण के अनुसार,अगले साल नौकरी बदलने के इच्छुक कर्मचारियों की संख्या 2022 के इस्तीफे की संख्या से अधिक हो गई है,जबकि 19 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि वे अगले 12 वर्षों के भीतर नियोक्ता बदलने की संभावना रखते हैं, 28 प्रतिशत 2024 में ही ऐसा करने के इच्छुक हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि नौकरी से संतुष्टि पिछले साल की तुलना में थोड़ी बढ़ी है, 60 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि वे बहुत या मध्यम रूप से संतुष्ट हैं,जबकि पिछले साल 56 प्रतिशत ने ऐसा कहा था,लेकिन नौकरी से संतुष्टि का मतलब यह नहीं है कि कर्मचारी अपने नियोक्ता के साथ बने रहेंगे और ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश कार्यबल अन्य अवसरों पर नजर गड़ाए हुए हैं। बड़ी विचित्र स्थिति है एक ओर निजी बैंकों और संस्थानों में छटनी हो रही है। वही दूसरी ओर निजी क्षेत्र में खासकर आईटी सेक्टर में असंतोष बढ़ रहा है,क्या स्थिति 1969 की याद ताजा नहीं कर रही जब व्यापक असंतोष के कारण बैंकों का राष्ट्रीयकरण घोषित किया गया था,जरूरत इन सभी बातों के गहन मंथन की है।

इमरजेंसी का रोना कब तक

ओम बिरला अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष यानी स्पीकर के पद पर आसीन हो गए। यह सांविधानिक पद है और इस पर आरूढ़ हो जाने के उपरांत यह पदाधिकारी किसी पार्टी का सदस्य नहीं रह जाता। वह दलीय राजनीति से निरपेक्ष विशुद्ध न्यायिक हैसियत रखता है। होना तो ऐसा ही चाहिए। हालांकि बिरला ने पद पर चयनित होते ही यह प्रमाणित कर दिया कि वे भरपूर भाजपाई हैं और संविधान का कम भाजपा का अधिक ध्यान रखेंगे। उन्होंने वर्ष 1975 में 25 जून को इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव सदन में रखा और उसके विरुद्ध मुखर होकर कांग्रेस को कटघरे में खड़े करने की कोशिश की।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस तरह उन्होंने मोदी नीत भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाया। सवाल यह है कि क्या इमरजेंसी संविधान के प्रावधानों के अंतर्गत नहीं लगाई गई थी? उत्तर है कि लगाई तो संविधान के ही तहत गई थी। तब फिर सांविधानिक पद पर बैठा व्यक्ति इसका निंदा प्रस्ताव कैसे ला सकता है? बिरला की दलीय निष्ठा अब भी क्यों बरकरार है? वे तो पिछली लोकसभा के भी अध्यक्ष थे। 25 जून तो उस कार्यकाल में भी हर वर्ष आता था। क्या हर साल उन्होंने ऐसा किया था? स्पष्ट है कि स्पीकर महोदय मोदी और भाजपा के मनोनुकूल ही सदन चलाएंगे। हालांकि लगभग पचास साल पहले घटी इस घटना को अब कुरेदने की कोई जन स्वीकृति नहीं होगी। जनता यह भी तो देख रही है कि जिन इंदिरा गांधी की इस बहाने निंदा की गई,उनकी अगली पीढ़ी सोनिया और राहुल ही नहीं,मेनका और वरुण भी हैं,जो भाजपा में हैं। मेनका मोदी सरकार में मंत्री भी रहीं। टिकट इस बार भी दिया गया,किंतु पराजित हो गईं। यह भी सर्वविदित है कि इमरजेंसी के कारक मेनका के पति और वरुण के पिता संजय गांधी थे। राहुल के पिता राजीव का तो तब राजनीति से कोई लेना देना नहीं था। यह भी बता दें यह प्रस्ताव लाकर जिस कांग्रेस को आइना दिखाया गया, उसके तमाम लोग तो आज भाजपा में हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया क्या हैं? उनके पिता और वे कांग्रेसी रत्न ही रहे हैं। जब पूरी कांग्रेस बुरी है तो इन बुरों को गले क्यों लगाया गया?

क्या भाजपा में आकर सब शुद्ध हो जाते हैं। ऐसे उदाहरण तमाम हैं,तब यह चयनित निंदा का क्या मतलब! उस समय मोदी 25 वर्ष के पूर्णतया बालिग थे। जन आंदोलन क्यों नहीं किया? जिस रायबरेली से इंदिरा जी लड़ती थीं, वह आज फिर उनके पौत्र राहुल के ही पास है। जनता की यह आवाज क्यों अनसुनी की जा रही है? इमरजेंसी हटने के बाद हुए चुनावों में जिस यूपी ने विपक्षी जनता पार्टी को पूरी 85 सीटें दी थीं,वहां अब मोदी की भाजपा सिमट कर 33 पर आ गई है। कहां है इमरजेंसी का जन विरोध। उचित होगा कि गड़े मुर्दे न उखाड़कर सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

बनी रहें संसदीय परंपराएं

अठारहवीं लोकसभा के नई संसद में शपथ के बाद नारे लगे। इस बार पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से जमकर नारेबाजी हुई। एक नजारा और देखने मिला वह यह कि जिन राहुल गांधी को कभी भाजपा ने कहा था कौन राहुल? आज वे विपक्ष के नेता बन गए हैं और प्रधानमंत्री के साथ नए लोकसभा अध्यक्ष को उनकी कुर्सी तक साथ-साथ पहुंचाने गए। यही परंपरा भी है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी चिर परिचित शैली में लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधियों की आवाज दवाई न जाए,निष्कासन न हो,शायद उनका इशारा पिछले सदन में सांसदों के हुए निलंबनों की ओर था। स्पीकर का अंकुश सत्ता व विपक्ष दोनों पर हो। पिछली बार की तुलना में अबकी बार विपक्ष मजबूत है,सत्ता पक्ष दूसरों के सहारे पर है। इसलिए संसदीय परंपराएं मर्यादाओं का ईमानदारी से पालन की संभावना है। यही जनहित में भी है।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

एक नजर

विद्युत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष बने रिहान

नहटौर, अमृत विचार : विद्युत मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के मुख्य महामंत्री श्रीचन्द्र ने संगठन के अध्यक्ष आरवाई शुक्ला तथा प्रदेश प्रभारी आरसी पाल की संस्तुति पर विद्युत वितरण खण्ड धामपुर प्रथम में तैनात कार्यकारी सहायक रिहान अहमद को संगठन का जिलाध्यक्ष बनाया। टीजी-2 ब्रजेश कुमार को जिला सचिव मनोनीत कर संगठन के हित में कार्य करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर नव मनोनीत जिलाध्यक्ष रिहान अहमद ने हाईकमान को विश्वास दिलाते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है वह उसे पूरी ईमानदारी से निभाते हुए विभागीय कर्मचारियों के हित में कार्य करेंगे।

घर में घुसकर चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

नहटौर, अमृत विचार : घर में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गांव का ही निकला।पु लिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया। सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। गांव मुजफ्फरपुर नंहेड़ा निवासी थम्मन सिंह के घर में घुसकर चोर ने चोरी कर ली थी। पुलिस ने मामले को दर्ज करते हुए गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए खोजबीन शुरू की। पुलिस ने गांव के ही वेदप्रकाश उर्फ विकास को गिरफ्तार किया।पु लिस के मुताबिक उसकी निशानदेही पर एक चांदी का सिक्का, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी छोटे बच्चे के चांदी के कड़े व एक लेडिज हाथ की घड़ी और एक मोबाईल बरामद किया।

पुलिस ने किया पैदल मार्च

किरतपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में नगर में गुरुवार को पुलिस टीम ने पैदल मार्च निकाला। मुख्य बाजार में कानून व्यवस्था व जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। गुरुवार शाम पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के नेतृत्व में थाना प्रभारी त्वजपाल सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ नगर के मुख्य बाजार मे पैदल किया। अपराध नियंत्रण व जनता के मन में सुरक्षा का भाव पैदा किया। मार्च थाना प्रांगण से प्रारम्भ हुआ।

शाहपुर जमाल के पास बाइक गिरने से सिपाही की जान गई

गांव भूतपुरी जाते समय वाहन से बचाने के प्रयास में हुआ हादसा

संवाददाता, अफजलगढ़

दुर्घटना

- बागपत में बड़ौत क्षेत्र के गांव लोयन मिलकपुर के रहने वाले थे आकाश तोमर

अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग 74 स्थित गांव शाहपुर जमाल के पास गुरुवार को सिपाही की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में सिपाही गंभीर रूप घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सिपाही आकाश तोमर की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस विभाग में शोक का माहौल बन गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

बताया गया कि आकाश तोमर (27) जिला बागपत में बड़ौत क्षेत्र के गांव लोयन मिलकपुर के रहने वाले थे। वह माता-पिता की इकलौता संतान थे। आकाश तोमर 2018 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। उनकी मां का निधन हो चुका है। घर सिर्फ पिता रहते हैं। दो वर्ष पहसे आकाश की शादी हुई थी। अब वह अपनी पत्नी के साथ अफजलगढ़ में रह रहे थे। अफजलगढ़ कोतवाली में दो वर्ष से वह तैनात थे। अफजलगढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल आकाश तोमर गुरुवार सुबह ड्यूटी पर थे। वह अपनी बाइक पर सवार होकर अपने हलका क्षेत्र के गांव भूतपुरी की ओर जा रहे थे। जैसे ही उसकी बाइक गांव शाहपुर जमाल के पास पहुंची तो वाहन से बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक काफी दूर तक घिसटती हुई चली गई।

इससे सिपाही गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल सिपाही को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल, सीओ अफजलगढ़ अर्चना सिंह व थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली।

मदरसों में शैक्षिक और खेल प्रतियोगिताएं कराएं

बिजनौर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स और ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक हुई। इसमें विद्यालयों में बिजली, पानी, फर्नीचर एवं चारदीवारी का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने पर जोर दिया।

इसके बाद जिलाधिकारी छह मदरसों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। जिला बेसिक एवं शिक्षा अधिकारी एवं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से कहा कि मदरसों में शैक्षिक एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराएं। मदरसे के छात्रों में शारीरिक एवं मानसिक स्किल विकसित हो सके। उन्होंने मदरसों में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित मदरसों में एनसीईआरटी की किताबें विशेष रूप से उपलब्ध कराएं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजय कुमार गोयल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयकरण यादव आदि रहे।

खराब मौसम में पक्के घर में लें शरण

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

बैठक

- बैठक में जिलाधिकारी ने बताए वज्रपात से बचान के उपाय

अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि खराब मौसम में बिजली गिरने और वज्रपात की घटनाएं होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इनसे जनहानि, पशुहानि व मकानों की क्षति और व्यक्ति के घायल होने की घटनाएं होती हैं। बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाए ताकि वज्रपात से जान व माल की हानि नहीं हो सके।

उन्होंने बताया कि लोग अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग का दामिनी एप एवं सचेत एप डाउनलोड करें। इससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सकेगी। प्रतिवर्ष वज्रपात से बड़ी संख्या में जनहानि व पशुहानि होती है और इन्फास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वज्रपात से कम से कम क्षति हो, इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुंचाकर आपदा को कम से कम किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि यदि मौसम खराब हो तो किसी पक्के घर में शरण लें। आसपास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद करके पैरों को सटा लें। घरों में विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। यदि खेतों में हैं तो सूखे स्थान पर चल जाएं। हाईटेंशन तारों, पोखरों, बिजली के खंभों तथा कटीले तारों से दूर रहें। अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को लोगों तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दामिनी एप लगभग 20 से 40 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन भेजता है। कहा कि लोग अपने मोबाइल में दामिनी एप डाउनलोड करने के साथ ही आमजन को भी इसके बारे में बताएं। वज्रपात से होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आमजन मौसम की पूर्ण जानकारी के लिए सचेत एप डाउनलोड करें जिससे मौसम की जानकारी एवं विभिन्न आपदाओं की जानकारी व एडवाइजरी भी प्राप्त हो सके तथा चेतावनी भी प्राप्त होती रहे।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार सिंह ने लोगों को बचाव के बारे में जागरूक किया। बताया कि वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपंप आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैण्डलाइन एवं बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें, खुल वाहनों में सफर न करें। बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें। उन्होंने कहा कि उक्त उपायों द्वारा वज्रपात से सुरक्षित रहा जा सकता है।

युवक पर धारदार हथियार से हमला, शिकायत की

किरतपुर, अमृत विचार : अपने खेत पर गए किसान के साथ कुछ लोगों ने हाथापाई की। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने थाना प्रभारी को नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

गांव अंगाखेड़ी विकास ने पुलिस को बताया कि गुरुवार देर शाम सात बजे वह अपने खेत पर चारा देखने के लिए गया था। तभी लविश कुमार निवासी गांव अजगरपुर व उसके साथ उसके तीन अज्ञात व्यक्ति उसके खेत पर आए गए। आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर लविश व उसके तीन साथियों ने उस पर धारदार हथियार से वार कर दिया। इससे विकास घायल हो गया। आरोपी विकास को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए।

किसानों ने धरनास्थल पर बनाया खाना

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : एसडीएम के विरुद्ध कार्रवाई और उनके तबादले की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। तहसील परिसर में बारिश में भी धरनास्थल पर ही किसानों ने खाना बनाकर खाया।

भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं का कहना है कि गांव बेगमपुर चायमल में चारागाह की भूमि पर कब्जे की शिकायत करते समय एसडीएम अवनीश त्यागी ने कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता कर धमकी दी थी। एसडीएम का कहना है कि उन्होंने किसी भी किसान के साथ अभद्रता नहीं की। एसडीम के तबादले की मांग को लेकर सोमवार से भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता तहसील परिसर में धरना दे रहे हैं। गुरुवार को धरने पर कुंवर हर्षवर्धन सिंह, समर पाल सिंह, अनुज तोमर, तेजपाल, हितेश, समीर, फहीम, योगेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, अतुल कुमार, प्रमोद कुमार, लोकेंद्र, देवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

धरना स्थल पर खाना बनाते किसान। ● अमृत विचार

अधिवक्ता ने कानूनों में बदलाव का किया समर्थन

किरतपुर, अमृत विचार : भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एनडीए सरकार ने 16 दशक बाद व्यापक बदलाव किए है। इसका अधिवक्ता रवि मेंहरा ने स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि नए कानून और उन में हुए बदलाव बहुत कारगर साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा जिस तरह अंग्रेजों के कानून अब तक प्रचलित थे, उनमें आज के युग में बदलाव होने से लोगों को न्याय बहुत कम समय में मिलेगा। अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से लागू होगी। उनमें बहुत से कानून को भी जगह मिली है। अधिवक्ता समाज और विधि व्यवसाय करने वालों को इसमें कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि समय के हिसाब से नए कानून अपराधों पर लगन लगा सकते हैं।

बच्ची के स्वास्थ्य की जांच करतीं डॉ. अपराजिता चौधरी। ● अमृत विचार

शिविर में स्वास्थ्य की हुई जांच

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेतु आउटरीच हेल्थ कैंप लगाया गया। इसमें विभिन्न बीमारियों की जांच और लोगों को निशुल्क दवा भी वितरित की गई।

गुरुवार को नगर के मोहल्ला बुड्ढी में स्थित एक धर्मशाला में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेतु आउटरीच हेल्थ कैंप नागरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. अपराजिता चौधरी के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इसमें 170 मरीजों को निशुल्क परामर्श देते हुए ब्लड प्रेशर, शुगर, बुखार अन्य बीमारियो की निशुल्क जांच की गई। कैंप में रीना चौधरी, रश्मि राजपूत,विशाल वर्मा, मोहम्मद जुनेद, अमित आदि का सहयोग रहा।

अमरोहा-रामपुर

दरोगा के भाई की हत्या के मामले में दोषी को उम्रकैद

अदालत ने आरोपी पर 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

फैसला

- साक्ष्यों के अभाव में दोषी की पत्नी समेत दो लोग दोषमुक्त किए गए
- 19 नवंबर 2020 में की गई थी हत्या, शोरूम के पीछे मिला था शव

अमृत विचार : दरोगा के भाई की हत्या के मामले में अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह घटना अमरोहा के नौगांवा रोड पर हुई थी। दरअसल संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर नियावली निवासी स्व. भूदेव सिंह यूपी पुलिस में सिपाही थे। वह अपनी पत्नी निर्देश और बच्चों के साथ शहर में ही वासुदेव तीर्थ स्थल के पास फ्रेंड्स कॉलोनी में रहते थे। साल 2007 में उनके घर में डकैती हुई थी। बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर सिपाही भूदेव त्यागी को मारपीट कर घायल कर दिया था। बाद में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। आश्रित कोटे से उनकी बेटी प्रतिमा त्यागी को यूपी पुलिस में दरोगा की नौकरी मिल गई थी। प्रतिमा त्यागी की तैनाती हापुड़ नगर थाने में चल रही है।

यहां घर प्रतिमा त्यागी की मां निर्देश देवी व भाई अक्षय त्यागी रहते थे। जबकि, अरविंद नाम का एक व्यक्ति अपनी पत्नी रेनू और बच्चों के साथ उन्हीं के घर में किराये पर रहता था। 19 नवंबर 2020 की शाम अक्षय अचानक घर से लापता हो गया था। शक के आधार पर पुलिस ने अरविंद समेत तीन अन्य युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो अक्षय की हत्या करने का खुलासा हुआ। किरायेदार अरविंद की निशानदेही पर पुलिस ने उसका शव नौगांवा सादात रोड स्थित एक टाइल्स शोरूम के पीछे बने ट्यूबवेल के पास से बरामद किया था। रुपये के लेनदेन में अक्षय की गोली मारकर हत्या की गई थी। मामले में पुलिस ने अरविंद, उसकी पत्नी रेनू, मुशाहिद उर्फ भतीजा को गिरफ्तार किया था।

इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय ईश्वर सिंह की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी कर रहे थे। गुरुवार को कोर्ट में मामले की आखिरी सुनवाई हुई। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अरविंद को दोषी ठहराया। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। उधर, दोषी की पत्नी रेनू व मुशाहिद को अदालत ने दोषमुक्त करार दिया है।

आज भी की जाएगी शत्रु संपत्ति मामले में सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में चल रही है सुनवाई
- सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में दर्ज हुए थे कई मुकदमे

अमृत विचार : शत्रु संपत्ति से जुड़े मामले में गुरुवार को भी सुनवाई हुई। इसमें लेखपाल प्रेमलाल द्वारा पेश किए गए कागजातों में से खसरा के अभिलेखों का निरीक्षण किया। शुक्रवार को भी इस मामले की सुनवाई होगी।



सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला है। यह मामला सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी ने अजीमनगर थाने में दर्ज कराया था। इसमें जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया गया था। पुलिस ने जांच पूरी कर कोर्ट में आजम खां के साथ ही उनके बड़े बेटे अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, चमरौआ से विधायक नसीर अहमद खां, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम, मुख्तार अहमद सिद्दीकी, निकहत अखलाक, जेडआर सिद्दीकी, फसी जैदी, सैयद गुलाम रिजवी, रहमत हुसैन जैदी, वसीम रिजवी, उबैद उल हक, मसूद खां गुड्डू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। इसमें आजम खां के अधिवक्ताओं द्वारा कागजात देख जा रहे हैं। गुरुवार को खसरा से संबंधित कागज देखे गए। अब इस मामले में शुक्रवार को भी सुनवाई होगी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा खसरा से संबंधित कागजात देखे गए।

ट्रक की टक्कर से भोट के युवक की गई जान

भोट, अमृत विचार : अपने दोस्त के साथ रुड़की जा रहे थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का मुजफ्फरनगर में सड़ हादसे में घायल हो गया। बाद में उपचार के दौरान मेरठ में उसकी मौत हो गई। गुरुवार की दोपहर बाद युवक का शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव खौदपुरा का मझरा मच्छरगढ़ निवासी गनपत (22) पुत्र रामगोपाल उत्तराखंड के रुड़की में जेसीबी मशीन के प्लांट में आपरेटर था। इसी प्लांट में पीलीभीत जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के निजामगढ़ी गांव निवासी मुकेश कुमार भी काम करता था। गनपत के चाचा भीकम सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह दोनों दोस्त रुड़की जाने के लिए बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। मुजफ्फरनगर के रामराज थाना क्षेत्र के देवल गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। गनपत की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मेरठ पहुंच गए।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यगी। ● अमृत विचार

खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जिला खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक की। इस दौरान डीएम ने मिलावटी खाद्य पदार्थ पर रोक लगाने, नमूने लेने सहित विभिन्न बिंदुओं पर सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा से जानकारी ली। कहा कि मिलावटी मिठाई, दही, पनीर, खोया, घी बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ऐसे दुकानदारों पर अपर जिलाधिकारी जुर्माना लगाएंगे। अभियान चलाकर खाद्य सुरक्षा टीम सभी खाद्य प्रतिष्ठानों के सैंपल लें और जांच में सही जा पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करें। कहा कि जनपद में किसी भी स्तर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वाले दुकानदारों को बख्सा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी कहा कि मीट की दुकान के लाइसेंस को लेकर यह ध्यान रखा जाए, दुकान उचित स्थल पर हो। दुकानदार अवशेष के निस्तारण की अच्छी व्यवस्था करें। जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं। इनसे लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। सर्वाधिक बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। कहा कि इसके लिए प्रत्येक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा विनय कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरेंद्र सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

महंगाई 15 दिन में आलू के दाम 40 रुपये प्रति किलो पहुंचे, टमाटर भी हुआ महंगा

महंगी सब्जियों से बिगड़ रहा घर की रसोई का बजट

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : आसमान छू रहे सब्जियों के दामों ने महिलाओं की रसोई का बजट बिगाड़ दिया। हरी सब्जियों के दामों में तेजी से वृद्धि हो रही है, वहीं लोगों की थाली से चटनी व सलाद भी गायब होने लगा है। व्यापारियों का मानना है कि सब्जी की आवक कम होने से दामों में तेजी से वृद्धि हो रही है। कारण कोई भी हो दाम बढ़ने से गरीब व मध्यम वर्ग के रसोई का बजट ही बिगड़ गया है।

सब्जी में तड़का लगाने के लिए प्रयोग किये जाने वाले लहसुन और जीरे से लेकर टमाटर व आलू तक की कीमतों में उछाल आ गया है। महंगाई के कारण गरीब वर्ग के लोगों के रसोई से सब्जियां गायब होती जा रही हैं। दिन प्रतिदिन सब्जियों के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे महिलाों को चिंता सता रही है। 15 दिन पहले 25 रुपये प्रति किलो मिलने वाला आलू, अब 40 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। लहसुन के दाम में उछाल आने से रसोई में लगने वाले तड़के की महक कमजोर हो गई है। एक महीने पहले लहसुन 60 रुपये किलो बिक रहा था। लेकिन अब 200 रुपये किलो के दाम पहुंच गया है। 10 रुपये किलो में बिकने वाला टमाटर आज 30 रुपये किलो तक पहुंच गया है। अन्य सब्जियों ने भी गृहिणियों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। खाद्य वस्तुओं के दाम आसमान छूते जा रहे है, जिस पर गृहिणियों ने ङ्क्षचता जताई है। चार पांच सदस्यों वाले परिवार में 300 रुपये की सब्जी खरीदने से सप्ताह भर चलना मुश्किल हो रहा है। सब्जी विक्रेता अनुज ने बताया कि पिछले 15 दिनों से लगातार सब्जियों के दाम में उछाल हो रहा है। हर सब्जियों के दाम 10-20 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गए हैं।

आलू व अन्य सब्जियां बेचते दुकानदार। ● अमृत विचार

आलू के दाम में उछाल आया है। 25 रुपये प्रति किलो में मिलने वाला आलू अब 40 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है। ऐसे में बचत पर भी बुरा असर पड़ रहा है। -नेमवती, गृहिणी

मंहगाई बढ़ने से गरीब लोग परेशान हैं। उनका महीने का बजट बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सब्जी खरीदने से पहले एक बार सोचना पड़ रहा है। -गुड़िया, गृहिणी

बिलासपुर तिराहे पर पार्टनरों में मारपीट

स्वार, अमृत विचार : लेनदेन को लेकर व्यस्तम इलाके में दो पार्टनरों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान लोगों का जमावड़ा लगने के साथ ही दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को पकड़ शांति भंग में चालान कर दिया।

नगर के मोहल्ला चक स्वार निवासी जावेद मियां और नदीम डंपर में पार्टनर हैं। नदीम का आरोप है कि जावेद मियां ने डंपर अपने नाम कराकर नोटरी का हलफनामा बनवाकर दे दिया, लेकिन जावेद मियां डंपर में घाटा दिखाता रहा। जब उसने डंपर में अपनी हिस्सेदारी का हवाला दिया तो उसने हिस्सेदारी देने से साफ मना कर दिया। गुरुवार को नदीम अपने भाई अजीम और बहन रेशमा के साथ बिलासपुर तिराहे पर खड़ा था। इस बीच जावेद मियां और उसका भाई भी आ गए।

सरिया लदे ई-रिक्शा से हादसे का खतरा

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : सवारियों के लिए खरीदे गए ई रिक्शा का इस्तेमाल लोग सामान की ढुलाई के लिए कर रहे हैं। ई रिक्शा कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

शहर में सवारियों वाले कई ई रिक्शा का प्रयोग सामान ढोने के लिए किया जा रहा है। ई रिक्शा पर सरिया, लकड़ी, पत्थर, सब्जी सहित बोरिंग के सामान को भी एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचाया जाता है। जबकि इसके लिए प्रशासन की ओर से सख्ती करने को लेकर भी निर्देश दिए गए है। लेकिन इसके बाद भी कई ई रिक्शा चालक मनमानी करते हुए यह करते हुए नजर आते हैं।

शहर में ई रिक्शा चालकों द्वारा रिक्शा की छत पर भी भारी सामान रखकर एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचाया जाता है। ऐसे में ये रिक्शा हादसे को न्योता देते हुए नजर आते हैं। ऐसे में बाइक सवार लोग इन सरियों की चपेट में आकर घायल हो जाते हैं। डर रहता है कि कहीं कोई अपनी जान न गवां बैठे। वहीं शहर में ई रिक्शाओं की वजह से जाम के हालात बने रहते हैं। मुख्य बाजार में इन ई रिक्शाओं की लंबी कतारें लगी रहती हैं। कुछ ई रिक्शाओं पर इतना सामान लाद दिया जाता है कि हादसा होने का डर बना रहता है।

ई रिक्शाओं में लोहे की सरिया व ऐसी वस्तु भी ले जाई जा रही है, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा रहता है। इस संबंध में कस्बा चौकी प्रभारी सुभाष चौहान ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर ऐसे ई रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मंडी धनौरा में सरिया लाद कर जाता ई रिक्शा चालक। ● अमृत विचार

अब तीन नहीं बल्कि चार प्रकार के होंगे न्यायिक अधिकारी, बहस पूरी होने के बाद निर्णय की समय सीमा भी निर्धारित की गई

देशभर में लागू होगी एक समान न्याय प्रणाली, पीड़ितों को मिलेगा सुगम न्याय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नए आपराधिक कानून में न्यायाधीशों से संबंधित कई प्राविधान किए गए हैं। यह इसलिए किए गए ताकि पीड़ितों को सुगम न्याय मिल सके। इसीलिए अब न्यायाधीशों के प्रकार में तीन के स्थान पर चार कर दिया गया है। बहस पूरी होने के बाद निर्णय की समय सीमा भी निर्धारित कर दी गई है।

न्यायाधीशों से संबंधित प्राविधान में पहला बदलाव तो यह है कि पूरे देश में एक समान न्याय प्रणाली कर दी गई है। न्यायिक प्रक्रिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट, मेट्रो पॉलिटन मजिस्ट्रेट और सहायक सत्र न्यायाधीश के पदों का उन्मूलन कर दिया गया है। अब इसके स्थान पर चार प्रकार के न्यायिक अधिकारी होंगे। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सत्र न्यायाधीश और कार्यकारी मजिस्ट्रेट होंगे। नए कानून में सभी न्यायिक अधिकारियों की भूमिकाओं का निर्धारण कर दिया गया है।

मॉब लिंचिंग बना जघन्नय अपराध

नए कानूनों में पहली बार मॉबलिंचिंग को भी परिभाषित किया गया है। जाति, नस्ल, समुदाय, लिंग, जन्म स्थान एवं भाषा के आधार पर हत्या करने अथवा घायल करने पर सख्त सजा का प्राविधान किया गया है। इसके अंतर्गत अब सात वर्ष के कारावास की सजा मिलेगी। स्थाई विकलांगता की स्थिति में 10 वर्ष के कारावास अथवा आजीवन कारावास की सजा तय की गई है।

पुलिस की बढ़ी जवाबदेही

अब पुलिस बिना वीडियोग्राफी के आपकी तलाशी नहीं कर पाएगी। जब्ती के दौरान भी वीडियोग्राफी होगी। गिरफ्तार व्यक्तियों के बारे में जानकारी देना भी पुलिस के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। तीन वर्ष से कम सजा वाले मामलों में और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों पर कार्रवाई के लिए मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना जरूरी हो गया है। 20 से अधिक प्राविधानों द्वारा पुलिस की जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। पहली बार एफआईआर दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच का प्राविधान भी किया गया है।

तारीख-पर-तारीख के चलन से मिलेगी मुक्ति, तीन वर्षों में मिलेगा न्याय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नए आपराधिक कानून-2023 की सबसे खास बात यह है कि इसके लागू होने के बाद से तारीख-पर-तारीख के चलन से पीड़ित को मुक्ति मिल जाएगी। प्रयास है कि अधिकतम तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल जाए। इसके लिए 35 ऐसी धाराएं है, जिनकी समय सीमा तक तय कर दी गई है। ऑनलाइन शिकायत करने के तीन दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज करने का प्राविधान किया गया है। योन उत्पीड़न के मामलों में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी ही देनी है। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करने का प्राविधान किया गया है। नए आपराधिक कानून में बहुत कुछ बदल दिया गया है। भगोड़े अपराधियों की गैर-मौजूदगी के मामले में भी 90 दिनों के अंदर केस दायर करने का प्राविधान कर दिया गया है। आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर फैसला करना अदालतों में अनिवार्य हो गया है।

सामूहिक दुष्कर्म में 20 वर्ष नाबालिग से सजा-ए-मौत

सामूहिक बलात्कार में 20 वर्ष के कारावास अथवा आजीवन कारावास जैसी सजा का प्राविधान किया गया है। यही नहीं नाबालिग से सामूहिक बलात्कार करने में मौत तक की सजा का प्राविधान किया गया है। यौन संबंध के लिए झूठे वादे करने अथवा पहचान छिपाने को भी अब अपराध की श्रेणी में रखा गया है। पीड़िता के घर पर किसी महिला अधिकारी की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज करने का प्राविधान भी किया गया है। पीड़िता के अभिभावकों की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज करना अनिवार्य हो गया है।

महिला से होने वाले अपराध की बदली धारा

छेड़छाड़	354	74
शारीरिक संस्पर्श और अश्लीलता के आरोप	354ए	75
शारीरिक संपर्क और आगे बढ़ना	354 बी	76
ताक-झांक करना	354सी	77
पीछा करना	354डी	78
दुष्कर्म	376	64
दहेज हत्या	304बी	80
नाबालिग का अपहरण	363	139
विस्फोटक पदार्थ के बारे में उपेक्षा	286	287
गलत इशारे करना व गाली देना	294	296
लज्जा भंग करना	509	79
दूसरा विवाह करना	494	82
पति या उसके रिश्तेदार द्वारा क्रूरता	498ए	85

भगोड़े अपराधियों के खिलाफ भी अब सजा होगी तय

भगोड़ा अपराधी दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष या अधिक की सजा मिलेगी। भगोड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए अय देशों के साथ मिलकर आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे। भगोड़ों के खिलाफ अदालत में मुकदमा चलाने का भी प्राविधान किया गया है। यही नहीं भारत एवं अन्य देशों में भी संपत्ति जब्त करने का भी प्राविधान किया गया है।

अपराध आईपीसी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)

हत्या	302	103(1)
हत्या का प्रयास	307	109
उपेक्ष द्वारा मृत्यु कारित	304ए	106
आत्महत्या के लिए उकसाना	306	108
आत्महत्या का प्रयास	309	226
मारपीट	323	115
जान से मारने की धमकी	506	351
लूट	392	309(4)
लूट का प्रयास	393	309(5)
लूट के दौरान हत्या का प्रयास	394	309(6)
डकैती	395	310(2)
डकैती के दौरान हत्या	396	310(3)
धोखाधड़ी	420	318(4)
कूटरचना	465	336(2)
न्यायालय अभिलेख व लोक रजिस्टर की कूटरचना	466	337
प्रतिभूति बिल की कूटरचना	467	338
छल प्रयोजन से कूटरचना	468	336(3)
कूटरचित दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख	470	340(1)
कूटरचित दस्तावेज को असली रूप में प्रयोग	471	340(2)

तीन दिन बाद बीएनएस की धारा में मिलेगी अपराधियों को सजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ब्रिटिश कॉल के आईपीसी अब इतिहास के पन्नों में
- एफआईआर की धारा, डिजिटल, फॉरेंसिक जांच के तरीके भी बदले

अमृत विचार : ब्रिटिश कॉल में सन 1860 में अंग्रेजो ने अपनी सुविधानुसार जिस आईपीसी (इंडियन पेनल कोड) को लागू किया था। इससे बस तीन में छुटकारा मिल जाएगा। अब एक जुलाई से आईपीसी की जगह बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) लागू हो जाएगी। इसमें एफआईआर की धारा, डिजिटल, फॉरेंसिक जांच के तरीके भी बदल गए है। केंद्र सरकार ने तीन नए कानून व्यवस्था को लागू किया है। नई व्यवस्था 30 जून की आधी रात 12 बजे से लागू हो जाएगी।

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की 302, 307, 376 जैसी धाराओं का प्रयोग पुलिस हत्या, हत्या का प्रयास, दुष्कर्म जैसे अपराधों के एफआईआर में करती थी। पर, ये धाराएं एक जुलाई से खत्म हो जाएंगी। देश में नया कानून लागू हो रहा है। एक जुलाई से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) खत्म हो जाएगी। इसकी जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) लागू हो जाएगी। किसी भी एफआईआर को देखे तो उसमें सबसे पहले भारतीय दंड संहिता 1860 ही लिखा होता था। एक जुलाई से इसकी जगह एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता लिखा मिलेगा। आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएं हैं।

आईपीसी का इतिहास

भारतीय दंड संहिता इसे आईपीसी के नाम से जाना जाता है। इसे ब्रिटिश कॉल में अंग्रेजों ने 1860 में तैयार की थी और 1862 से लागू की। यह कानून ब्रिटिश शासनकाल के दौरान तैयार किया गया था और इसका उद्देश्य भारतीय समाज में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना था। आईपीसी में विभिन्न प्रकार के अपराधों और उनके लिए निर्धारित दंडों का विस्तृत विवरण है।

वकील और पुलिस पढ़ रहे किताब

नए कानून की जानकारी के लिए वकील हों या पुलिसकर्मी सभी इसकी किताब का अध्ययन कर रहे हैं। हत्या के लिए अभी तक धारा 302 के तहत रिपोर्ट दर्ज होती थी, लेकिन एक जुलाई से धारा 103 (1) में रिपोर्ट दर्ज होगी। दुष्कर्म का मामला अब 376 की जगह धारा 63 में दर्ज होगा। वहीं 354 से 354 (घ) यानि महिला अपराध से जुड़ी धारा भी बदल गई है। इसका मामला दर्ज करने के लिए पुलिस को अब धारा 74 से 78 का प्रयोग करना होगा। डकैती की धारा 395 की जगह 310 (2) होगी। हत्या के प्रयास में अभी तक धारा 307 लगती थी, लेकिन अब 109 के तहत रिपोर्ट दर्ज होगी। धोखाधड़ी के मामले धारा 420 की जगह 316 में लिखे जाएंगे। इसी तरह से सभी अपराध की धाराएं बदल दी गई हैं। नए कानून के तहत सात साल से ज्यादा सजा वाले मामलों में फॉरेंसिंक रिपोर्ट अनिवार्य होगी। इसके साथ ही अभी तक आरोपियों के हाथों में हथकड़ी लगाने का प्रावधान नहीं था। अब सात साल से ज्यादा सजा के मामले में पुलिस हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकेगी।

देश में कहीं भी एफआईआर दर्ज करा सकती है दुष्कर्म पीड़िता

नई कानून व्यवस्था में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध के मामलों में सख्ती की गई है। महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। नए प्रावधान में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना होने पर वह देश के किसी भी राज्य के किसी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज करा सकती है। पुरानी व्यवस्था में यह सिर्फ राज्य स्तर पर ही लागू था। अब राष्ट्रीय स्तर पर लागू हो गई है। वहीं यौन अपराध से जुड़े मामले में प्रावधान किया गया है कि यौन संबंधों के लिए पहचान छिपाना और झूठे वादे अपराध की श्रेणी में माने जाएंगे। नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म को पॉक्सो एक्ट के साथ जोड़ दिया गया है। जिसमें आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में 20 साल की कैद और आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। आईपीसी में बलात्कार का मामला धारा 376 में दर्ज होता था पर, अब धारा 63 में किया जाएगा, वहीं धारा 64 में सजा के प्रावधान हैं। सामूहिक दुष्कर्म के मामले धारा 70 में दर्ज होंगे।

नए कानून में प्रौद्योगिकी का बढ़ा इस्तेमाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नए आपराधिक कानून-2023 में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया है। सात वर्ष अथवा उससे अधिक की सजा के प्राविधान वाले मामलों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य कर दी गई है। जांच प्रक्रिया में गवाही दर्ज करने का प्राविधान किया गया है। पुलिस द्वारा तलाशी की प्रक्रिया में वीडियोग्राफी अनिवार्य कर दिया गया है। रेप पीड़िता के ई बयान का प्राविधान किया गया है। वर्चुवल पेशी को अब कानूनी बना दिया गया है। गवाह, अभियुक्त, विशेषज्ञ और पीड़ित अदालत में वर्चुअल माध्यम से पेश हो सकते हैं।

जिला और राज्य दोनों स्तरों पर होंगे अभियोजन निदेशक

नए कानून में राज्य और जिला दोनों स्तरों पर अभियोजन निदेशक का प्राविधान किया गया है। जिला स्तर पर अभियोजन निदेशक की तीन श्रेणिया होंगी। इनमें अभियोजन निदेशक, अभियोजन उपनिदेशक और अभियोजन सहायक निदेशक का प्राविधान किया गया है। सात वर्ष से कम की सजा वाले मामलों के लिए सहायक निदेशक की भूमिका तय हुई है। ऐसा न्यायिक प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से किया गया है।

फोरेंसिक की अनिवार्यता बढ़ी

सात वर्ष अथवा इससे अधिक की सजा के लिए फोरेंसिक जांच अनिवार्य कर दिया गया है। इससे जांच में वैज्ञानिक तरीकों को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों का कहना है कि दोष सिद्धि दर को 90 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

आसपास-उत्तराखंड

होटल-कोठी के ध्वस्तीकरण के बीच राणा का आत्मसमर्पण

प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर दो घंटे गोलीबारी कराने के आरोपी पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए बीच सड़क दो घंटे तक गोलीबारी कराने के बाद फरार हुए मुख्य आरोपी राजीव राणा के संजयनगर में बने सिटी स्टार होटल एंड रेस्टोरेंट, कार्यालय और आलीशान कोठी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई के बीच पांच दिन से फरार राणा ने पत्नी और बेटी के साथ मौके पर पहुंचकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया लेकिन कार्रवाई नहीं रुकी। शाम तक कुछ हिस्सा छोड़कर लगभग पूरी इमारत को ध्वस्त कर दिया गया।

ऐसे तोड़ा गया राजीव राणा के संजय नगर मोड़ पर बना घर और होटल।

पीलीभीत बाईपास पर 22 जून की सुबह भाड़े के बदमाशों के जरिए कराई गई भीषण गोलीबारी की घटना ने पूरे शहर को दहला दिया था। मुख्य आरोपी राजीव राणा और उसका प्रमुख सहयोगी हिस्ट्रीशीटर केपी यादव इस घटना के बाद फरार हो गया था। राणा और केपी की गिरफ्तारी के लिए गठित पांच पुलिस टीमों के लगातार दबिश देने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग पाया तो प्रशासन ने उसकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई का फैसला लिया। जांच में पता चला कि संजयनगर में उसकी कोठी, होटल और कार्यालय बीडीए से नक्शा मंजूर कराए बगैर बनाया गया है।पुलिस-प्रशासन और बीडीए के अधिकारियों ने बुधवार को इन्हें ध्वस्त करने की योजना बनाई। बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे चार बुलडोजर और पोकलैंड मशीनों से संजयनगर मेन रोड पर बनी तीनों इमारतों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। दोपहर डेढ़ बजे फरार राजीव राणा ने पत्नी-बेटी के साथ मौके पर पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया और अपने पक्ष में कई दस्तावेज दिखाते हुए पुलिस-प्रशासन पर गलत कार्रवाई करने का आरोप लगाया लेकिन प्रशासन ने अपनी कार्रवाई नहीं रोकी।

राणा को गिरफ्तार कर पुलिस पुलिस लाइन ले गई जहां काफी देर पुलिस अधिकारियों ने पूछताछ करने के बाद उसे थाना इज्जतनगर भेज दिया। अब इज्जतनगर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि इस घटना की गूंज शासन तक पहुंची थी। शासन ने इसकी रिपोर्ट तलब की थी। पुलिस 12 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अब तक 21आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

> गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा के घर और होटल को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया है। राणा भी गिरफ्तार हो गया है। सभी आरोपियों की संपत्ति चिह्नित की जा रही है। उन पर एनएसए और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।
> – डॉ. राकेश सिंह, आईजी

कुत्तों के हमले में घायल 5 साल की बच्ची की मौत

बिसौली (बदायूं), अमृत विचार : कुत्तों के हमले में घायल बच्ची की अस्पताल में मौत हो गई। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सेंटा खेड़ा निवासी लोचन की पांच साल की बेटी चकोरा मंगलवार को खेत पर गई थी। वापस आते समय कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने बच्ची को बचाया। परिजन बच्ची को आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। फार्मासिस्ट ने बच्ची को एआरवी लगाकर घर भेज दिया। हालत खराब होने पर परिजन बच्ची को चंदौसी के निजी अस्पताल ले गए जहां गुरुवार को उसने दम तोड़ दिया।

प्रेमी ने छुटकारा पाने को की मां-बच्चों की हत्या

ब्यूरो, देहरादून

- पटेलनगर में दो दिनों में नाले के पास मिले थे सड़े-गले तीन शव
- बिजनौर के नहटौर से बुलाकर हत्या कर शव कूड़े में फेंक दिए

अमृत विचार : पटेलनगर थाना क्षेत्र में बडोवाला में स्थित सूखे नाले के पास मंगलवार व बुधवार को अलग-अलग तीन सड़े-गले शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। देहरादून पुलिस ने दिन-रात छानबीन कर गुरुवार को इस ट्रिपल मर्डर मिस्ट्री का खुलासा कर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। शव मां व उसकी दो बेटियों के निकले। नहटौर (बिजनौर) से बुलाकर तीनों की हत्या कर शव नाले में फेंके गए थे। हत्यारोपी के महिला से संबंध थे, उससे छुटकारा पाने के लिए उसे व उसके साथ आई दोनों बेटियों को भी मौत के घाट उतार दिया।

पटेलनगर के बडोवाला क्षेत्र में 25 जून की शाम पेट्रोल पंप से आगे सूखे नाले से बदबू आने की सूचना मिली थी। पुलिस ने छानबीन की तो नाले में एक शिशु और एक बच्ची की लाश सड़ी-गली अवस्था में मिली। दोनों शवों की शिनाख्त से लिए 26 जून को पुलिस ने घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान कूड़े के ढेर के नीचे महिला का सड़ा गला शव बरामद हुआ। कई टीमें गठित कर मुजफ्फरनगर, सहारनपुर व बिजनौर जिलों में महिला व दो बच्चियों की गुमशुदगी से संबंधित जानकारी जुटाई गई लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस सर्च अभियान में मिले कई चीजों से बुधवार शाम तक यह स्पष्ट हो गया कि तीनों शव एक ही परिवार के हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के मुताबिक सर्च अभियान में मिले सामान की छानबीन के बाद पुलिस ने नाले के समीप स्थित टिम्बर लाइन फैक्ट्री कार्यरत कर्मचारी हसीन पुत्र नसीम (36) निवासी फरीदपुर थाना व पोस्ट नहटौर (बिजनौर) हाल निवासी ब्रहमपुरी पटेलनगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में हसीन ने बताया कि वह तलाकशुदा है और 2 सालों से उसका मृतक महिला रेशमा से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

विधि प्रयोगात्मक परीक्षा की फिर बढ़ाईं तिथियां

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एक बार फिर स्नातक सम सेमेस्टर और विधि सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी गृह विज्ञान और बीबीए की सम सेमेस्टर की सत्र 2023-24 की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने की अंतिम तिथि 5 जुलाई तक विस्तारित की जाती है। इसके अलावा एलएलबी और बीएएलएलबी सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि भी बढ़ाकर 5 जुलाई कर दी गई है।

बीफार्मा और एमफार्मा के फार्म 28 तक भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार: रुविविने बीफार्मा के परीक्षा फार्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बीफार्मा प्रथम, तृतीय, पंचम और सप्तम सेमेस्टर और एमफार्मा प्रथम और तृतीय सेमेस्टर 20224 की पूरक परीक्षा के फार्म 26 जून तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को 29 जून तक भरे हुए फार्म विभाग में जमा करने होंगे।

पानी के बहाव से कटी अस्थाई सड़क, संभल गवां मार्ग पर वाहनों का आवागमन बाधित

रजपुरा/गुन्नौर, अमृत विचार : गुरूवार को उधरनपुर खागी के पुल निर्माण के चलते बनाई गई अस्थायी सड़क के टूट जाने से संभल गवाह मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। इस सड़क मार्ग पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। गवां – सम्भल सड़क मार्ग पर गांव उधरनपुर खागी के पास रपटा नदी पर पुल निर्माण का काम चल रहा है। इसलिए वाहनों के आवागमन के लिए नदी के साथ ही मिट्टी की कच्ची सड़क डाली गई थी। गुरूवार सुबह तेज बारिश से नदी में पानी का जलस्तर बढ़ गया और पानी के तेज बहाव से कच्ची सड़क कट गई। जिससे गवां – संभल सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। पुलिस ने संभल और मुरादाबाद की ओर जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट किया है। फिलहाल, वाहन गवां के संभल चौराहे से वाया आदमपुर – सौंधन होते हुए सम्भल मुरादाबाद जा जा रहे हैं। पानी में बही सडक़ की मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। संभल गवां मार्ग से दिल्ली ,हरियाणा व राजस्थान के लिए बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है।

एसपी ने मोहर्रम को लेकर किया पैदल मार्च, दिए निर्देश

संभल, अमृत विचार : आगामी मोहर्रम और अन्य त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। गुरुवार को एसपी ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा इंतजामों को लेकर अधीनस्थों से चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने गुरुवार को पुलिस बल के साथ शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से पैदल मार्च शुरू किया। बाल विद्या मंदिर स्कूल, एजेंटी तिराहा, मैंथा मंडी, खग्गू सराय तिराहा से होकर नखासा चौराहा पर समाप्त हुआ। एसपी ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर चर्चा की। मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए। इस दौरान सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार भी रहे।

पैदल भ्रमण करते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व सीओ अनुज कुमार चौधरी।

सम्बन्ध-विच्छेद
मैंने अपने पुत्र शमीम अहमद एवं पुत्रवधु आलम जहां से गलत आचरण के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उक्त दोनों अपने कृत्यों एवं लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। रईसा खातून पत्नी स्व. मौ. यामीन ग्राम शरीफ नगर, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

खोया-पाया
मेरी हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220589340 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है। दुर्गा पुत्री अजब सिंह, ग्राम हृदयपुर, पो. ऊंचा गांव, मुरादाबाद।

खोया-पाया
मेरी सम्पत्ति का मूल बयनामा दि० 21/11/2011, पुस्तक सं० 1 खण्ड सं० 1481 पृष्ठ सं० 231/258, क्रमांक सं० 7262 जो सब रजिस्ट्रार बिलासपुर में दर्ज है, वास्तव में कहीं खो गया है। यह सम्पत्ति किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक नहीं है। डा० सरिता सिंह पत्नी डा० विनय कुमार नि० म० सं० 4/208, हरिनगर कालोनी केमरी रोड, बिलासपुर (रामपुर)
एड. सुशांत सक्सैना
मो. न.- 9837205613

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

मां ने अपने तीन बच्चों को जहर खिलाकर नदी में डुबोकर मारा

एक बच्चा किसी तरह बचकर भाग निकला, दी घटना की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- फफूंद थाना क्षेत्र के केशमपुर घाट पर सेंगर नदी में डुबोया
- पति की मौत के बाद चचेरे देवर के साथ रह रही थी महिला
- देवर बच्चों को रखने को तैयार नहीं था, इस पर हुआ झगड़ा

अमृत विचार : फफूंद थाना क्षेत्र के केशमपुर घाट पर गुरुवार सुबह एक मां ने अपने तीन बच्चों को जहर खिलाकर सेंगर नदी में डुबोकर मार डाला। चौथा बच्चा किसी तरह बचकर भाग निकला और घटना की जानकारी दी। मरने वाले तीनों बच्चों की उम्र डेढ़, पांच और छह साल थी। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला पति की मौत के बाद चचेरे देवर के साथ रह रही थी।

आरोपी प्रियंका।

चचेरा देवर उसके बच्चों को रखने को राजी नहीं था। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हुआ, जिसके बाद मां ने यह वारदात कर डाली। पुलिस आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।.पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बताया कि फफूंद थाना क्षेत्र के अटा बरुआ निवासी प्रियंका के पति अवनीश कुमार की मौत हो चुकी है। उसके चार बच्चे सोनू (8), आदित्य (6), माधव (4) और मंगल (डेढ़ साल) हैं। वह करीब एक महीने से अपने चारों बच्चों के साथ औरैया के मोहल्ला बनारसी दास में चचेरे देवर आशीष के साथ रह रही थी। देवर प्रियंका को तो रखने को राजी था लेकिन उसके बच्चों को नहीं रखना चाहता था। प्रियंका की ताई गीता ने बताया कि सुबह प्रियंका ने उन्हें फोन कर कहा कि वह चारों बच्चों के साथ मरने जा रही है और फोन काट दिया। इसके बाद ताई तुरंत आशीष के पास पहुंची तो आशीष ने जानकारी होने से इनकार किया तो ताई नदी की तरफ गई। रास्ते में सोनू बैठा रो रहा था। सोनू ने बताया कि मां हम चारों भाइयों को लेकर यहां आई और कुछ खिलाकर तीनों को पानी में डुबो दिया।

मुझे भी डुबोया था लेकिन मैं बचकर निकल आया। इस पर ताई उसे लेकर केशमपुर घाट पर गई जहां तीनों बच्चे नदी के तट पर पानी में डूबे पड़े थे। सूचना पर फोर्स के साथ एसपी चारु निगम भी मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने कुछ ही देर बाद आरोपी मां को घटनास्थल के थोड़ी दूर से पकड़ लिया। एसपी के अनुसार महिला अभी कुछ स्पष्ट नहीं बोल रही है। बच्चों के मुंह से झाग निकलने से अंदेशा है कि उन्हें जहर दिया गया है।

पेपर लीक करने वाले जाएंगे जेल: डॉ. संजय निषाद

कानपुर, अमृत विचार : देश की आजादी में मछुआ समाज का अहम योगदान रहा है। इसका कानपुर से गहरा नाता भी है। इसलिए सरकार से मांग करूंगा कि सत्ती चौरा घाट को पर्यटक स्थल घोषित किया जाए। यह बात मछुआ क्रांति बलिदान दिवस समारोह में शामिल होने आए मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने गुरुवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता में कही।

इस दौरान मंत्री ने कहा कि पेपर लीक पर सरकार ने सख्त कानून बनाया है। अब पेपर लीक करने वाले जेल जाएंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार के सवाल पर कहा कि देश को सोने की चिड़िया बनाने के लिए यह नारा दिया गया था, मगर विपक्षियों को रास नहीं आया। आगे कहा कि जाति-धर्म के आधार पर चुनाव लड़ना बंद होना चाहिए।

वीडियो में मंत्री कह रहे कि बेदीराम जुगाड़ लगाने व नौकरी दिलाने में हैं माहिर

...और अब मंत्री राजभर के वीडियो वायरल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सुभासपा विधायक बेदी राम के वीडियो पर उठा विवाद अभी शांत नहीं पड़ा था कि पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के एक भाषण का वीडियो भी सामने आ जाने से मामला और गरमा गया है। ओपी राजभर इस वीडियो में कह रहे हैं, किसी विभाग में नौकरी चाहिए तो फॉर्म भरने के बाद कॉल लेटर आ जाए तो कॉल कर लेना। निश्चित है, जुगाड़ तो बना ही देंगे। यह भी कह रहे हैं कि, बेदी राम नौकरी दिलाने में माहिर हैं। आप लेने की तैयारी करो, कोई दिक्कत नहीं है।

हालांकि अमृत विचार बेदी राम या राजभर के वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन अभी तक दोनों वीडियो पर कोई खंडन या

मुख्यमंत्री के समक्ष गुरुवार को सफाई देने पहुँचे मंत्री ओम प्रकाश राजभर।

स्पष्टीकरण नहीं आया है। बेदी राम का स्टिंग वीडियो कांग्रेस ने जारी किया जबकि राजभर का वीडियो एक सार्वजनिक कार्यक्रम का है। जिसमें वह बेदी राम को लेकर नौकरी दिलाने के दावे कर रहे हैं। हालांकि राजभर ने पहले भी अपने एक विवादित बयान वाले वीडियो को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए डीपफेक करार दिया था।

इस बीच सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को मुख्यमंत्री की ओर से भी पंचायती राज विभाग व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर को ताजा प्रकरण में तलब किया गया। वहीं, राजभर ने नौकरी के जुगाड़ वाले खुद के बयान और पार्टी विधायक बेदी राम की जॉब सेटिंग स्टिंग से जुड़े सवालों पर चुप्पी साध ली है। वायरल वीडियो को लेकर जब मीडिया ने गुरुवार को उनसे सवाल किए तो उन्होंने बस इतना कहा - आप उनसे (बेदीराम) से क्यों नहीं पूछते, उनसे पूछिए। विधायक बेदी राम पेपर लीक के कई मामलों में आरोपी हैं और पहले गिरफ्तार भी हो चुके हैं। उन पर कई राज्यों में तमाम मामले दर्ज बताए जाते हैं जो रेलवे भर्ती, पुलिस भर्ती और एमपी लोक सेवा आयोग की भर्ती से जुड़े हैं। इस बीच 2014 में एसटीएफ से उन पर दर्ज हुए एक केस का प्रेसनोट भी वायरल हो रहा है।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर शुल्क वसूलने के खिलाफ आयोग में याचिका दाखिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने कहा, पावर कॉरपोरेशन का फैसला नियमों के विपरीत

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली कटने या जुड़ने पर उपभोक्ताओं से 50 रुपये वसूल करने व एलर्ट मैसेज पर 10 रुपये वसूलने के खिलाफ गुरुवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की गई। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से दाखिल याचिका में इसे नियमों के विपरीत बताते हुए स्वीकार न करने की मांग की गई है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग में दाखिल याचिका में कहा कि पावर कॉरपोरेशन का फैसला विद्युत अधिनियम के विपरीत है। पूर्व में बिजली कंपनियां आयोग को बता चुकी हैं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर खर्च होने वाले लगभग 29,619 करोड़ का कोई भी भार उपभोक्ताओं पर नहीं पडेग़ा। ऐसे में आयोग को पावर कॉरपोरेशन से यह पूछना चाहिए कि इस आत्मनिर्भर स्कीम पर केंद्र सरकार के ओर से दिए गए अनुदान के अतिरिक्त जो खर्च होगा, उसकी व्यवस्था कैसे होगी। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम 2003 में उपभोक्ताओं के लिए विकल्प की व्यवस्था मौजूद है तो फिर अनिवार्य रूप से सभी के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना क्यों बनाई जा रही है। कहा गया है कि आयोग का नैतिक दायित्व है कि वह विद्युत अधिनियम में दी गई व्यवस्था का पालन कराए। स्मार्ट प्रीपेड मीटर की टेंडर प्रक्रिया से लेकर अनुमोदन तक उच्च स्तरीय जांच की जाय। पावर कॉरपोरेशन की ओर से इस बात की गारंटी ली जाय कि 4जी तकनीकी खत्म होने के बाद 5जी तकनीक पर प्रदेश में लगने वाले सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगेंगे, पर विद्युत अधिनियम 2003 में दी गई व्यवस्था के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य नहीं किया जाएगा।

तीन पीसीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार ने गुरुवार को तीन पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। लोकसभा चुनाव के दौरान सपा की शिकायत पर फिरोजाबाद से हटाये गये एडीएम को नई तैनाती दी गई है। चुनाव के दौरान सपा ने फिरोजाबाद से अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह की शिकायत भारत निर्वाचन आयोग से की थी। शिकायत पर उन्हें हटा दिया गया था। अब उन्हें बुलंदशहर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बनाया गया है।

विवेक कुमार मिश्रा को बुलंदशहर से गाजियाबाद अपर जिलाधिकारी कानून एवं व्यवस्था के पद पर भेजा गया है। गाजियाबाद के अपर जिलाधिकारी कानून एवं व्यवस्था शैलेंद्र भाटिया को यमुना अथॉरिटी में विशेष कार्याधिकारी बनाया गया है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में पुलिस-प्रशासन में फेरबदल की प्रक्रिया चल रही है।

स्वदेशी तकनीक से रुकेगा सेना पर साइबर हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : भारतीय सेना के डाटा पर हमले को रोकने और उसे बेअसर करने का काम आईआईटी कानपुर करेगा। इसके लिए हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड लखनऊ और आईआईटी के बीच समझौता हुआ है। समझौते के तहत हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड में स्वदेशी रूप से विकसित और डेटा-संवेदनशील सॉफ्टवेयर की साइबर प्रूफिंग भी की जाएगी।

इस महत्वपूर्ण समझौते पर एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) सेंट्रल कमांड लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और आईआईटी कानपुर के डीन, आरएंडडी प्रोफेसर तरुण गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस समारोह में सीर्थीआईहब आईआईटी कानपुर के परियोजना निदेशक प्रोफेसर संदीप शुक्ला, मेजर जनरल शबीह हैदर नकवी, कर्नल हिरेन बोरा, कर्नल सजल थापा और लेफ्टिनेंट कर्नल वैभव आप्टे भी मौजूद रहे। यह समझौता ज्ञापन अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने व सैन्य सॉफ्टवेयर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए किया गया है। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने

एमओयू पर हस्ताक्षर करते एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) सेंट्रल कमांड लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और आईआईटी कानपुर के डीन, आरएंडडी प्रोफेसर तरुण गुप्ता।

- हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड लखनऊ और आईआईटी के बीच समझौता

कहा कि यह समझौता रक्षा बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन बिंदुओं पर होगा काम यह समझौता ज्ञापन एक व्यापक साइबर रक्षा रणनीति बनाने पर केंद्रित है। जिसमें सक्रिय खतरे का पता लगाना, वास्तविक समय प्रतिक्रिया तंत्र और सुरक्षित सॉफ्टवेयर का विकास शामिल है। भारतीय सेना के अनुभव और आईआईटी कानपुर की शैक्षणिक और अनुसंधान उत्कृष्टता के साथ साइबर हमलों का सामना करने में परिष्कृत सिस्टम विकसित किया जाएगा।

जिला समन्वयक घूस लेते गिरफ्तार

मिड-डे-मील का मामला

- कारण बताओ नोटिस के निस्तारण के नाम पर सेवानिवृत्त शिक्षक से मांगे थे रुपये

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार : सेवानिवृत्त शिक्षक से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने वाले जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में तैनात मिड-डे मील जिला समन्वयक (डीसी) को चित्रकूटधाम मंडल की एंटी करप्शन टीम ने कार्यालय में रंगे हाथ दबोच लिया। देहातकोतवाली में सेवानिवृत्त शिक्षक की तहरीर पर डीसी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गुरुवार को दोपहर लगभग पौने एक बजे चित्रकूटधाम मंडल की नौ सदस्यीय एंटी करप्शन टीम जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय आ धमकी। विभागीय कामकाज निपटा रहे बेसिक शिक्षा मिड-डे मील जिला समन्वयक भास्कर आसवानी को धरदबोचा। तलाशी के दौरान 10 हजार रुपये बरामद हुए। टीम ने डीसी के हाथ धुलवाए तो नोट में लगे पाउडर से गुलाबी हो गए। उन्हें गिरफ्तार कर टीम देहात कोतवाली पहुंची और यहां सेवानिवृत्त शिक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कराई। टीम प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले बीएसए कार्यालय से मानक के अनुसार मिड-डे मील योजना के तहत रसोईया चयन न करने के संबंध में बबेरू कस्बे के नहर कोठी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गंगा सागर पुत्र सुखदेव के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी हुई थी। कारण बताओ नोटिस निस्तारण के एवज में 10 हजार रुपये की मांग जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में नियुक्त एमडीएम जिला समन्वयक द्वारा की गई थी। एमडीएम डीसी द्वारा घूस मांगे जाने की शिकायत सेवानिवृत्त शिक्षक ने चित्रकूटधाम मंडल एंटी करप्शन टीम से करते हुए कार्रवाई का अनुरोध किया।

गुरुवार को को सेवानिवृत्त शिक्षक ने मिड-डे मील जिला समन्वयक को उनके कार्यालय में 10 हजार रुपये दे दिए। इसी बीच एंटी करप्शन टीम ने उसे धर दबोचा। इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार जिला समन्वयक को लखनऊ स्थित एंटी करप्शन अदालत में पेश किया जाएगा।

किसी भी विद्यालय में प्रॉक्सी शिक्षक मिला तो खैर नहीं

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- स्कूल के समय में किसी भी विभाग का होल्ड सर्वे भी नहीं कर सकते शिक्षक
- पहली बार लापरवाह शिक्षकों को नोटिस जारी कर सकेंगे प्रधानाध्यापक

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालय में प्रॉक्सी शिक्षकों (तैनात शिक्षक की जगह पर) की तैनाती मिली तो जिम्मेदार मूल अध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बिना अवकाश स्वीकृति के कोई शिक्षक अनुपस्थित मिला तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए उसका विवरण सर्विस बुक पर चढ़ाया जाएगा।

शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से गुरुवार को 32 बिंदुओं की गाइडलाइन जारी की गई है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि विद्यालय अवधि में किसी भी विभाग से संबंधित शिक्षक हाउस होल्ड सर्वे नहीं करेंगे। यदि किसी शिक्षक की ड्यूटी लगती है तो वह विद्यालय अवधि के बाद कार्य करेंगे। इसके अलावा रैली व विशेष कार्यक्रम के कारण संबंधित विद्यालय के अतिरिक्त अन्य विद्यालय को प्रभावित नहीं किया जायेगा। बता दें कि कक्षा 1 से 8 तक प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में पढ़ाई 1 जुलाई से शुरू होगी।

15 मिनट पूर्व होगी प्रार्थना सभा, देनी होगी फोटो : विद्यालय खुलने के समय से 15 मिनट पूर्व विद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसकी फोटो खंड शिक्षा अधिकारी को भेजनी होगी। प्रतिदिन पहले से निर्धारित प्रार्थनाएं ही कराई जाएंगी। राष्ट्रगान के अलावा 5 से 7 मिनट का ध्यान (मेडिटेशन) अनिवार्य रूप से कराना होगा।

ये सभी कार्य करने होंगे ऑनलाइन

किसी भी प्रकार की बैठक में शामिल होना, सभी प्रकार की पंजिकाओं यथा-शिक्षक डायरी, उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण पंजिका, स्टॉक पंजिका, आय-व्यय पंजिका, चेक इश्यू पंजिका (बजटवार), बैठक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, पत्र व्यवहार पंजिका, बाल गणना पंजिका और पुस्तकालय व खेलकूद पंजिकाओं का रख-रखाव का कार्य प्रधानाध्यापक व शिक्षक मिलकर करेंगे। लेकिन ये कार्य शिक्षण कार्य के बाद ही करने होंगे। इसके साथ ही शिक्षक संगठनों की ओर से आयोजित किसी गतिविधि में विद्यालय अवधि में प्रतिभाग नहीं करेंगे।

प्रधानाध्यापक शिक्षकों को दे सकेंगे नोटिस

विद्यालय में यदि कोई शिक्षक-शिक्षिका विलंब से आते है या बिना सूचना अनुपस्थित रहते या उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बनाकर विद्यालय से अनुपस्थित हो जाते है, उन्हें प्रधानाध्यापक नोटिस दे सकेंगे। बिना सूचना के अनुपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपस्थिति पंजिका पर अनुपस्थित अंकित किया जाएगा। नोटिस का एक अवसर दिए जाने के बावजूद भी यदि शिक्षक-शिक्षिकाएं समय से विद्यालय में उपस्थित नहीं होते है और अपने आचरण में सकारात्मक बदलाव नहीं लाते है तो संबंधित शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।

शिक्षण अवधि में इन कार्यों पर प्रतिबंध

शिक्षक विद्यालय से संबंधित विभिन्न कार्यों जैसे, पासबुक में एंट्री, अपडेशन, ग्राम प्रधान से वार्ता, चेक पर हस्ताक्षर, एमडीएम संबंधी, आवश्यकताओं एवं समन्वय के लिए शिक्षण अवधि में विद्यालय परिसर से बाहर नहीं जाएंगे। यदि कार्यों के कारण निरीक्षण अथवा सपोर्टिव सुपरविजन में कोई शिक्षक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाया जाता है तो उस दिन की वेतन कटौती की जाएगी।

वर्ग पहेली-114

बाएं से दाएं

1.1. जैसे, गोया 2. मान लो कि, कल्पना कीजिए
5. पान रखने की पिटारी या डिब्बा, बांस का बना पानदान।
6.1. जिसमें कोई गंध न हो 2. गंधरहित।
7.1. (रोग) जो छूत से फैलता या बढ़ता हो, छूतवाला, संक्रामक 2. जिसे किसी के संक्रमण के कारण से छूना निषिद्ध हो।

ऊपर से नीचे

1.1. महीने का अंत या समाप्ति 2. अमावस्या 3. सौर संक्रांति का दिन 4. माह का आख़िरी दिन।
2.1. किसी व्यक्ति तथा समूह का आर्थिक
3.1. जो आहत हो, घायल, जिसे चोट लगी हो, ज़ख़्मी 2. चोट करने वाला 3. चोटी या ऊपर का सबसे अच्छा 4. भड़कीला, ठाट-बाटवाला।
4. सेंध मारने की क्रिया, चोर आदि असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी या उत्पात के उद्देश्य से दीवार को तोड़कर छेद या सुरंग बनाना।



वर्ग पहेली -113 का हल

1 सा	■	■	2 अ	रे	■
3 म	नो	भा	व	■	4 उ
धे	■	■	गुं	■	घा
नी	■	■	ठ	■	र
■	5 मे	ह	न	6 ता	ना
■	■	■	■	री	■
7 सा	बु	न	■	फ़	■

सुडोकू -27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2			4	8			9
		5	9			8		6
	8		1			7		
2	1			3			8	
	7						9	
	9			6			4	2
		2			4		6	
4		8			5	2		
9			7	2			3	

सुडोकू -26 का हल

2	4	5	1	7	3	9	8	6
3	8	6	5	4	9	7	2	1
9	1	7	6	2	8	4	3	5
8	3	4	2	6	5	1	7	9
7	2	9	4	8	1	6	5	3
5	6	1	3	9	7	8	4	2
4	5	8	9	1	2	3	6	7
1	7	3	8	5	6	2	9	4
6	9	2	7	3	4	5	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 16 .27 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 10 .10 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज निर्माण कार्य में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक यात्राएं करनी पड़ सकती है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। व्यवसाय में धन उधार देने से बचें। नया काम शुरू करने में कठिनाई का अनुभव करेंगे।

वृष — आज बच्चों के करियर की चिंता हो सकती है। बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन — आज नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन बेहद शुभ है। परिस्थितियां आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी।

कर्क — आज आपका मन इधर-उधर की बातों में लगा रहेगा। लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी, किंतु आप अपने पुराने अनुभवों के आधार पर काम बना लेंगे।

सिंह — आज नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भर न रहें। आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। निकटस्थ लोगों को आपका व्यवहार व्यथित कर सकता है।

कन्या — आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आप कारोबारी उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

तुला — आज आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशंसा करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आप किसी पुरानी समस्या का हल ढूंढ़ लेंगे। आप काफी ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना उत्तम होगा। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है।

धनु — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। आपको विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

मकर — आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आएंगी। अनुसंधान संबंधित कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन आपके लिए काफी अच्छा है। संतान के व्यवहार से प्रसन्नता होगी।

कुंभ — आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। आपको अपनी उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं, वही आपको काफी परेशान कर सकता है।

मीन — आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ सकता है। घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्नता रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लश्कर — सुबह : 10 .34
- गुलाब गैंग — दोपहर : 03 .28
- थैंक गॉड — सुबह : 11 .20
- दिल चाहता है — रात : 08 .00

&pictures

SONY PIX
- वेनटेज प्वाइंट — सुबह : 09 .56
- वेनम — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- नवरत्न — सुबह : 08 .53
- जवान — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- दोस्ताना — सुबह : 09 .23
- स्टूडेंट ऑफ द ईयर — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दो महिलाएं बात कर रही थीं..
पहली बोली (चिंकी)- बहुत साल पहले एक बाबा ने कहा था कि भगवान तुझे इतना देगा कि संभाला नहीं जाएगा।
दूसरी महिला - तो क्या हुआ?
पहली महिला (चिंकी)- अब पता चला वो वजन की बात कर रहा था।

एक अक्षर गलत होने की वजह से एक किताब की 10 लाख कॉपियां दो दिन में ही बिक गईं। दरअसल ये गलती उस किताब के टाइटल में हो गई थी। किताब का नाम था -एक आइडिया जो आपकी लाइफ बदल दे।
और गलती से हो गया-एक आइडिया जो आपकी वाइफ बदल दे।

मैथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग-1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 830
रामपुर : शिवालिक-920 फ्लैग-1030 डीएमओ-820 बोल्ड-1095

मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 78 रुपये
मसूर : 60 से 68 रुपये
मलका : 62 से 68 रुपये
अरहर : 140 से 150 रुपये
उड़द : 100 से 110 रुपये
धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये
मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये
मूंग छिलका : 95 से105 रुपये
मूंग साबुत : 90से105 रुपये
चना देसी : 60से 70 रुपये
चना कावली : 90 से 130 रुपये
राजमा लाल : 130 से140 रुपये
राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये
लोबिया लाल : 90से 110 रुपये
लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5800 मसूरी : 4750 बासमती 9400 परमल 3700 **दाल दलहन :** काला चना 7500-7600 साबुत चना दाल 7000-7600 मूंग साबुत 10500 राजमा 11800-18000 दाल उड़द 10500-11400 साबुत मसूर दाल 7300 मसूर दाल 7500-8500 उड़द साबुत 12000 काबुली चना 12000-12700अरहर दाल 16500-17000 लोबिया/करमानी 8500-8700 सोयाबीन 4300 मूंगफली 11000-11500 मटर (सूखी) 5100-5300 मक्का 2000-3000

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत पायदान पर

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें सभी हितधारक

मुंबई, एजेंसी।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों से बृहस्पतिवार को कहा कि वे संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

दास ने कहा कि आरबीआई के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि गंभीर दबाव की स्थिति में भी बैंकों और गैर-बैंकों के 'बफर' न्यूनतम विनियामक पूंजी स्तर से ऊपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई साइबर खतरों, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के प्रति सतर्क है। दास ने सभी पक्षों से संचालन व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कामकाज की मजबूत व्यवस्था वित्तीय प्रणाली में हितधारकों की मजबूती का मूल है। रिपोर्ट कहती है कि यह लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव, बढ़े हुए सार्वजनिक ऋण और मुद्रास्फीति में गिरावट की धीमी रफ्तार से बढ़े हुए जोखिमों का सामना कर रही है।

कुल एनपीए कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2024 के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया है। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जून की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) जारी करते हुए कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च, 2024 के अंत में 0.6 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, जो वृहद-आर्थिक और वित्तीय स्थिरता से समर्थित है। सुधरे हुए बहीखाते के साथ बैंक एवं वित्तीय संस्थान निरंतर ऋण विस्तार के जरिये आर्थिक गतिविधि का समर्थन कर रहे हैं। मार्च के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी और जोखिम-भारित संपत्ति का अनुपात (सीआरएआर) और समान इक्विटी टियर 1 अनुपात 16.8 प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत रहा।

जरूरतों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे बैंक

एफएसआर रिपोर्ट के अनुसार ऋण जोखिम के लिए व्यापक तनाव संबंधी परीक्षणों से पता चलता है कि वाणिज्यिक बैंक न्यूनतम पूंजी जरूरतों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे। वित्त वर्ष के अंत में प्रणालीगत सीआरएआर बेसलाइन, मध्यम और गंभीर तनाव परिदृश्यों के तहत क्रमश : 16.1 प्रतिशत, 14.4 प्रतिशत और 13.0 प्रतिशत होने का अनुमान है। ये परिदृश्य काल्पनिक झटकों के तहत किए गए कठोर रुढ़िवादी आकलन हैं और परिणामों की व्याख्या पूर्वानुमान के तौर पर नहीं की जानी चाहिए। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि मार्च, 2024 के अंत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की सेहत स्वस्थ बनी हुई थी। उनका सीआरएआर 26.6 प्रतिशत, जीएनपीए अनुपात 4.0 प्रतिशत और परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) 3.3 प्रतिशत पर था।

आपूर्तिकर्ताओं को ग्राहकों से लेना होगा शपथ पत्र : सीबीआईसी

- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने क्रेडिट नोट के माध्यम से छूट देने वाले आपूर्तिकर्ताओं के लिए नियम में किया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी के तहत क्रेडिट नोट के माध्यम से बिक्री बाद छूट देने वाले आपूर्तिकर्ताओं के लिए नियम में बदलाव किया है। उन्हें अब यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहक शपथ पत्र या चार्टर्ड अकाउंटेंट का प्रमाण पत्र देकर यह बताएं कि छूट मूल्य पर प्राप्त आईटीसी लाभ को वापस कर दिया गया है। वर्तमान में, इस बात पर नजर रखने की कोई व्यवस्था नहीं है कि ऐसी छूट पर इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) वापस किया गया है या नहीं। आपूर्तिकर्ताओं के साथ-साथ कर अधिकारियों के लिए आईटीसी लाभ वापसी को सत्यापित करने के लिए सामान्य पोर्टल पर जब तक सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, तब तक आपूर्तिकर्ता, आपूर्ति प्राप्त करने वाले से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) या कॉस्ट अकाउंटेंट द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है। इसमें यह जिक्र होना चाहिए कि प्राप्तकर्ता ने आपूर्तिकर्ता की तरफ से जारी क्रेडिट नोट के संबंध में आनुपातिक आधार पर आईटीसी का लाभ वापस कर दिया है। ऐसे मामलों में, जहां एक वित्त वर्ष में टैक्स क्रेडिट नोट के माध्यम से प्राप्तकर्ता को आपूर्तिकर्ता द्वारा दी गई छूट में शामिल कर की राशि (सीजीएसटी एसजीएसटी आईजीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर) पांच लाख रुपये से अधिक नहीं है, तो उसे चार्टर्ड अकाउंटेंट या कॉस्ट अकाउंटेंट से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में आपूर्तिकर्ता को संबंधित प्राप्तकर्ता से केवल शपथपत्र लेने की जरूरत होगी। कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि परिपत्र पूर्व की तिथि से है। यह 2017 से इस मुद्दे पर सभी मांगों को प्रभावित कर रहा है। इस मामले को लेकर कानूनी विवाद में फंसे करदाता राहत के लिए इस स्पष्टीकरण का लाभ उठा सकते हैं।

सर्राफा

मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,450
चांदी आभूषण	88,800
कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	89400
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73150
गिन्नी (प्रति नग)	54500-54700

दाय्वू कंपनी ने बैटरी के साथ भारत में की वापसी

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया की वैश्विक स्तर पर काम कर रही कंपनी दाय्वू ने भारत में कारों, ट्रकों, ट्रैक्टरों और बसों के लिए अपनी उन्नत बैटरियां उतारने की घोषणा की है। पिछले पांच दशक से काम कर रही कंपनी अपने उत्पादों की विभिन्न श्रेणियों के साथ 110 देशों में मौजूद है। कंपनी भारत के वाहन बाजार में बैटरी के साथ वापसी कर रही है। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि लंबे समय तक काम करने में सक्षम और बेहद भरोसेमंद ये बैटरियां ऊबड़-खाबड़ इलाकों की दृष्टि से मजबूत कंपन प्रतिरोधी क्षमता और रखरखाव-मुक्त डिज़ाइन की विशेषता वाली हैं।

क्लाउड-आधारित फाइल साझा करने वाला, भंडारण मंच लाएगी सीआईपीएल

- सीआईपीएल को प्रदान की गई है 240 करोड़ रुपये की परियोजना

नई दिल्ली, एजेंसी।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समाधान प्रदाता कॉरपोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल) को सरकारी अधिकारियों के लिए क्लाउड-आधारित दस्तावेज़ साझा करने वाला और भंडारण मंच विकसित करने के लिए 240 करोड़ रुपये की परियोजना मिली है। सीआईपीएल ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि 'गोवड्राइव' परियोजना देशभर में लगभग 50 लाख सरकारी अधिकारियों को सेवा प्रदान करेगी। नोएडा स्थित कंपनी ने कहा कि वह 'गोवड्राइव-स्टोरेज एज ए सर्विस' परियोजना के तहत सुरक्षित एप्लिकेशन और प्रबंधित सेवाएं विकसित करेगी। यह मंच विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, वैधानिक निकायों और कई अन्य संगठनों को सेवाएं प्रदान करेगा। कंपनी ने कहा कि क्लाउड-आधारित मल्टी-टेनेंट मंच 'गोवड्राइव' सरकारी कर्मचारियों को अंतर-विभागीय और अंतर्विभागीय दोनों तरह के दस्तावेजों को सहजता से साझा करने में मदद करता है। सरकारी अधिकारियों को दस्तावेजों को संग्रहीत करने के लिए गोवड्राइव के तहत प्रत्येक को 10 जीबी निशुल्क संग्रहण प्रदान किया जाता है। इस मंच में फाइल तलाशने की उन्नत क्षमताएं, एन्क्रिप्शन, डाउनलोड और रीस्टोर विकल्प, तथा डेस्कटॉप, लैपटॉप, मोबाइल फोन और टैबलेट जैसे कई उपकरणों में दस्तावेजों के समन्वयन जैसी सुविधाएं होंगी।

गूगल इंडिया के खिलाफ शिकायत खारिज की

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल इंडिया के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया है, जिसमें कॉलर आईडी और स्पैम बचाव ऐप के बाजार में ट्रूकॉलर को लाभ पहुंचाने के लिए अपने प्रभुत्व का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। निष्पक्ष व्यापार नियामक ने शिकायत को खारिज करते हुए कहा कि उसे प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का कोई सबूत नहीं मिला है। आयोग ने कहा, ''हमें लगता है कि इस मामले में गूगल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार के प्रावधानों के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है।'' प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार किसी कंपनी के प्रभुत्व की स्थिति का दुरुपयोग करने से संबंधित है। यह फैसला रचना खैरा की तरफ से दायर शिकायत पर आया है जिसमें गूगल पर निजी संपर्क से संबंधित सूचना साझा करने के लिए ट्रूकॉलर को विशेष पहुंच प्रदान करने का आरोप लगाया गया था।

अल्ट्राटेक, इंडिया सीमेंट्स में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

- आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना
- एक अलग बैठक में 3.4 प्रतिशत शेयर खरीदने को मंजूरी दी गई

नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रमुख सीमेंट विनिर्माता अल्ट्राटेक सीमेंट ने चेन्नई स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड में 1,900 करोड़ रुपये से अधिक में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस सौदे के तहत अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट्स के 6,02,48,983 शेयर खरीदे हैं, जो कुल मिलाकर 19.44 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इसके लिए प्रति शेयर 267 रुपये का मूल्य तय किया गया है। 267 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर पहले लेनदेन का कुल मूल्य 1,608.64 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी की ओर दी गई जानकारी के अनुसार, निदेशक मंडल ने एक अलग बैठक में 285 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 3.4 प्रतिशत शेयर खरीदने को मंजूरी दे दी है। दूसरे लेनदेन का मूल्य 285 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 295 करोड़ रुपये है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जवान ने खुद को गोली मारी

बीजापुर। छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के रामपुरम इलाके में सीएएफ कैंप में बुधवार देर रात एक जवान ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर आला अधिकारी मौके पहुंचे और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला भोपालपट्टनम थाना अंतर्गत कैंप रामपुरम में 15वीं डी कंपनी में जवान पदस्थ है। जवान की हालात गंभीर है उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया है। जवान का नाम मनोज दिनकर ग्राम भोगांव जिला जांजगीर का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कंपनी के आलाअधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे हुए हैं। इस घटना की पुष्टि सहायक सेनानी 15वीं बटालियन बीजापुर डी.पी. बड़ा ने की है।

बिहार में एक और पुल गिरा, कोई हताहत नहीं

किशनगंज। बिहार में एक सप्ताह से अधिक समय में पुल ढ़हने की अपनी तरह की चौथी घटना में बृहस्पतिवार को किशनगंज जिले में एक और पुल गिर गया। किशनगंज के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि बहादुरगंज प्रखंड में स्थित यह पुल 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। उन्होंने कहा,'' यह पुल 2011 में कनकई नदी को महानंदा से जोड़ने वाली एक छोटी सहायक नदी मड़िया पर बनाया गया था। नेपाल में जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जल स्तर अचानक बढ़ गया है। पुल के खंभों में से एक तेज धारा का सामना नहीं कर सका।'' सिंगला ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की आवाजाही को रोकने के लिए पुल के दोनों छोर पर 'बैरिकेडिंग' (अवरोधक लगाना) की गई है।

माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

पाडेरु। प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के चार सदस्यों ने बृहस्पतिवार को अल्लूरी सीताराम राजू (एएसआर) जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। एएसआर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) तुहिन सिन्हा ने कहा कि टी साईराम, वी किरण, टी रमेश और के बाबूराव गलीकोंडा दलम (विंग) से संबंधित हैं। सिन्हा ने कहा, "आज, प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) पार्टी के गलीकोंडा दलम के चार मिलिशिया सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया।" उन्होंने बताया कि यह गुटों में नेतृत्व की कमी और समुदायों के बीच में माओवादियों के खिलाफ चलाए गए व्यापक जागरूकता अभियान के बाद संभव हुआ।

विधायकों ने विधानसभा में दिया धरना

राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनावों में निर्वाचित दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने को कहा था

कोलकाता, एजेंसी।

तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर जारी विवाद के कारण शपथ नहीं ले पाने के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में बृहस्पतिवार को धरना दिया। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इन दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने को कहा था जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। बारानगर से निर्वाचित विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और भगबानगोला से निर्वाचित हुए रायत हुसैन सरकार विधानसभा परिसर में बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के सामने बैठ गए और उन्होंने मांग की कि राज्यपाल बोस विधानसभा के अंदर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराकर उन्हें निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कर्तव्य का निर्वहन करने दें। राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनावों में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। हालांकि, उन्होंने यह कहते हुए आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया कि परंपरा के अनुसार उपचुनाव जीतने वाले उम्मीदवार के मामले में राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं। राज्यपाल ने विधानसभा में शपथ दिलाने से इनकार कर दिया और नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बंदोपाध्याय ने कहा कि हमने बुधवार को शाम चार बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का इंतजार किया लेकिन वह नहीं आए। आज हम आंबेडकर की प्रतिमा के सामने इस मांग के पक्ष में बैठे हैं कि लोगों के लिए काम करने का हमारा संवैधानिक अधिकार बिना किसी देरी के हमें दिया जाए। विधायकों का धरना अपराह्न साढ़े बारह बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक जारी रहा। बंदोपाध्याय ने कहा कि वह विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए फिर से राज्यपाल को पत्र लिखेंगी।

जानबूझकर मुद्दे को जटिल बनाने का लगाया आरोप

विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस गतिरोध को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्यपाल बोस पर शपथ ग्रहण समारोह को ''अहंकार की लड़ाई'' में बदलने और जानबूझकर मुद्दे को जटिल बनाने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस ने बुधवार रात को 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि संविधान उन्हें यह निर्णय लेने का अधिकार देता है कि विधायकों को शपथ दिलाने का काम किसे सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मुझे विधानसभा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराने में कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन अध्यक्ष के आपत्तिजनक पत्र के कारण राज्यपाल के पद की गरिमा को ठेस पहुंची, इसलिए यह विकल्प व्यवहार्य नहीं पाया गया।''

राज्यपाल को शपथ लेने से रोकने का अधिकार नहीं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा के उपचुनाव में निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों को शपथ दिलाने के स्थान को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को यह प्रकिया रोकने का कोई अधिकार नहीं है। बनर्जी ने कहा कि राजभवन से कई घटनाओं की खबर आने के बाद उन्हें महिलाओं से शिकायतें मिली हैं जिन्होंने दावा किया है कि वे वहां जाने में असुरक्षित महसूस करती हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय में कहा कि मेरे विधायकों सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार को निर्वाचित हुए एक करीब एक महीना हो गया है लेकिन अब तक वे शपथ नहीं ले पाए हैं। राज्यपाल उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। यह जनता है जिसने उन्हें चुना है, न कि राज्यपाल ने। वह शपथ लेने के उनके अधिकार से वंचित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, कि क्यों सभी को राजभवन जाना चाहिए? राज्यपाल (विधानसभा) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को अधिकृत कर सकते हैं या स्वयं विधानसभा आ सकते हैं। महिलाओं ने मुझे सूचित किया है कि राजभवन से आई खबरों के मद्देनजर वे वहां जाने से डरती हैं।

मंगलुरु में करंट लगने से दो ऑटो चालकों की गई जान

- भारी बारिश की चपेट में आने से अब तक छह लोग मारे गए

बेंगलुरु/मेंगलुरु, एजेंसी।

कर्नाटक के मंगलुरु जिले में बुधवार रात भारी वर्षा के बीच बिजली का तार टूटकर सड़क पर गिरने के बाद उसके संपर्क में आकर दो ऑटो चालकों की करंट लगने से मौत हो गयी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इसके साथ ही मंगलुरु में पिछले 24 घंटों में वर्षाजनित घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि मंगलूरु के पांदेश्वर इलाके में करंट लगने से जान गंवाने वालों की पहचान हसन जिले के अल्लूरु निवासी राजू गौड़ा (50) और दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर निवासी देवराज गौड़ा (46) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ऑटोरिक्शा चालक रोसारियो चर्च के पास किराए के एक कमरे में रहते थे। बुधवार रात करीब नौ बजे उनके घर के बाहर बिजली का तार टूटकर गिर गया। इस बीच राजू बाहर आया और गलती से बिजली के तार पर उसने पैर रख दिया। देवराज ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि कुट्टारू मदनीनगर गांव में बुधवार को एक घर पर पड़ोस के मकान की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मंगलवार रात हुई भारी बारिश के कारण दीवार ढह गई। एक अन्य घटना में भारी बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई, जिससे दो बच्चे उसके नीचे दब गए।

दिल्ली नगर निगम की बैठक में जल संकट पर भड़के पार्षद

दिल्ली में जल संकेट क सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते पार्षद।

- सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन के बीचोबीच आए पार्षद
- भाजपा पार्षद मिट्टी के घड़े लेकर पहुंचे, जय श्री राम के लगाए नारे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की निगम (एमसीडी) की बैठक में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर हंगामा हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस विधायकों ने जल संकट को लेकर विरोध जताया। सदन की कार्यवाही एक घंटे की देरी से पूर्वाह्न 11.55 बजे जैसे ही शुरू हुई विपक्षी पार्षद सदन के बीचोंबीच आ गए। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा पार्षद मिट्टी के घड़े लेकर पहुंचे और ''जय श्री राम'' और ''भारत माता की जय'' के नारे लगाए। नारेबाजी के बीच मेयर शेली ओबेरॉय ने कई प्रस्ताव पारित किये और सदन की कार्यवाही अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा चुनाव के बाद यह दिल्ली नगर निगम सदन की पहली बैठक थी। सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होनी थी, लेकिन नगर निगम अधिकारियों ने बिना कोई कारण बताए इसे 11:45 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया, जिससे भाजपा पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मेयर शेली ओबेरॉय के शामिल होने के बाद सदन की कार्यवाही आखिरकार पूर्वाह्न 11.55 बजे शुरू हुई। महापौर ने नवनिर्वाचित एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार का स्वागत किया।

महाराष्ट्र विस अध्यक्ष ने लोकसभा के लिए चुने गए विधायकों के इस्तीफे की घोषणा की

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए सात विधायकों के इस्तीफे की घोषणा बृहस्पतिवार को की। हाल में संपन्न आम चुनाव में कांग्रेस की प्रणीति शिंदे, प्रतिभा धानोरकर, बलवंत वानखेड़े और वर्षा गायकवाड़, शिवसेना के रवींद्र वायकर और संदीपन भूमरे तथा राकांपा(शरद पवार) के नीलेश लांके ने जीत हासिल की है। कांग्रेस के राजू परवे ने रामटेक संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले ही विधायक पद छोड़ दिया था। परवे हालांकि चुनाव हार गये थे।

कांग्रेस के राजू परवे ने पहले ही छोड़ दिया था पद

मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

इम्फाल, एजेंसी।

सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और विष्णुपुर जिलों के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों को अभियान के दौरान 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच .303 राइफल, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक बंदूक, विभिन्न प्रकार के बम और गोला-बारूद के अलावा चार वॉकी-टॉकी और दो रेडियो मिले। राज्य पुलिस ने कहा कि य बरामदगी पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान की गई। इम्फाल पूर्वी जिला घाटी क्षेत्र में है जबकि विष्णुपुर जिले का कुछ हिस्सा पहाड़ी क्षेत्र में है। पुलिस ने बताया कि विष्णुपुर जिले में हाई कैनाल के पास केइनौ मैनिंग में तलाशी अभियान के दौरान एक 'एसएमजी कार्बाइन', नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ ग्रेनेड, दो 'स्मोक बम' और विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद बरामद हुए। इम्फाल पूर्वी जिले के सनसाबी नतुम चिंग की पहाड़ी पर पांच. 303 राइफल, 12 बोर की दो बंदूकों सहित अन्य सामान बरामद किए गए।

ये मिले हथियार

- 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच .303 राइफल, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक बंदूक आदि मिले

फैशन डिजाइनर को धमकी मामले में प्राथमिकी दर्ज

वडोदरा, एजेंसी।

गुजरात के वडोदरा निवासी फैशन डिजाइनर अर्चना मकवाना को जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मकवाना 21 जून को पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर परिसर में योग करने को लेकर आपराधिक मुकदमे का सामना कर रही हैं। सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर मकवाना ने एक नया वीडियो बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को धार्मिक भावना आहत करने के मामले में दर्ज शिकायत वापस लेनी चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि मकवाना की शिकायत के आधार पर बुधवार की रात शहर के करेलीबाग पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (अज्ञात संचार माध्यम से आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस प्राथमिकी को 'संवेदनशील' मामले की श्रेणी में रखा है जिसकी जानकारी राज्य के गृह विभाग की वेबसाइट के माध्यम से आम लोगों को नहीं दी जा सकती। पुलिस उपायुक्त पन्ना मोमाया ने बताया, '' उन्होंने दावा किया कि स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन करते हुए उनकी तस्वीरें वायरल होने के बाद अज्ञात लोगों ने उन्हें ईमेल, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम के जरिए जान से मारने की धमकियां दीं। प्राथमिकी में किसी को नामजद नहीं किया गया है।

परिक्रमा पथ पर किया था योग

मकवाना 21 जून को स्वर्ण मंदिर गई थीं और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'परिक्रमा' पथ पर योग किया था। उनके स्वर्ण मंदिर में योग करने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। घटना के दो दिन बाद एसजीपीसी ने कथित तौर पर धार्मिक भावना आहत करने की शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर पंजाब पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। मकवाना ने इसके बाद वीडियो संदेश जारी कर माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावना को आहत करना नहीं था।

- स्वर्ण मंदिर में योग को लेकर कुछ लोगों ने फैशन डिजाइनर अर्चना मकवाना को बीते दिनों जान से मारने की धमकी दी थी

टीआरआईएचएमएस को एमबीबीएस सीट दुगनी करने को मिली अनुमति

नाहरलगुन। अरुणाचल प्रदेश के टोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज (टीआरआईएचएमएस) को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एमबीबीएस सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 करने की अनुमति मिल गई है। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम 2019 की संबंधित धाराओं के तहत संस्थान की ओर से प्रस्तुत आवेदन पर यह अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा की क्षमता को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। एनएमसी के चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) के सदस्य जीतूलाल रामप्रसाद मीणा ने जारी अनुमोदन पत्र में कहा है कि नयी क्षमता के तहत भर्ती हुए छात्रों के पहले बैच के अपनी अंतिम परीक्षा देने तक बढ़ी हुई सीटों की अनुमति वैध रहेगी। इसमें कहा गया कि इसके बाद संस्थान को एनएमसी अधिनियम के तहत योग्यता की मान्यता लेनी होगी।



अफगानिस्तान को हराकर द. अफ्रीका पहली बार पहुंचा फाइनल में

तारोबा, एजेंसी

अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा चोकर्स का ठप्पा हटाते हुए उसे नौ विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया। मार्को जेनसन ने 16 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने 7 रन देकर दो दो विकेट चटकाए। पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर 5 विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11.5 ओवर में आउट हो गई। क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले। रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन माक्ररम 23 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के सामने उनके बल्लेबाज टिक ही नहीं सके और टीम अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने तो कहर बरपाया ही, अफगानिस्तान के बल्लेबाज भी गलतियां करते चले गए।

सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को जेनसन ने आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर ललचाया और वह स्लिप में रीजा हेंडरिक्स को कैच दे बैठे। उनके जाते ही अफगानिस्तान बल्लेबाजी क्रम में हड़कम्प मच गया और जेनसन ने भीतर की ओर आती गेंद पर गुलबदिन नायब को आउट किया। इब्राहिम जदरान ने रबाडा की गेंद पर अपना पैर बिल्कुल भी नहीं हिलाया और गेंद सीधे लेग स्टम्प पर पड़ी। चौथे ओवर में तीन गेंद बाद मोहम्मद नबी इसी अंदाज में आउट हुए लेकिन इस बार आफ स्टम्प पर निशाना था।

नॉर्किया ने अजमतुल्लाह उमरजई को डीप में ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों लपकवाया। इस विश्व कप में अफगानिस्तान के लिये गुरबाज, जदरान और उमरजई ने सबसे ज्यादा रन बनाये हैं लेकिन इस अहम मुकाबले में तीनों मिलकर 12 रन ही बना सके। कप्तान राशिद खान ने कुछ अच्छे शॉट्स की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने नॉर्किया के सामने पूरा स्टम्प खुला छोड़ दिया और बोल्ड हो गए। लेग स्पिनर तबरेज शम्सी ने एक ही ओवर में करीम जनत और नूर अहमद के विकेट निकाले। उन्होंने छह रन देकर तीन विकेट लिये।

टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स ने एडेन मार्कराम को गले लगाया। ● एजेंसी

फाइनल मुश्किल, खेल पर ध्यानः मारक्रम

टरुबा। सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने कहा कि फाइनल अधिक मुश्किल है, हमें खेल पर ध्यान देना होगा। अफगानिस्तान को सेमीफाइनल में हराने के बाद मारक्रम ने कहा कि फाइनल में पहुंचने पर काफी खुश हूं। हालांकि यह केवल कप्तान की वजह से नहीं होता, इस सफलता के पीछे पूरी टीम का प्रयास है। वहीं अफगानिस्तान के कप्तान रशिद खान ने कहा कि एक टीम के तौर पर हमारे लिए यह मुश्किल रात है। हम अच्छा कर सकते थे लेकिन परिस्थितियां हमारे साथ नहीं थीं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आपको हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना होता है। तेज गेंदबाजो के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तेज गेंदबाजो ने हमें अच्छी शुरुआत दिलाई जिस वजह मुझे और अन्य स्पिनर्स को गेंदबाजी करने में आसानी हुई।

2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा भारत : मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि युवाओं को खेलों में भी आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे और भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है।

राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।

भारत ने दिया इंग्लैंड को 172 रनों का लक्ष्य

दूसरे सेमीफाइनल में कप्तान रोहित शर्मा ने 57 तो सूर्यकुमार यादव ने 47 रन की खेली शानदार पारी

गयाना, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा (57) और सूर्यकुमार यादव (47) की शानदार पारियों के दम पर भारत ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल के वर्षा बाधित मैच में इंग्लैंड को जीत के लिये 172 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। वहीं समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड की टीम 5.3 ओवर में 39 रन पर तीन विकेट गवांकर खेल रही थी। मैदान पर मोईन और ब्रूक खेल रहे थे।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाजी विराट कोहली(9) का विकेट खो दिया। इसके बाद ऋषभ पंत भी (4) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। टीम का स्कोर जब आठ ओवर में दो विकेट पर 65 रन था तो बारिश शुरु हो गई। बारिश के बाद कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया। 14वें ओवर में आदिल रशीद ने रोहित शर्मा को आउट कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। रोहित ने 39 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुये (57) रनों की पारी खेली। इसके बाद 16वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने सूर्यकुमार यादव को क्रिस जॉर्डन के हाथों कैच आउट करा दिया। सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये (47) रन बनाये। हार्दिक पांड्या ने 13 गेंदों में (23), अक्षर पटेल छह गेंदों में (10) रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे शून्य पर आउट हुये। रवींद्र जडेजा नौ गेंदों में (17) और अर्शदीप सिंह (1) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन को तीन विकेट मिले। रीस टॉप्ली, जोफ्रा आर्चर, सैम करन और आदिल रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

गुयाना नेशनल स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल क्रिकेट मैच के दौरान कप्तान रोहित शर्मा के साथ सूर्यकुमार यादव।

स्कोर बोर्ड

भारत	171/7 (20 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
ररोहित शर्मा बो रशीद	57	39	6/2
विराट कोहली बो टॉप्ले	09	09	0/1
ऋषभ पंत का बेयरस्टो बो करन	04	06	0/0
सूर्यकुमार यादव का जोर्डन बो आर्चर	47	36	4/2
हार्दिक पंड्या का करण बो जोर्डन	23	13	1/2
रविंद्र जडेजा नाबाद	17	09	2/0
शिवम दुबे का बटलर बो जोर्डन	00	01	0/0
अक्षर पटेल का सॉल्ट बो जोर्डन	10	06	0/1
अर्शदीप सिंह नाबाद	01	01	0/0

अतिरिक्त -03 रन, **विकेट पतन :** 1-19, 2-40, 3-113, 4-124, 5-146, 6-146, 7-170

गेंदबाज : रीस टॉप्ले 3-0-25-1, जोफ्रा आर्चर 4-0-33-1, सैम करन 2-0-25-1, आदिल रशीद 4-0-25-1, क्रिस जोर्डन 3-0-37-3, लियाम लिविंगस्टोन 4-0-24-0

जॉर्डन हैट्रिक से चूके

इंग्लैंड के गेंदबाज जॉर्डन ने 18वें ओवर में भारत के 146 रन के स्कोर पर दो विकेट लिए। क्रिस जॉर्डन इस ओवर में तीसरे विकेट की तलाश में थे। उनके ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर हार्दिक पांड्या ने लगातार दो छक्के जड़े। इसके बाद तीसरी गेंद पर भी छक्का लगाने के प्रयास में हार्दिक अपना कैच देकर पवेलियन की ओर लौट गए। उन्होंने 13 गेंद में 23 रन बनाए। अगली ही गेंद पर शिवम दुबे को जॉर्डन ने विकेटकीपर बटलर के हाथों कैच करा दिया। वह गोल्डन डक का शिकार हुए। फिलहाल अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा क्रीज पर हैं। 18 ओवर के बाद भारत का स्कोर छह विकेट पर 147 रन है।

खेल डायरी

गार्बाइन डब्ल्यूटीए फाइनल्स की नई टूर्नामेंट निदेशक

रियाद। हाल ही में टेनिस को अलविदा कहने वाली दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन गार्बाइन मुगुरूजा सउदी अरब में 2024 .26 में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स की टूर्नामेंट निदेशक होंगी। मुगुरूजा पहली पूर्व खिलाड़ी है जो सत्र की आखिरी चैम्पियनशिप में यह पद संभालेंगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ियों और शीर्ष आठ महिला युगल टीमों के बीच होने वाला यह एलीट टूर्नामेंट पहली बार इस साल सउदी अरब में दो से नौ नवंबर के बीच होगा। मुगुरूजा ने टूर पर आखिरी बार जनवरी 2023 में खेला था।

एशियाई जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में भारतीय

इस्लामाबाद। भारत के शिवेन अग्रवाल, आद्या बुधिया और गौशिका एम ने गुरुवार को 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अपने आयु वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे वरीय अग्रवाल ने लड़कों के अंडर-15 क्वार्टर फाइनल में अब्दुल अहद बट को 11-4, 11-7, 11-5 से हराया। लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में आद्या ने महनूर अली (पाकिस्तान) को 11-4, 11-8, 6-11, 11-6 और गौशिका ने मकेला लिन कैसिडी (हांगकांग) को 11-8, 11-9, 11-8 से पराजित किया।

400 मीटर में ओलंपिक कोटा किरण ने पाया

पंचकुला। हरियाणा की किरण पहल ने गुरुवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में 50 .92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाइंग मार्क 50 .95 सेकंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रही। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं।

प्रियांशु राजावत, मालविका बंसोड़ यूएस ओपन के दूसरे दौर में

टेक्सास। भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत और मालविका बंसोड़ यूएस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट की पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं के दूसरे दौर में पहुंच गए। फोर्ट वर्थ कन्वेंशन सेंटर में 38 मिनट चले मुकाबले मे प्रियांशु ने राउंड ऑफ 32 में चेक गणराज्य के जान लौउदा को हराया। दूसरे दौर में प्रियांशु का सामना के चीनी ताइपे के हुआंग यू काई से होगा। वहीं महिला एकल में मालविका बंसोड़ ने एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को हराया। दूसरे दौर में उनका मुकाबला विश्व की 65वें नंबर की खिलाड़ी चेकिया की टेरेज़ा स्वाबिकोवा से होगा। आयुष शेट्टी पुरुष एकल में मलेशिया के जिया हेंग जेसन तेह से हार गए।

महिला टेस्ट मैच में युवाओं पर होगी नजर

चेन्नई, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल पांच खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका मिल सकता है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी। भारत ने इस मैच से पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था और उसकी टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। उमा छेत्री, प्रिया पूनिया, सायका इशाक, अरुंधति रेड्डी और शबनम शकील को पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारत ने पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेला था। उसने इन दोनों में जीत दर्ज की थी। भारत ने अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच 2014 में मैसूर में खेला था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला विभिन्न भारतीय परिस्थितियों में ढलने का अच्छा मौका : हरमनप्रीत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अगले साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला विभिन्न घरेलू परिस्थितियों से अवगत होने का अच्छा मौका है। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इन दोनों टीम के बीच एकमात्र टेस्ट मैच शुक्रवार से शुरू होगा जिसके बाद तीन मैच टी-20 होंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि यह हमारे लिए विभिन्न घरेलू परिस्थितियों में ढलने का बेहतरीन मौका है। हमें घरेलू परिस्थितियों में खेलने का अधिक अनुभव नहीं है और इस श्रृंखला से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

लौरा ने महिलाओं के क्रिकेट कैलेंडर में और टेस्ट की मांग की

दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले महिला क्रिकेट कैलेंडर में और अधिक टेस्ट मैच शामिल करने की मांग की। लौरा ने साथ ही अपने देश के घरेलू ढांचे में भी लाल गेंद वाले टूर्नामेंट को शामिल करने की मांग की। भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम यहां चेपक में इतिहास के अपने तीसरे और लगभग 10 वर्ष में पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी। लौरा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम इस टेस्ट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है। पिछले सत्र में भारत में लाल गेंद की प्रतियोगिता फिर से शुरू हुई थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका में इस तरह का कोई टूर्नामेंट नहीं है।

जीत के लिए हर खिलाड़ी को देना होगा योगदान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने गुरुवार को कहा कि व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि क्या रोहित शर्मा की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप जीतकर अपने एक दशक से अधिक समय से वैश्विक ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर पाएगी या नहीं।

कपिल ने कहा कि हम केवल रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या या कुलदीप यादव के बारे में ही क्यों बात करें? हर किसी को भूमिका निभानी है। उनका काम टूर्नामेंट जीतना है। एक मैच जीतने के लिए किसी एक खिलाड़ी का प्रदर्शन मायने रख सकता है लेकिन एक टूर्नामेंट जीतने के लिए सभी को एकजुटता के साथ काम करना होगा। अगर हम बुमराह या अर्शदीप पर ही निर्भर रहेंगे, तो हमारे लिए जीत दर्ज करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हमें टीम के बारे में बात करनी चाहिये। यह आपको किसी एक खिलाड़ी के बजाय बेहतर परिप्रेक्ष्य देता है। हो सकता कि कोई मुख्य खिलाड़ी हो लेकिन विश्व कप जीतने के लिए हर किसी को योगदान देना होगा। 1983 विश्व कप विजेता टीम में वह प्रदर्शन करने वाले अकेले खिलाड़ी नहीं थे। रोजर बिन्नी, मोहिंदर अमरनाथ, कीर्ति आजाद, यशपाल शर्मा सभी ने मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया था।

बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल

भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाये तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाये हैं। कपिल ने कहा, ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। बुमराह को इस समय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाये हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं। भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की।

स्लोवाकिया और रोमानिया का मुकाबला ड्रॉ, दोनों टीमें अंतिम 16 में

फ्रैंकफर्ट। रोमानिया ने स्लोवाकिया से 1-1 से ड्रॉ खेला और दोनों टीमों ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण में जगह बना ली। रोमानिया ग्रुप ई में बेहतर गोल औसत के आधार पर बेल्जियम से ऊपर शीर्ष पर रहा। स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रही। स्लोवाकिया के लिये 24वें मिनट में ओंडरेज डुडा ने हेडर पर गोल किया। वहीं रोमानिया के लिये रजवान मारिन ने 37वें मिनट में बराबरी का गोल किया। रोमानिया वर्ष 2000 के बाद पहली बार यूरो नॉकआउट में खेलेगा जहां उसका सामना नीदरलैंड से होगा। बेल्जियम की टक्कर फ्रांस से और इंग्लैंड का सामना स्लोवाकिया से होगा।

जॉर्जिया ने रोनाल्डो के पुर्तगाल को 2-0 से हराया

गेलसेनकिरचेन (जर्मनी), एजेंसी। मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया। रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिये यह मैच हर हालत में जीतना था। उसने 93वें सेकंड में बढत बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउतात्जे ने दागा।

जीत के बाद खुशी मनाते जॉर्जिया के खिलाड़ी। ● एजेंसी

गोलरहित ड्रॉ के बाद बेल्जियम अंतिम 16 में

स्टटगार्ट (जर्मनी)। बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई। बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ में अंतिम 16 के मुकाबले में फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा। ग्रुप ई में सभी टीमों के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा। रोमानिया और स्लोवाकिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

मैक्सिको को 1-0 हराकर वेनेजुएला क्वार्टर फाइनल में

इंगलवुड (अमेरिका), एजेंसी

वेनेजुएला ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मैक्सिको को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। मैच का एकमात्र गोल 57वें मिनट में सालोमोन रोन्डोन ने पेनल्टी किक पर किया। इस हार से मैक्सिको पर पहले दौर से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेनेजुएला ने अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया था और उसका ग्रुप बी में शीर्ष दो टीम में रहना तय है। वह अपना आखिरी मैच रविवार को जमैका के खिलाफ खेलेगा। जमैका की टीम पहले ही नॉकआउट चरण की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मैक्सिको ने जमैका पर 1-0 की जीत के साथ शुरुआत की थी। उसके भी इक्वाडोर के बराबर तीन अंक हैं। इक्वाडोर ने बुधवार को खेले गए एक अन्य मैच में जमैका को 3-1 से हराया। मैक्सिको अपना अंतिम मैच रविवार को इक्वाडोर से खेलेगा और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उसे इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

जज्बा

नई दिल्ली में भारी बारिश के बीच थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से भारतीय सेना डी5 के मोटरसाइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संजना की लघु कथा ऐश्वर्या राय ने जीता कॉमनवेल्थ पुरस्कार

लंदन, एजेंसी

- मुंबई की रहने वाली 26 वर्षीय लेखिका ने दुनियाभर के 7,359 प्रतियोगियों को पछाड़ा

मुंबई की रहने वाली 26 वर्षीय लेखिका संजना ठाकुर ने दुनियाभर के 7,359 अन्य प्रतियोगियों को पछाड़कर कॉमनवेल्थ लघु कथा पुरस्कार 2024 अपने नाम किया। उन्हें बृहस्पतिवार को लंदन में पांच हजार पौंड राशि के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संजना की कहानी का शीर्षक एश्वर्या राय बॉलीवुड की एक प्रसिद्ध अभिनेत्री के नाम पर है, जो कहानी गढ़ने की पारंपरिक कल्पना से बिल्कुल परे है। साहित्य पत्रिका ग्रांता ने 2024 कॉमनवेल्थ लघु कथा पुरस्कार जीतने वाली सभी क्षेत्रीय कहानियों

को प्रकाशित किया है। संजना ने कहा मैं बता नहीं सकती कि इस अद्भुत पुरस्कार को जीतकर कितना सम्मानित महसूस कर रही हूं।

पन्नू मामले में भारत की जांच का इंतजार

वाशिंगटन, एजेंसी।

अमेरिका ने कहा है कि वह अपने देश में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों की भारत की जांच के नतीजों का इंतजार में है।

पिछले साल नवंबर में, अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। आतंकवाद के आरोपों में भारत में

- सिख अलगाववादी की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने है आरोप

वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को पिछले साल जून में चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को प्रत्यर्पित कर अमेरिका लाया गया था। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा भारत ने हत्या की कथित साजिश पर अमेरिका द्वारा उपलब्ध करायी सूचनाओं की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है। हम उन सदस्यों को निजी रूप से जवाब देंगे जैसा कि हम हमेशा करते हैं। मैं उसके बारे में यहां नहीं बोलूंगा। जब पहली बार यह मुद्दा उठा था तो हमने स्पष्ट किया था कि हमने इसे भारत सरकार के समक्ष उठाया है।

भारतीय चुनाव एक असाधारण उपलब्धि

भारत में लोकसभा चुनाव पर एक अन्य सवाल पर मिलर ने कहा जहां तक भारतीय चुनाव का सवाल है तो हमारा अमेरिकी सरकार की ओर से बिल्कुल स्पष्ट रुख है कि हम विश्व के इतिहास में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद की सराहना करते हैं। मिलर ने कहा यह एक असाधारण उपलब्धि है और जब चुनाव के नतीजों की बात आती है तो हम जाहिर तौर पर किसी का पक्ष नहीं लेते। इसका फैसला भारत की जनता को करना होता है।

एक नजर

उत्तरी कोलंबिया में विमान दुर्घटना में दो की मौत

बोगोटा। उत्तरी कोलंबिया के अटलांटिको में एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अटलांटिको पुलिस के प्रमुख कर्नल जॉन यूरिया का हवाला देते हुए बताया कि सैन जुआन डे एकोस्टा के ग्रामीण इलाके में पुलिस अधिकारी और अग्निशामक पीड़ितों के शवों को निकालने का काम कर रहे हैं। घटनास्थल पर पहले क्षेत्र के निवासी पहुंचे जिन्होंने एकल आपातकालीन हॉटलाइन के माध्यम से हमें सूचित किया।

पोर्ट ब्लेयर में नौका में आग लगी, कोई हताहत नहीं

पोर्ट ब्लेयर। फीनिक्स खाड़ी में मरीन डॉकयार्ड में मरम्मत के काम में लगी एक नौका में गुरुवार को आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि एमवी पिलोभाबी में लगी आग को बुझाने के लिए दमकल के छह वाहनों को काम पर लगाया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के अधिकारी मंजीत श्योरन ने कहा हमें दोपहर करीब 12 .40 बजे घटना के बारे में सूचना मिली। हमारे कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और 15 मिनट में हालात पर काबू पा लिया।

नेपाल में मानसून संबंधी घटनाओं में 28 की मौत

काठमांडू। नेपाल में दक्षिण पश्चिमी मानसून के आगमन से लेकर गुरुवार तक मौसम संबंधी घटनाओं के कारण कम से कम 28 लोगों की मौत हो चुकी है और देश भूस्खलन, बाढ़ व आकाशीय बिजली गिरने से प्रभावित हुआ है। मानसून ने 10 जून को नेपाल के पूर्वी हिस्सों में दस्तक दी थी और तब से देश में कई प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं।

बम विस्फोट से इजरायली सैनिक की मौत, 16 घायल

यरूशलम। उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में गुरुवार को एक छापे के दौरान सड़क किनारे बम विस्फोट से एक इजरायली सैनिक की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा ने बताया कि इजराइली सेना ने जेनिन में एक फार्मेसी और निजी घरों पर छापे मारे, जिसमें एक फिलिस्तीनी युवक घायल हो गया।

सुनक ने सट्टेबाजी प्रकरण पर दी सफाई

ब्रिटेन में सुनक-स्टार्मर के बीच हुई अंतिम चुनावी बहस, 4 जुलाई को होंगे आम चुनाव

लंदन, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने विपक्षी से पूछा- तालिबान से डील कर पाओगे
- ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान चरम पर

ब्रिटेन में 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को प्रचार अभियान अंतिम सप्ताह में प्रवेश कर गया है। इससे पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर के बीच बुधवार रात अहम टीवी डिबेट हुई। इस डिबेट के दौरान काफी गहमागहमी देखने को मिली। दोनों नेताओं ने एक दूसरे के ऊपर पर्सनल अटैक भी किया।

एक हालिया सर्वे में ऋषि सुनक, स्टार्मर से 20 अंको से पीछे चल रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के पास अपने विपक्षी उम्मीदवार पर बढ़त बनाने का आखिरी मौका था। रिपोर्ट के मुताबिक इस बहस में सुनक, विपक्षी नेता स्टार्मर पर हावी दिखे। 75 मिनट की इस बहस में सुनक ने अपने प्रतिद्वंदी स्टार्मर हावी दिखे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि वह आम चुनाव की तारीख को लेकर अपनी कंजरवेटिव पार्टी के कुछ उम्मीदवारों के सट्टा लगाने से जुड़े मामले पर आक्रोशित हैं। सुनक ने अपने भाषण में बताया कि देश की इकोनॉमी ठीक करने के लिए उनके अलावा और कोई बेहतर च्वाइस नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी नेता स्टार्मर सिर्फ बदलाव की बात करते हैं मगर उनके पास इसके लिए कोई प्लान ही नहीं है। सिर्फ बदलाव की बात कहने से बदलाव नहीं आता है। वह टैक्स और वेलफेयर को कम करेंगे ताकि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले और उनकी बचत हो। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि इमीग्रेश, टैक्स और महिला अधिकारों जैसे मुद्दे पर देश के साथ खड़े होने की जरूरत है।

अपने प्रतिद्वंदी से डिबेट करते ऋषि सुनक।

बहस में सुनक अपने विरोधी से काफी आगे रहे

यूगोव पोल के मुताबिक इस बहस में दोनों ही उम्मीदवारों ने बराबर 50 फीसदी प्वांइट हासिल किए। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में विश्लेषकों ने ये दावा किया कि सुनक अपने विरोधी से काफी आगे रहे। बेस्ट फॉर ब्रिटेन एनालिसिस ने अपने चुनाव सर्वे में दावा किया है कि संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार झेलनी पड़ेगी। इसमें कहा गया है कि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को कम से कम 250 सीटों का नुकसान होगा।

ब्रिटेन में अवैध प्रवासन एक बड़ा मुद्दा बन चुका

ब्रिटेन में अवैध प्रवासन एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। इसे कम करने को लेकर लेबर नेता स्टार्मर ने कहा कि वे प्रवासियों को उनके देश (ईरान, सीरिया, अफगानिस्तान) वापस भेज देंगे। उनके इस बयान पर सुनक ने उन्हें तुरंत घेर लिया। सुनक ने कहा क्या स्टार्मर ईरान में खामेनई के साथ बैठक करेंगे? क्या वे तालिबान के साथ इससे जुड़ी डील कर पाएंगे? ये सिर्फ बकवास बातें हैं। आप जनता को मूर्ख समझना बंद कर दीजिए। सुनक ने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद जुलाई में ही अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजना शुरू किया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे देश की सुरक्षा को लेबर पार्टी के आगे गिरवी न रखें।

समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी पूर्व सैन्यकर्मियों को बाइडन ने किया माफ

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी हजारों पूर्व सैन्यकर्मियों को बुधवार को माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि वह एक ऐतिहासिक गलती को सुधार रहे हैं। बाइडन के इस कदम से उन सैनिकों को क्षमा मिली है, जिन्हें यूनिफॉर्म कोड ऑफ मिलिट्री जस्टिस के पूर्व अनुच्छेद 125 के तहत दोषी ठहराया गया था, जिसमें समलैंगिकता को अपराध माना जाता था। हालांकि अब इस कानून को निरस्त कर दिया गया है।

अमेरिकी सेना में यह कानून 1951 में क्रियान्वित किया गया, साल 2013 में इसमें दोबारा संशोधन किया गया और इसमें केवल बलपूर्वक कृत्य पर रोक लगाई गई। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा इन सैन्यकर्मियों को माफ किए जाने से अब वे यह सबूत पाने की अर्जी दाखिल कर सकेंगे कि उनकी दोषसिद्धि समाप्त कर दी गई है साथ ही वे वेतन तथा अन्य लाभ पाने के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। बाइडन ने एक बयान में कहा आज मैं अपने क्षमादान अधिकार का उपयोग करके कई पूर्व सैन्यकर्मियों को क्षमा करके एक ऐतिहासिक गलती को सुधार रहा हूं, जिन्हें केवल इसलिए दोषी ठहराया गया कि वे ऐसे हैं।

संरा की बैठक में महिला अधिकार का उठेगा मुद्दा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अफगानिस्तान की किसी भी महिला प्रतिनिधि को शामिल न किए जाने की तीखी आलोचना

संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक प्रमुख ने अफगानिस्तान के तालिबान शासकों और लगभग 25 देशों के दूतों के बीच होने वाली पहली बैठक में अफगानिस्तान की किसी भी महिला प्रतिनिधि को शामिल न किए जाने की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम बैठक के प्रत्येक सत्र में महिला अधिकारों का मुद्दा उठाएंगे।

संयुक्त राष्ट्र की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो ने कहा कि रविवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय बैठक एक प्रारंभिक प्रयास है, जिसका उद्देश्य तालिबान को अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से रहने, अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और मानवाधिकारों का पालन करने के लक्ष्य पर जोर देना है। कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के दूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र की यह तीसरी बैठक है, हालांकि पहली बार तालिबान इस बैठक में शामिल होगा। उन्हें पहली बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था और दूसरी बैठक में उन्होंने शामिल होने से इनकार कर दिया था। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में होने वाली इस बैठक में यूरोपीय संघ, इस्लामिक सहयोग संगठन, अमेरिका, रूस, चीन व अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों के दूत शामिल होंगे।

तालिबान को सरकार के तौर पर मान्यता देना असंभव

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता देना असंभव है क्योंकि वहां महिलाओं के पढ़ने और नौकरी करने पर प्रतिबंध है और वह पुरुषों के बिना बाहर नहीं जा सकती हैं। डिकार्लो ने जब मई में काबुल में तालिबान के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय चार बातों को लेकर चिंतित है, जिसमें समावेशी सरकार का अभाव व अन्य मुद्दे शामिल है।

नमूने की जांच के लिए चीन ने वैज्ञानिकों को किया आमंत्रित

बैंकॉक, एजेंसी

- अभियान में फ्रांस, पाकिस्तान, इटली ने चीन के साथ मिलकर काम किया

चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ।

अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है। उन्होंने कहा अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष सहयोग शुरू



करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। चीन हालांकि अन्य देशों के वैज्ञानिकों के साथ फिर भी सहयोग कर सकता है। चांग ई-6 अभियान में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, फ्रांस, इटली और पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर काम किया है।

बोलीविया में सैन्य तख्तापलट की कोशिश नाकाम

लापाज। बोलीविया की राजधानी में गुरुवार को सेना के एक शीर्ष जनरल के नेतृत्व में सैनिकों ने राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया और फिर तुरंत पीछे हट गए। इस पूरे घटनाक्रम को देश में सैन्य तख्तापलट की नाकाम कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

राजधानी में कुछ समय के लिए फैली अशांति के बाद धीरे-धीरे शांति लौट रही है। इस घटना के कारण लंबे समय से संकटग्रस्त दक्षिण अमेरिकी देश में अराजकता फैलने का खतरा पैदा हो गया था। बुधवार को 1.20 करोड़ की आबादी वाला राष्ट्र हैरत और हैरानी में था, जब बख्तरबंद वाहनों के सेना के काफिले ने राष्ट्रपति लुइस एर्से की सरकार को हटाकर तख्तापलट करने की कोशिश की। सेना ने राजधानी के प्रमुख चौराहे पर बख्तरबंद वाहनों के दम पर नियंत्रण कर लिया, राष्ट्रपति भवन पर टैंक से हमला कर दिया तथा सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े।

अमरनाथ के लिए आज रवाना होगा पहला जत्था, सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से रवाना होगा। श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को सुबह यात्री निवास से रवाना किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुचारू यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है।

जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यात्रा के लिए यात्री निवास में आने वाले तीर्थयात्रियों को सभी सुविधाएं और सेवाएं निर्बाध रूप से प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष के कामकाज की निगरानी करने तथा आवश्यक सेवाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जबकि परिवहन अधिकारियों को यात्रियों की जानकारी के लिए निजी टैक्सियों तथा तिपहिया वाहनों की दरों का व्यापक प्रचार करने को कहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल, प्रशासन और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की है।

जम्मू रेलवे स्टेशन पर अमरनाथ जाने के लिए उमड़ा जत्था। ● एजेंसी

यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध की घोषणा की

अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने गुरुवार को यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध की घोषणा की। यातायात पुलिस की सलाह पर प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ये प्रतिबंध 28 जून से 19 अगस्त के बीच लागू रहेंगे। पर्यटकों और यात्रियों सहित आम लोगों से अनावश्यक असुविधा से बचने के लिए निर्देशों का सख्ती से पालन करने तथा अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाने का आग्रह किया है।

धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरती भाषणों में वृद्धि चिंताजनक

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट जारी करने के मौके पर ब्लिंकन ने कहा कि दुनियाभर में लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने 2023 में भारत के अपने समकक्षों के साथ धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दों के बारे में लगातार चिंताएं व्यक्त कीं।

भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 28 में से 10 राज्यों में सभी धर्मों के धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं। इनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं।

बॉलीवुड हलचल

तीन वीडियो के साथ, कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 कैंपेन पेश

मुंबई। तीन आकर्षक वीडियो के साथ, कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 ने विचारोत्तेजक कैंपेन पेश किया, जिंदगी है....हर मोड़ पर सवाल पूछेगी। जवाब तो देना होगा। देश भर में लाखों दिलों को जीतने वाला और परिवारों को एकजुट करने वाला शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) अपने बहुप्रतीक्षित 16वें सीजन के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर वापस आने वाला है, जिसकी मेजबानी महान अमिताभ बच्चन कर रहे हैं। चैनल ने जीवन की गहरी सच्चाई पर चिंतन करते हुए और अमिताभ बच्चन के प्रसिद्ध मध्यम आवाज में वर्णित, अपने विचारोत्तेजक कैम्पेन के नैरेटिव के साथ तीन आकर्षक वीडियो लॉन्च किए हैं। यह दमदार विचार इस अनुभव से उत्पन्न होता है कि हमारे जीवन के कुछ महत्वपूर्ण मोड़ों पर, हमें ऐसे हालातों का सामना करना पड़ता है जो हमें चुनौती देते हैं, और ऐसे समय पर उनके प्रति हमारी प्रतिक्रिया ही नए रास्ते खोलती है।

अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज हो गया है। गाना अक्षय कुमार और राधिका मदान पर फिल्माया सोलफुल ट्रैक है। सुहित अभ्यंकर, सागर भाटिया और नीति मोहन की शानदार तिकड़ी द्वारा गाया गया और सुहित अभ्यंकर द्वारा रचित, खुदाया फिल्मों में कव्वाली की एक शानदार वापसी है। नीति मोहन ने कहा कि खुदाया गाना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से बहुत ही खास अनुभव रहा है। गाने के शानदार बोल और मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन वास्तव में स्थायी प्रेम के सार को दर्शाता है। मैं बेहद उत्साहित हूं की इस कव्वाली में डाली गई भावनाओं को लोग निश्चित रूप से महसूस करेंगे।

फिल्म सौतन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 29 जून को

मुंबई। सुपर स्टार विक्रांत सिंह राजपूत, रितु सिंह, संचिता बनर्जी और देव सिंह की फिल्म सौतन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 29 जून को भोजपुरी सिनेमा पर होगा। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं जबकि निर्देशक अजय कुमार झा हैं। प्रसारण भोजपुरी सिनेमा पर संध्या छह बजे से 29 जून को होगा। इस फिल्म को दंगल एप पर भी देखा जा सकता है। निर्माता प्रदीप कुमार ने कहा कि सौतन एक ऐसी कहानी है जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ देगी।

खगोल विज्ञान यह खोज डार्क एनर्जी की ऊर्जा का रहस्य उजागर करने में मददगार हो सकती है

ब्रह्मांड में आश्चर्यजनक ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार ब्रह्मांड में पहली बार एक ऐसे ब्लैक होल का पता चला है, जिसका व्यवहार भौतिक नियमों के विपरित है। इस खोज से वैज्ञानिक आश्चर्यचकित हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज डार्क एनर्जी की ऊर्जा का रहस्य उजागर करने में मददगार साबित हो सकती है।

न्यू हेवन विश्वविद्यालय के निकोडेम पोपलावस्की के अनुसार इस ब्लैक होल में पदार्थ का दबाव और अंतरिक्ष समय की वक्रता एक क्षितिज पर अनंत है। जिसका तात्पर्य है कि यह अभौतिक है। दरअसल ब्लैक होल एक दिलचस्प विषय है। जिसे आसानी से समझा जा सकता है। द्रव्यमान का गुण, विद्युत आवेश और कोणीय गति यानी स्पिन, जो इसकी सादगी का प्रतीक माना जाता है। इसका व्यवहार क्षितिज के अंदर पहुचने वाली कोई भी वस्तु ब्लैक होल से बच नहीं सकती है।

ब्लैक होल की भविष्यवाणी 1916 में कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने की थी। तभी से इसे समझने का प्रयास किया जा रहा है और कुछ नतीजे ऐसे भी सामने आए हैं, जो हैरान कर देते हैं। नई खोज में ब्लैक होल के केंद्र में एक स्पष्ट विलक्षणता पाई गई है, साथ ही असीमित घनत्व का भी पता चलता है, जो आइंस्टीन के गुरुत्वाकर्षण के नियम की विपरित हैं। इस ब्लैक होल को 2019 देखा गया था। यह एक काला धब्बा नजर आता है। इसके चारों ओर प्रकाश का प्रभामंडल है। यह ब्लैक होल पृथ्वी से 55 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर है। आकाशगंगा मेसियर 87 के केंद्र में यह मौजूद है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षितिज पर एकमात्र ऊर्जा डार्क एनर्जी है। जिस कारण इसके व्यवहार में तब्दीली आई है।

घेरे में मौजूद आश्चर्यजनक ब्लैक होल की तस्वीर। ● अमृत विचार

तेजी से विस्तार हो रहा है ब्रह्मांड का

नैनीताल। ब्रह्मांड का तेजी से विस्तार हो रहा है। जिस कारण चीजों में भी बदलाव आ रहा है। जिसके चलते संभव है कि भविष्य में कई अन्य परिवर्तन देखने को मिले। इसलिये हम जो सोचते हैं या कल्पना करते हैं, वह भविष्य में अलग या गलत भी साबित हो सकता है।